नई दिल्ली से प्रकाशित राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

जन-जन की आवाज

# द न्यूज फिफ्टीन

RNI NO.- DELHIN/2023/86360 www.thenews15.in



वर्ष :02 | अंक : 173 | नई दिल्ली, शनिवार 21 सितम्बर 2024 | मूल्य : 05 | पृष्ठ-12 | ऐश्वर्या राय को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड पेज-12

## एक नजर

### रेल मंत्री ने भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव टूरिस्ट ट्रेन को दिखाई हरी झंडी

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शुक्रवार को दिल्ली के हजरत निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन से भारत-नेपाल यात्रा के लिए भारत गौरव डीलक्स एसी टूरिस्ट ट्रेन को हरी झंडी दिखाई। इस मौके पर राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ महाराज, रेलवे बोर्ड के चेयरमैन एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सतीश कुमार और उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक शोभन चौधुरी सहित रेलवे के कई वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

इस अवसर पर रेल मंत्री ने कहा कि रेलवे के माध्यम से लोगों को भारतीय संस्कृति का अनुभव कराने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संकल्प के तहत भारत गौरव यात्रा के रूप में एक के बाद एक भारत गौरव यात्रा ट्रेनें जोड़ी जा रही हैं। पर्यटक अब भारत और नेपाल की साझा सांस्कृतिक विरासत का बेहतरीन अनुभव कर सकेंगे। यह ट्रेन अपने पैकेज में अयोध्या, सीतामढ़ी, जनकपुर, काशी विश्वनाथ और पशुपतिनाथ को कवर करेगी। ठहरने और यात्रा की सभी व्यवस्थाएं भारतीय रेलवे द्वारा वहन की जाएंगी। अब तक सबसे लोकप्रिय यात्रा ट्रेनों में श्री रामायण यात्रा, श्री जगन्नाथ यात्रा, बुद्ध यात्रा, महावीर यात्रा, गुरु कृपा यात्रा, ज्योतिर्लिंग भक्ति यात्रा, अंबेडकर यात्रा, चारधाम यात्रा, पुण्य काशी यात्रा, पूर्वोत्तर खोज, उत्तर भारत यात्रा और दक्षिण भारत यात्रा आदि शामिल हैं।

### भाजपा सदस्यता अभियान : 18 दिनों में 4 करोड़ से अधिक लोग बने पार्टी के सदस्य

**नई दिल्ली।** भाजपा देशभर में जोर-शोर से अपना राष्ट्रीय सदस्यता अभियान चला रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इसी महीने 2 सितंबर को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय विस्तार में भाजपा के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान का शुभारंभ किया था। पार्टी ने इस राष्ट्रीय सदस्यता अभियान को 'संगठन पर्व सदस्यता अभियान-2024' का नाम दिया है।

भाजपा ने इस सदस्यता अभियान को देशवासियों का भरपूर समर्थन मिलने की बात कहते हुए यह दावा किया है कि मात्र 18 दिनों में 4 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सदस्य बन चुके हैं।

भाजपा राष्ट्रीय महासचिव एवं पार्टी के राष्ट्रीय सदस्यता अभियान के संयोजक विनोद तावड़े ने पार्टी के सदस्यता अभियान के इतिहास रचने का दावा करते हुए कहा है कि मात्र 18 दिनों में भाजपा के सदस्यता अभियान ने 4 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार कर लिया है।

विनोद तावड़े ने पार्टी की इस उपलब्धि की जानकारी को एक्स पर साझा करते हुए बताया, 'भाजपा का सदस्यता अभियान निरंतर इतिहास रच रहा है, मात्र 18 दिनों में 4 करोड़ सदस्यों का आंकड़ा पार हो गया।

तावड़े ने आगे कहा, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के मार्गदर्शन में चल रहे भाजपा सदस्यता अभियान 2024 को देशवासियों का भरपूर समर्थन मिल रहा है, जिसका प्रमाण ये 4 करोड़ सदस्य हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश विकसित भारत की दिशा में कदम बढ़ा रहा है और आज हर नागरिक भाजपा का सदस्य बनकर इसमें योगदान दे रहा है। भाजपा राष्ट्रीय महासचिव ने एक बार फिर से लोगों से भाजपा का सदस्य बनने की अपील करते हुए यह भी कहा, 'आप भी 8800002024 पर आज ही मिस्ड कॉल दें या नमो एप के माध्यम से भाजपा के सदस्य बनें।

जानकारी के अनुसार, पार्टी के देशभर में चलाए जा रहे इस सदस्यता अभियान को सबसे बड़ी कामयाबी उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, गुजरात और असम जैसे राज्यों में मिलती नजर आ रही है। भाजपा के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष ने कुछ राज्यों के आंकड़ों को साझा करते हुए एक्स पर बताया, भाजपा के सदस्यता अभियान ने 4 करोड़ का आंकड़ा छुआ।

# तिरुपति लड्डू विवाद पर देश की राजनीति में भूचाल

## मंदिर के प्रसाद में बीफ, पोर्क और फिश ऑयल का इस्तेमाल?

- चंद्रबाबू नायडू के आरोप के खिलाफ हाईकोर्ट पहुंचे जगन मोहन रेड्डी

**हैदराबाद, एजेंसी।** तेलंगाना में चिलकुर बालाजी मंदिर के मुख्य पुजारी ने तिरुपति प्रसाद को लेकर मचे बवाल पर कहा है कि यह केवल एक विवाद नहीं है, बल्कि इससे करोड़ों लोगों की सीधे तौर पर भावनाएं आहत हुई हैं।

मंदिर के मुख्य पुजारी रंगराजन ने कहा, 'पिछले दो दिनों से मैं तिरुपति लड्डू पर विवाद के बारे में मीडिया रिपोर्ट देख रहा हूं। यह कोई विवाद नहीं है, इससे हम जैसे करोड़ों लोगों की भावनाओं को सीधे तौर पर ठेस पहुंची है। इनमें से अधिकतर लोग सनातन धर्म में आस्था रखते हैं और भगवान की पूजा करते हैं।'

तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम को लेकर विवाद बढ़ता ही जा रहा है। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडु की पार्टी तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने दावा किया कि पिछली सरकार के कार्यकाल में प्रसाद में जानवरों की चर्बी वाला घी और फिश ऑयल मिलाया जाता था।

टीडीपी ने ये आरोप एक लैब रिपोर्ट के हवाले से लगाए हैं। वहीं वाईएसआर कांग्रेस पार्टी ने पूरे विवाद पर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है और नायडू के आरोपों की जांच के लिए एक कमेटी बनाने की मांग की है। हाईकोर्ट में इस पर 25 सितंबर को सुनवाई होगी।

सनातनियों की आस्था का केंद्र आंध्र प्रदेश के तिरुपति बालाजी मंदिर के लड्डुओं में फिश ऑयल और जानवरों की चर्बी मिलने की बात सामने आने के बाद से हंगामा मचा हुआ है। राष्ट्रीय डेयरी विकास बोर्ड (NDDB) ने चर्बी मिलने की पुष्टि की है। इसके बाद से देश के साधु-संतों में रोष देखने को मिल रहा है। जनवरी में राम मंदिर के उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान तिरुपति मंदिर से एक लाख लड्डुओं का प्रसाद आया था। जांच सामने आने के बाद से संतों में उबाल है।



### जगन मोहन की पार्टी भी कोर्ट पहुंची

आंध्र प्रदेश में स्थित विश्व प्रसिद्ध तिरुपति मंदिर के लड्डू प्रसादम की पवित्रता और शुद्धता को लेकर विवाद गहराता जा रहा है. तेलुगु देशम पार्टी (TDP) ने लैब रिपोर्ट के हवाले से जगन मोहन रेड्डी के नेतृत्व वाली पूर्ववर्ती सरकार पर सनसनी खेज आरोप लगाए हैं. टीडीपी के दावे के मुताबिक वाईएसआरसी सरकार के कार्यकाल के दौरान तिरुमाला मंदिर ट्रस्ट को प्रसिद्ध तिरुपति लड्डू प्रसादम बनाने के लिए जिस घी की आपूर्ति की गई थी, उसके सैंपल का लैब टेस्ट कराने पर उसमें जानवरों की चर्बी और फिश ऑयल की मिलावट का पता चला है. सत्तारूढ़ तेलुगु देशम पार्टी ने दावा किया है कि गुजरात स्थित एक लैब ने मिलावट की पुष्टि की है. टीडीपी के प्रवक्ता अनम वेंकट रमणा रेड्डी ने 19 सितंबर को प्रेस कॉन्फ्रेंस में लैब रिपोर्ट सार्वजनिक की. उन्होंने बताया कि गुजरात स्थित लाइवस्टॉक लैबोरेटरी, NDDB (नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड बोर्ड) CALF लिमिटेड (सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फूड) को 9 जुलाई, 2024 को सैंपल भेजा गया था. लैब ने 17 जुलाई को अपनी रिपोर्ट दी थी. इस मुद्दे पर तिरुमला तिरुपति देवस्थानम के पूर्व चेयरमैन और वाईएसआर पार्टी सांसद वाईवी सुब्बा रेड्डी ने कहा, 'तिरुपति लड्डू प्रसादम की पवित्रता पर सीएम नायडू का बयान बहुत ही अपमानजनक है. इससे दुनिया भर के हिंदुओं की भावनाएं आहत हुई हैं. टीटीडी ने 2019 से 2024 तक नैवेद्यम और प्रसादम तैयार करने में उच्चतम मानकों का पालन किया और पहले की तुलना में प्रसादम की गुणवत्ता में भी सुधार किया.'

### मामले की जांच के लिए अमित शाह को चिट्ठी

इस मामले को लेकर वकील विनीत जिंदल ने केंद्रीय गृह मंत्रालय और आंध्र प्रदेश पुलिस प्रमुख के पास राज्य के पूर्व सीएम जगन मोहन रेड्डी, तिरुमाला तिरुपति देवस्थानम (TTD) के अधिकारियों और पशुओं की चर्बी वाले मिलावटी घी की आपूर्ति करने वाले ठेकेदार के खिलाफ शिकायत दर्ज करने की अर्जी भेजी है. वकील जिंदल ने अपनी शिकायत में इन सभी के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता यानी इठर की धारा 152, 192, 196, 298 और 353 के तहत एफआईआर दर्ज करने, साथ ही जगन मोहन रेड्डी और अन्य के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (ठरअ) लगाने की गुहार लगाई है.

### नड्डा ने तिरुपति लड्डू मुद्दे पर रिपोर्ट मांगी



केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जे. पी. नड्डा ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू से बात की है और तिरुपति लड्डू मुद्दे पर पूरी रिपोर्ट मांगी है। उन्होंने कहा कि केंद्र इस मामले की जांच करेगा और उचित कार्रवाई करेगा। नायडू ने दावा किया है कि पिछली जगन मोहन रेड्डी सरकार के दौरान तिरुपति मंदिर के लड्डू बनाने के लिए पशु चर्बी का इस्तेमाल किया गया था। इस दावे के बाद एक बड़ा राजनीतिक विवाद पैदा हो गया है। युवजन श्रमिक रायथू कांग्रेस पार्टी (वाईएसआरसीपी) ने कहा है कि मुख्यमंत्री राजनीतिक लाभ के लिए घृणित आरोप लगा रहे हैं, जबकि तेलुगु देशम पार्टी (तेदेपा) ने इस दावे के समर्थन में एक प्रयोगशाला रिपोर्ट प्रसारित की है। मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल के पहले 100 दिन पर एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए नड्डा ने कहा, मुझे सोशल मीडिया के जरिए इस मुद्दे के बारे में पता चला। मैंने आज चंद्रबाबू नायडू से बात की और पूरी रिपोर्ट भेजने को कहा। उन्होंने कहा, रिपोर्ट मिलने के बाद इसकी जांच की जाएगी और उचित कार्रवाई की जाएगी।

### भक्तों की आस्था संग खिलवाड़ स्वीकार नहीं : पवन खेड़ा



तिरुपति मंदिर के प्रसाद में मिलावट को लेकर कांग्रेस प्रवक्ता पवन खेड़ा ने बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि अगर प्रसाद में जानवरों की चर्बी मिलाए जाने की बात सच है, तो इसकी निष्पक्ष जांच हो और इसमें शामिल आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो। इसके साथ ही उन्होंने इस मसले के तार ध्रुवीकरण की साजिश संग जुड़े होने की आशंका जताई है। खेड़ा ने एक्स पर आगे लिखा, अगर तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस होने के संबंध में किए गए दावे गलत हुए, तो मैं एक बात स्पष्ट कर देना चाहता हूं कि श्रद्धालु और भक्तगण कभी माफ नहीं करेंगे। ऐसा करके भक्तों की आस्था के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है, जिसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जा सकता है।

कांग्रेस नेता ने भाजपा पर निशाना साधाते हुए कहा, भाजपा चुनावी मौसम के बीच ध्रुवीकरण की साजिश के सिद्धांतों को हवा देने में माहिर है। बता दें कि राष्ट्रीय विकास बोर्ड के तहत सेंटर फॉर एनालिसिस एंड लर्निंग इन लाइवस्टॉक एंड फुड लैब की रिपोर्ट में हुए खुलासे में यह बात सामने आई है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में पशु चर्बी का इस्तेमाल किया जा रहा है। इस खुलासे ने देश में नई बहस को जन्म दे दिया है। एनडीडीबी की रिपोर्ट में इस बात का खुलासा हुआ है कि तिरुपति मंदिर में भगवान को चढ़ाए जाने वाले प्रसाद में जानवरों के मांस की चर्बी और फिश ऑयल का इस्तेमाल किया गया। दावा किया गया है कि यह सबकुछ उस घी में इस्तेमाल किया गया है, जिसका उपयोग प्रसाद बनाने के लिए किया जाता है। इस प्रसाद का इस्तेमाल ना सिर्फ भगवान को चढ़ाने के लिए किया गया, बल्कि भक्तों के बीच भी इसे बड़े पैमाने पर बांटा गया।

## गांधी और गोडसे के बीच पीएम मोदी कहां खड़े हैं: कांग्रेस

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कांग्रेस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के महाराष्ट्र में वर्धा के दौरे से पहले शुक्रवार को कहा कि प्रधानमंत्री को बताना चाहिए कि वह महात्मा गांधी और उनके हत्यारे नाथूराम गोडसे के बीच कहां खड़े हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने भारतीय जनता पार्टी के कुछ नेताओं की टिप्पणियों का उल्लेख करते हुए यह सवाल किया। प्रधानमंत्री मोदी आज महाराष्ट्र के वर्धा जाएंगे जहां वह 'पीएम विश्वकर्मा' कार्यक्रम में भाग लेंगे।

रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, 'नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री आज वर्धा जा रहे हैं। इन तीन सवालों के जवाब उन्हें अवश्य देने चाहिए। किसानों की आत्महत्या रोकने के लिए प्रधानमंत्री क्या कर रहे हैं? वन अधिकार कानून को लागू करने के मामले में भाजपा ने आदिवासियों को निराश क्यों किया है? गांधी और गोडसे के बीच प्रधानमंत्री कहां खड़े हैं?

उन्होंने कहा, वर्धा वह शहर है जहां कभी महात्मा गांधी रहते थे। प्रधानमंत्री की पार्टी आज महात्मा के आदर्शों पर खतरनाक ढंग से हमला कर रही है। उनके कुछ नेताओं ने महात्मा के लिए अपशब्दों का इस्तेमाल किया और उनका मजाक उड़ाया है।



रमेश ने दावा किया कि भाजपा के कई नेताओं ने कहा कि वे गोडसे और गांधी के बीच चयन करने में असमर्थ हैं।

कांग्रेस नेता ने सवाल किया, नॉन-बायोलॉजिकल प्रधानमंत्री के पास अपनी पार्टी के कार्यों के बचाव में कोई तर्क है? गांधी और गोडसे के बीच प्रधानमंत्री कहां खड़े हैं?

उन्होंने दावा किया, ह्यमहाराष्ट्र में एक दिन में औसतन सात किसान अपना जीवन समाप्त कर लेते हैं। दिल दहला देने वाला यह आंकड़ा किसी और की तरफ से नहीं बल्कि राज्य के राहत और पुनर्वास मंत्री की ओर से आया है। रमेश के अनुसार, पिछले साल 60 प्रतिशत ज़िलों को सूखे की स्थिति का सामना करना पड़ा लेकिन सरकार से कोई मदद नहीं मिली।

## रक्षा मंत्री ने ओपन वाटर तैराकी अभियान का ध्वज हासिल किया

### अभियान के दौरान तैराकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा

- तीनों सेनाओं के 11 कर्मियों ने सभी 21 द्वीपों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखे गए अंडमान एवं निकोबार के 21 द्वीपों के लिए अपनी तरह के पहले खुले जल में तैराकी अभियान का ध्वज शुक्रवार को नई दिल्ली में हासिल किया। इस अभियान के दौरान 21 वीरता पुरस्कार विजेताओं के बलिदान को याद करके उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। राजनाथ सिंह ने अभियान के दौरान अनेक चुनौतियों पर विजय पाने तथा परमवीरों की वीरता और बलिदान की कहानियों को लोगों तक पहुंचाने के लिए टीम की सराहना की।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसी साल नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर अंडमान और निकोबार के 21 सबसे बड़े अनाम द्वीपों का नाम परमवीर चक्र पुरस्कार विजेताओं के नाम पर रखा था। तीनों सेनाओं के अंडमान और निकोबार कमांड ने 'अभियान परमवीर' शुरू किया, जिसमें भारतीय सेना, भारतीय नौसेना, भारतीय वायु सेना और भारतीय तटरक्षक बल के कर्मियों की एक टीम ने सभी 21 द्वीपों की यात्रा करके प्रत्येक द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। 11 सदस्यीय अभियान दल का नेतृत्व ओपन वॉटर तैराक और तेनजिंग नॉर्वे नेशनल एडवेंचर अवार्डी विंग कमांडर परमवीर सिंह ने किया।




विश्व जल दिवस पर 22 मार्च को श्री विजयपुरम से नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप तक के अभियान को औपचारिक रूप से हरी झंडी दिखाई गई थी। सेना और तटरक्षक बल के 11 कर्मियों ने पांच महीनों तक 300 किलोमीटर से अधिक की 'बिना सहायता के खुले जल में तैराकी' की और प्रत्येक द्वीप पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। अभियान का समापन 15 अगस्त को 78वें स्वतंत्रता दिवस पर हुआ। नेताजी सुभाष चंद्र द्वीप से श्री विजयपुरम तक अंतिम तैराकी सशस्त्र बलों और तटरक्षक बल के 78 कर्मियों ने की। सभी तैराकों ने बिना सहायता वाले खुले पानी में तैराकी' की श्रेणी के लिए अंतरराष्ट्रीय मानकों और विनियमों के अनुसार अभियान चलाया, जिसके अनुसार तैराकों को केवल स्विम ट्रंक, गॉगल्स और कैप ही पहनने चाहिए।

अपने संबोधन में रक्षा मंत्री ने टीम के साहस और क्षमता की सराहना की, जिसने समुद्र में कई चुनौतियों को पार करते हुए परम वीरों की वीरता और बलिदान की कहानियों को लोगों तक पहुंचाया। उन्होंने कहा कि यह अभियान सरकार के प्रयासों के अनुरूप है, ताकि राष्ट्र की सेवा में खुद को बलिदान करने वाले हमारे सैनिकों के वीरतापूर्ण कार्यों के बारे में लोगों, खासकर युवाओं को पता चल सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि सशस्त्र बलों के जवान देश को गौरवान्वित करके युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेंगे। अभियान के दौरान तैराकों को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ा, जिसमें गंभीर थकावट और अशांत समुद्री परिस्थितियां शामिल थीं। क्षेत्र में कई बार घातक समुद्री जीवों से सामना हुआ। पूरा अभियान बिना किसी दुर्घटना के पूरा होना शानदार उपलब्धि रहा, क्योंकि भाग लेने वाले अधिकांश सैन्य कर्मचारी पहली बार खुले समुद्र में तैराकी कर रहे थे।

## न्यायपालिका पर सवाल उठाने पर सुप्रीम कोर्ट ने लगाई सीबीआई को फटकार

- कहा-आप जजों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे, यह अस्वीकार्य है

**नई दिल्ली, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में चुनाव के बाद हिंसा मामले में एक याचिका को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई को फटकार लगाई है। पश्चिम बंगाल में न्यायपालिका पर सवाल उठाने वाली इस याचिका पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है। सीबीआई ने याचिका फाइल कर 45 मामलों को बंगाल से बाहर की अदालत में शिफ्ट करने की मांग की थी। जस्टिस एएस ओका और पंकज मिथल की पीठ ने कहा कि सीबीआई न्यायपालिका कि छवि



को धूमिल कर रही है।

जानकारी के मुताबिक सीबीआई ने कहा था कि पश्चिम बंगाल की कोर्ट में सुनवाई के दौरान दुश्मनी अदा करने जैसा व्यवहार किया जाता है। सुप्रीम कोर्ट ने इस आरोप को आपत्तिजनक बताते हुए याचिका वापस लेने का आदेश दिया है। पीठ ने अडिशनल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू से कहा कि याचिका में कहा गया है कि जज गलत तरीके से जमानत दे रहे हैं। आप सभी अदालतों को कटघरे में खड़ा कर रहे हैं और उन्हें पक्षपाती बताना चाहते हैं। कोर्ट ने कहा कि आप वहां के जजों की छवि को नुकसान पहुंचाने का प्रयास कर रहे हैं। यह अस्वीकार्य है।

बता दें कि कलकत्ता हाईकोर्ट के आदेश के बाद सीबीआई चुनाव के बाद हिंसा की घटनाओं की जांच कर रही है। सीबीआई का कहना है कि राज्य का माहौल ठीक नहीं है। ऐसे में निष्पक्ष सुनवाई के लिए मामलों को राज्य से बाहर ट्रांसफर करने की जरूरत है। 14 फरवरी को एक सिंगल जज की बेंच ने इन मामलों की सुनवाई पर रोक लगा दी थी। सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने सीबीआई को अवमानना की कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी है। कोर्ट ने कहा कि जिस व्यक्ति ने इस याचिका को प्रमाणित किया है उसके खिलाफ अवमानना की कार्रवाई करने के लिए यह मामला पर्याप्त है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि आखिर एजेंसी की याचिका में कोर्ट के खिलाफ इस तरह की बात कैसे की जा सकती है।

कोर्ट ने कहा जज खुद को डिफेंड नहीं कर सकते लेकिन हम आपको इस तरह के आरोप लगाने की भी इजाजत नहीं दे सकते। वहीं कोर्ट ने यह भी कहा कि अगर इन मामलों को राज्य के बाहर शिफ्ट किया जाता है तो पीड़ितों का क्या होगा। उनके लिए कोर्ट पहुंचना मुश्किल हो जाएगा। इसके बाद एएसजी राजू ने याचिका वापस लेने का फैसला किया। बेंच ने अपने आदेश में कहा कि पश्चिम बंगाल की सभी अदालतों के खिलाफ गंभीर आरोप लगाए गए हैं। बार-बार कहा गया है कि अदालतों का माहौल खराब है। यह बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि सीबीआई जैसी एजेंसी इस तरह के बेबुनियाद आरोप लगा रही है। कोर्ट ने कहा कि एजेंसी अपनी आपत्ति जाहिर कर सकती है।

## समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हुआ स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आखिरकार लम्बे इन्तजार के बाद भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रांत समुद्र में जंग के लिए ऑपरेशनल हो गया है। तैनाती के रूप में जहाज को पहली बार पश्चिमी बेड़े में शामिल किया गया है, जिससे भारतीय नौसेना की 'स्वॉर्ड आर्म' की समुद्री शक्ति और ज्यादा बढ़ गई है। फिलहाल पोत पर 30 विमानों के बेड़े में 18 मिग-29 और 12 कामोव हेलीकॉप्टर होंगे। अमेरिका से खरीदे गए एमएच-60 रोमियो हेलीकॉप्टर भी शक्तिशाली पनडुब्बी रोधी युद्ध क्षमताओं के साथ बोर्ड पर होंगे।



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दो साल पहले 02 सितम्बर को भारत का पहला स्वदेशी विमानवाहक पोत ह्यविक्रांतह्व राष्ट्र को सौंपा था, जिसे समुद्री जंग के लिहाज से तैयार किया जा रहा था। नौसेना में शामिल किये जाने के बावजूद यह पूरी तरह से चालू नहीं था, क्योंकि इसकी प्राथमिक हथियार प्रणाली, लड़ाकू जेट विमानों ने विमान वाहक पोत के डेक से अपने विमानन परीक्षणों को पूरा नहीं किया था। भारतीय नौसेना के पायलटों ने पिछले साल फरवरी में एयरक्राफ्ट कैरियर विक्रांत पर स्वदेशी हल्के लड़ाकू विमान 'एलसीए नेवी' को कामयाबी के साथ लैंड और टेक ऑफ करके 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में एक और ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल किया।

अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल का ऐलान

# अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 27 सितंबर को

**ऋषि तिवारी**

**नई दिल्ली।** अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल सेल का ऐलान हो गया है जो कि अमेजन ने यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर अमलतास हॉल द्वारका 25 नई दिल्ली में किया गया जिसमें इस सेल का लुत्फ 27 सितंबर 2024 से उठाए जाने कि जानकारी दी गई है। बता दे कि भारत का सबसे बड़ा त्योहार उत्सव अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024 से शुरू कर रहा है इसमें प्राइम सदस्यों को 24 घंटे का एक्सेस मिलेगा। बेहतर डील्स, बडी बचत, ब्लॉकबस्ट मनोरांजन और अंे९ङ्गल्ल.ल्ल पर कैटेगरी में 25,000 से. अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाएगे जिसमें 70 प्रतिशत की छूट दी गई है। भारत का सबसे बड़ा त्योहारी उत्सव, अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल 2024, 27 सितंबर 2024 से शुरू होगा, जिसमें प्राइम सदस्यों के लिए 24 घंटे पहले एक्सेस मिलेगा। बेहतरीन डील्स, बड़ी बचत, ब्लॉकबस्टर मनोरंजन और अंे९ङ्गल्ल.ल्ल पर कैटेगरी में 25,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च के साथ इस त्योहारी सीजन का जश्न मनाएं। ग्राहक सैमसंग, रियलमी नारजो, वनप्लस, आईक्यूओओ, इंटेल, सोनी प्ले स्टेशन, हिंदुस्तान लिवर, पी एंड जी, लोरेल, टीसीएल, एसर, झायोमी, आईएफबी अप्लायंसेस, फेरेरो, एरियर, कुबेर इंडस्ट्रीज और यूरेका फोर्ब्ज सहित कई ब्रांडों से रोमांचक ऑफर्स की उम्मीद कर सकते हैं। इसके अलावा, इस त्योहारी सीजन में अमेजन ग्राहकों के लिए भारत के छोटे व्यवसायों का समर्थन करना आसान बना




रहा है, विशेष डील्स और विशेष रूप से चुनी गई कैटेगरी पर 70% तक की छूट दे रहा है। बता दे कि हर साल फेस्टिव सीजन के दौरान आयोजित होने वाली इस सेल में ग्राहकों को गैजेट्स, स्मार्टफोन्स, लैपटॉप, होम अप्लायंसेज, फर्नीचर, किचन अप्लायंसेज और फैशन समेत कई कैटेगिरी के प्रोडक्ट्स पर भारी डिस्काउंट मिलता है। बता दें कि हर बार ई-कॉमर्स वेबसाइट की यह सेल सितंबर या अक्टूबर में शुरू होती है। इस बार भी ग्रेट इंडियन फेस्टिव सेल 27 सितंबर से शुरू हो रही है और ढ'४२ ट्टीा१२ एक दिन पहले यानी 26 सितंबर से सेल में डिस्काउंट पर सामान खरीद पाएंगे। टेक दिग्गज ने सेल की डेट का खुलासा करने के साथ ही कुछ प्रोडक्ट्स पर मिलने वाली डील्स और डिस्काउंट का खुलासा कर दिया है।

**बैंक ऑफर्स और अमेजन पे के साथ बड़ी बचत करें**

* ग्राहक एसबीआई डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 10% तत्काल छूट प्राप्त कर सकते हैं (शर्तें लागू; अधिक जानकारी के लिए यहां जाएं)

ङ्टअमेजन पे यूपीआई का उपयोग कर 1,000 रुपए के न्यूनतम ऑर्डर पर 100 रुपए का फ्लैट कैशबैक प्राप्त करें और 1,000 रुपए अमेजन पे बैलेंस जोड़ने पर 100 रुपए वापस पाएं*

- प्राइम ग्राहक जो त्योहार के दौरान अमेजन पे आईसीआईसीआई बैंक क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करते हैं, वे 2,500 रुपए तक के वेलकम रिवॉर्ड्स का आनंद ले सकते हैं और अमेजन पर शॉपिंग के दौरान 5% असीमित कैशबैक कमा सकते हैं
- अमेजन पे लेटर के साथ, योग्य ग्राहक 60,000 रुपए तक का त्वरित क्रेडिट प्राप्त कर सकते हैं और 600 रुपए तक के रिवॉर्ड्स का लाभ उठा सकते हैं
- चयनित अमेजन पे लेटर ग्राहकों को 100 रुपए तक के शॉपिंग रिवॉर्ड्स मिल सकते हैं (शर्तें लागू)। ग्राहक चयनित डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर नो-कॉस्ट ईएमआई का लाभ भी उठा सकते हैं
- ग्राहक अमेजन पे गिफ्ट कार्ड पर 5% तक का कैशबैक प्राप्त कर सकते हैं और चयनित ब्रांड गिफ्ट कार्ड खरीदते समय कैशबैक और तत्काल छूट के माध्यम से 15% तक की बचत कर सकते हैं। प्राइम ग्राहक चयनित तिथियों पर डिजिटल गोल्ड खरीद पर 3% तक वापस पा सकते हैं और अमेजन पे के साथ ऑनलाइन भुगतान करते समय उबर, स्विगी, जोमैटो जैसी अपनी पसंदीदा ऐप्स पर 1500 रुपए तक के ऑफर अनलॉक कर सकते हैं*।

**अमेजन के साथ करें यात्रा!**

यहां अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के दौरान भाग लेने वाले विक्रेताओं द्वारा पेश किए गए कुछ शीर्ष डील्स और ऑफर* हैं:

स्मार्टफोन और मोबाइल एक्सेसरीज

- वन प्लस, सैमसंग, एप्पल, आईक्यूओओ, रियलमी, शाओमी, मोटोरोला, ऑनर, लावा, टेक्नो, इंटेल और अन्य शीर्ष ब्रांडों पर शानदार डील्स, बचत और आकर्षक कीमतें
- मोबाइल और एक्सेसरीज पर 40% तक की छूट* प्राप्त करें। मोबाइल एक्सेसरीज 89* रुपए से शुरू ङ्टस्मार्टफोन्स पर 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई, जिसमें क्रेडिट कार्ड, बजाज फिंसर्व, अमेजन पे लेटर और अन्य विकल्प शामिल हैं, जिससे स्मार्टफोन्स 999 रुपए प्रति माह* से और प्रीमियम स्मार्टफोन्स 1,999 रुपए प्रति माह* से शुरू होते हैं। अमेजन पे लेटर के साथ, ग्राहक कुछ ही मिनटों में 60,000* रुपए तक के तत्काल ऋण का लाभ उठा सकते हैं, जिससे क्रेडिट कार्ड की आवश्यकता के बिना 12 महीनों तक की नो-कॉस्ट ईएमआई में खरीदारी कर सकते हैं।

स्मार्टफोन पर रोमांचक डील्स और नो-कॉस्ट ईएमआई प्राप्त करें, जिसमें सभी पात्र ऑफर* शामिल हैं:

- आईफोन 13, 37,999* रुपए में
- सैमसंग गैलेक्सी एस 23 अल्ट्रा 5जी 69,999* रुपए में
- वन प्लस 12आर (8+256जीबी वेरिएंट) 34,999* रुपए में
- वन प्लस नॉर्ड सीई 4 लाइट 5जी 16,999* रुपए में और मुफ्त वनप्लस बुलेट्स वायरलेस जेड 2 (मूल्य 1,299* रुपए) प्राप्त करें
- वन प्लस नॉर्ड सीई 4 21,999* रुपए में और मुफ्त वन प्लस नॉर्ड बड्स 2 आर (मूल्य 1,599* रुपए) प्राप्त करें
- आईक्यूओओ जेड 9एस 5जी 17,499* रुपए में
- सैमसंग गैलेक्सी एम 35 5जी 13,749* रुपए में
- रियल मी नारजो 70 टर्बो 5जी 14,999* रुपए में
- लावा ब्लेज कर्व 5जी 14,749* रुपए में
- टेक्नो पोवा 6 निओ 12,599* रुपए में
- रेडमी 13सी 5जी 8,999* रुपए में
- आईक्यूओओ जेड 9 लाइट 5जी 9,499* रुपए में
- रियल मी नारजो 70 एक्स 11,249* रुपए में
- लावा ब्लेज 3 5जी 9,899* रुपए में
- आईटेल ए 50 5,399* रुपए में

वायरलेस एक्सेसरीज पर रोमांचक ऑफर प्राप्त करें:

- वन प्लस बड्स 3 3,999* रुपए में
- सैमसंग गैलेक्सी बड्स 2 प्रो 6,999* रुपए में
- रियल मी बड्स टी310 1,999* रुपए में
- वन प्लस नॉर्ड बड्स 3 2,099* रुपए में
- शाओमी पावर बैंक 4आई 1,899* रुपए में

*मूल्य में पात्र बैंक छूट, कूपन और अन्य ऑफर भी शामिल हैं।

गैजेट्स और गिज्मोज

- शीर्ष ब्रांडों पर 5000+ डील्स और इलेक्ट्रॉनिक्स और एक्सेसरीज पर 75% तक की छूट प्राप्त करें।
- एप्पल उत्पादों पर सबसे प्रतीक्षित डील्स - मैक बुक एयर एम 1 और आईपैड 10वीं जनरेशन पर आकर्षक कीमतें!
- ब्रांडों से नए लॉन्च - एसर, अमेजफिट, सैमसंग, एप्पल, सोनी, जेबीएल, नॉइज और अन्य।
- लैपटॉप्स पर 40% तक की छूट, छात्र लैपटॉप 23,990 रुपए से शुरू, गेमिंग लैपटॉप 39,990 रुपए से शुरू।
- 24 महीने तक की नो-कॉस्ट ईएमआई, एक्सचेंज पर 25,000 रुपए तक की छूट और बैंक छूट के साथ 11,000 रुपए तक की छूट।
- टैबलेट्स पर 60% तक की छूट, टैबलेट्स 9,999 रुपए से शुरू। टैबलेट्स एनसीईएमआई के साथ 99 रुपए प्रति दिन से शुरू, बैंक छूट के साथ 7,000 रुपए तक की छूट।
- सैमसंग गैलेक्सी टैब एस9 एफई एस पेन के साथ - इसका सबसे कम मूल्य 19,999 रुपए से शुरू होगा।
- हेडफोन पर 75% तक की छूट और हेडफोन 699 रुपए से शुरू। प्रीमियम हेडफोन को एनसीईएमआई के साथ 49 रुपए प्रति दिन से अपग्रेड करें, और बैंक छूट के साथ 3000 रुपए तक की छूट प्राप्त करें।

## निठल्ले की डायरी का मंचन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** हिंदी अकादमी दिल्ली द्वारा एलटीजी सभागार, कापरनिकस मार्ग में हरिशंकर परसाई द्वारा रचित नाटक निठल्ले की डायरी का मंचन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से किया गया। अकादमी के उपाध्यक्ष पदमश्री श्री सुरेन्द्र शर्मा ने कहा, व्यंग्य के क्षेत्र में परसाई जी का नाम बहुत बड़ा है । अकादमी के सचिव श्री संजय कुमार गर्ग ने सभी कलाकारों का स्वागत करते हुए कहा, हरिशंकर परसाई जी की जन्मशती वर्ष मनाया जा रहा है। एक विलक्षण प्रतिभा वाले साहित्यकार जो समय से पहले सब कुछ देख लेते थे और उसको अपनी लेखनी मे उतार देते थे। उनका यही एक चमत्कार आप आज यहाँ देखेंगे। नाटक में एक एक पंक्ति एक उद्देश्य और टिप्पणी के रूप मे अपना स्थान बनती है। निठल्ले की डायरी में ऐसे व्यंग्य शामिल हैं जिसमें आडंबर, दोमुँहापन शामिल हैं। हरिशंकर परसाई द्वारा रचित इस व्यंग्य नाटिका के रूपान्तरकार श्री अरुण पांडेय है। नाट्य प्रस्तुति विवेचना संस्था के संयोजक श्री हिमांशु राय द्वारा की गयी । कार्यक्रम के अंत में अकादमी के सचिव श्री ऋषि कुमार शर्मा ने सभी कलाकारों का धन्यवाद करते हुए कहा, जबलपुर की टीम के द्वारा बहुत अच्छी प्रस्तुति दी गयी।

## मानसिक दिव्यांग बच्चों के साथ मनाया अपना स्थापना दिवस समारोह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अखिल भारतीय विकलांग विधवा वृद्धा सेवा समिति द्वारा संचालित अनुकृति विशेष विद्यालय बस्ती विकास केन्द्र सनलाइट जे जे कालोनी दिल्ली में संस्था का 34वां स्थापना दिवस केक काटकर मनाया गया। इस दौरान विद्यालय में शिक्षा ग्रहण कर रहे मानसिक दिव्यांग बच्चों को खाने खेलने की किट भी वितरण की गयी। इस अवसर पर संस्था के अध्यक्ष सुनहरी लाल यादव ने बताया कि आज हमारी संस्था का 34वां स्थापना दिवस है। संस्था की 1991 को स्थापना हुई थी तभी से संस्था द्वारा स्थाई रूप से सेवा की जा रही है। हमारी संस्था भारत के चार राज्य दिल्ली हरियाणा राजस्थान उत्तर प्रदेश में सरकारी व



गैर-सरकारी एवं स्वयं के सहयोग से अब तक लगभग तीस हजार दिव्यांग जनों को ट्राइसाइकिल, व्हीलचेयर, पोलियो कैलीपर कित्रम अंग आदि उपकरण निःशुल्क उपलब्ध करा चुकी है। इसके अलावा सैकड़ों दिव्यांग जनों के पोलियो आपरेशन करा कर पैरों खड़ा कर सैकड़ों गरीब महिलाओं को सिलाई कढ़ाई क्यूटी पार्लर प्रशिक्षण इसके आंखों के शिविर आयोजित कर सैकड़ों वृद्ध एवं जरूरत मंद लोगों के आंखो के नि शुल्क आपरेशन कराकर ज्योति प्रदान करने के अलावा संस्था द्वारा बस्ती विकास केन्द्र डी 3 नंदनगरी दिल्ली में वृद्ध माताओं के लिए आशियाना वृद्धा आश्रम स्थाई रूप से संचालित है, जिसमें अपने परिवार से अपेक्षित विछड़ी बीस वृद्ध माताएं रहती हैं जिनका रहना खाना नि शुल्क है बस्ती विकास केन्द्र सनलाइट कालोनी पुरानी सीमापुरी में अनुकृति विशेष विद्यालय चल रहा है, जिसमें पैंतालीस मानसिक दिव्यांग बच्चे शिक्षण प्रशिक्षण ले रहे हैं। इसके अलावा अन्य सेवाएं प्रदान की जाती संस्था के उपाध्यक्ष डॉ राकेश झा ने भी संस्था के स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए संस्था के सेवा कार्यों की सराहना की।

## आम आदमी पार्टी ने की अरविंद केजरीवाल के लिए सरकारी आवास की मांग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के निवर्तमान मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के लिए शुक्रवार को सरकारी आवास की मांग की और कहा कि एक राष्ट्रीय पार्टी का संयोजक होने के नाते वह इसके हकदार हैं। आप के राज्यसभा सदस्य राघव चड्ढा ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि पार्टी इस संबंध में संबंधित मंत्रालय को पत्र लिखेगी। उन्होंने कहा, उम्मीद है कि हमें इसके लिए कानूनी लड़ाई नहीं लड़नी पड़ेगी। केजरीवाल ने नैतिकता के आधार पर इस्तीफा देने का फैसला किया है और वह अपना सरकारी आवास छोड़ देंगे। चड्ढा ने कहा, उनके पास कोई संपत्ति या अपना घर भी नहीं है।

## एक नजर

### एक टन वजनी पटाखों का बना रखा था अवैध भंडार, दिल्ली पुलिस ने दी दबिश तो ऐसे खुला राज

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मध्य जिले की स्पेशल स्टाफ की टीम ने जनरल स्टोर में छिपाकर रखा हुआ लगभग एक टन वजनी अवैध पटाखों का भंडार जब्त करते हुए स्टोर के मालिक को गिरफ्तार किया है। जनरल स्टोर के मालिक ने बिना लाइसेंस के अवैध पटाखों का भंडार रखा हुआ था और किसी भी दुर्घटना को रोकने के लिए कोई सुरक्षा उपाय नहीं थे। मध्य जिले के डीसीपी एम हर्षवर्धन के मुताबिक, 16 सितंबर को स्पेशल स्टाफ की टीम को आनंद पर्वत के थान सिंह नगर में बड़ी मात्रा में अवैध आतिशबाजी संग्रहीत होने की सूचना मिली थी। टीम ने सूचना वाले स्थान पर जाल बिछाया और मामले की पुष्टि होने के बाद छापेमारी की। टीम ने गोदाम से एक व्यक्ति को पकड़ा और गोदाम की जांच करने पर कार्डबोर्ड के डिब्बों में भारी मात्रा में अवैध पटाखे मिले। आरोपित की पहचान जतिन अग्रवाल के रूप में हुई। पुलिस टीम ने जब उससे पटाखे रखने का लाइसेंस मांगा तो उसने बताया कि उसके पास न तो वैध लाइसेंस है और न ही उसने इसके लिए आवेदन किया था। जांच करने पर 47 विभिन्न प्रकार के पटाखे मिले। अवैध पटाखों का कुल वजन 995.410 किलोग्राम था। उसने यह भी बताया कि वह त्योहारी सीजन में बेचने के लिए एक सप्ताह पहले हरियाणा के पटौदी से पटाखे लेकर आया था। मामले में पुलिस ने पटाखों को जब्त कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

### 35 मामलों में शामिल बदमाश गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आनंद विहार पुलिस ने 35 आपराधिक मामलों में शामिल एक बदमाश को गुरुवार को गिरफ्तार किया है। शाहदरा जिला पुलिस उपायुक्त सुरेंद्र चौधरी ने बताया कि 14 जुलाई को किरन विहार निवासी एक व्यक्ति ने उनके घर के बाहर खड़ी कार की बैट्री चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। इसके आधार पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उसे दबोच लिया।

### खजूरी खास में युवक की चाकू मारकर हत्या, हमलावरों में महिला भी शामिल, दो गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर पूर्वी दिल्ली के खजूरी खास इलाके में ड्यूटी पर जा रहे 23 साल की युवक की चाकू गोदकर हत्या कर दी गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जी टीवी अस्पताल की मोर्चरी में भेज दिया है। हत्या का मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। दो लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताया जा रहा है कि हमलावरों की संख्या 5 से 7 थी जिसमें एक महिला भी शामिल है। मृतक की पहचान सन्नी के तौर पर हुई है। सन्नी खजूरी खास इलाके का रहने वाला था। वह बस अड्डा में बसों में सवारी बिठाने का काम करता था।सन्नी के परिजनों का कहना है कि गुरुवार रात तकरीबन 9:00 बजे सन्नी ड्यूटी पर जाने के लिए घर से निकला था। इस दौरान जब सन्नी खजूरी खास के नाला रोड के पास पहुंचा तभी 5 से 7 लोगों ने उसे घेर लिया और उन्होंने चाकू से सन्नी पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। सन्नी का भाई गंभीर हालत में उसे जग प्रवेश अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सन्नी के परिवार में मां बाप के अलावा एक भाई और एक बहन भी है। सन्नी के परिजनों का कहना है कि सनी का किसी से कोई झगड़ा नहीं था उन्हें नहीं पता कि वह कौन लोग हैं जिन्होंने सन्नी पर हमला कर उसकी जान ली है। बहरहाल इस पूरे मामले में पुलिस का कहना है कि दो आरोपियों को हिरासत में लिया गया है। जिस से पूछताछ की जा रही है। पूछताछ के बाद ही हत्या के वजह का पता चल पाएगा।

### स्टेडियम में छात्रों की सुरक्षा को लेकर निर्देश जारी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शिक्षा निदेशालय ने स्टेडियम और खेल परिसरों में अलग-अलग खेल गतिविधियों को लेकर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किए। इस संबंध में शिक्षा निदेशालय ने सर्कुलर जारी किया है, जिसमें निर्धारित समय अवधि मं खेल अभ्यास के निर्देश दिए गए हैं। निदेशालय के अनुसार, ऐसा देखने को मिला है कि कुछ स्टेडियम में फुटबॉल जैसे दूसरे खेलों के अभ्यास के दौरान भाला फेंकने, डिस्कस थ्रो, शॉट-पुट, हैमर थ्रो जैसे खेलों को लेकर अभ्यास कराया जा रहा है। इस तरह की स्थिति छात्रों को चोटिल कर सकती है। ऐसी स्थिति को रोकने के लिए स्टेडियम प्रभारियों को निर्देश है कि वह भाला फेंकने जैसे दूसरे खेलों के लिए अलग समय रखें। फुटबॉल और ट्रैक कार्यक्रमों के लिए शाम साढ़े चार बजे का समय निर्धारित किया जाए। भाला फेंकने जैसे दूसरे खेलों के लिए दोपहर ढाई बजे के बाद अभ्यास कराया जाए।

## डीयू के हिन्दी विभाग के शोधार्थियों द्वारा रचयिता साहित्योत्सव आयोजित

### भाषा को बोलने वाले ताकतवर होते हैं तो भाषा भी ताकतवर होती है: प्रो. योगेश सिंह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय के हिन्दी विभाग के शोधार्थियों द्वारा संचालित संस्था रचयिता द्वारा दो दिवसीय रचयिता साहित्योत्सव का शुभारंभ डीयू कुलपति प्रो. योगेश सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि संबोधित करते प्रो. योगेश सिंह ने कहा कि अगर किसी भाषा को बोलने वाले ताकतवर होते हैं तो भाषा अपने आप ताकतवर हो जाती है। आज भारत सशक्त हो रहा है तो हिन्दी भी मजबूत हो रही है। साहित्योत्सव के उद्घाटन सत्र में नए भारत में साहित्य और संस्कृति विषय पर संबोधित करते हुए कुलपति ने कहा कि हिंदी भारतीय संस्कृति की आत्मा है। इस भाषा ने




भारत के साथ-साथ संघर्ष किया है। हिंदी ने कभी भी देश को तोड़ने का काम नहीं किया, बल्कि हिंदी ने तो स्वतंत्रता संग्राम में बहुत बड़ा योगदान दिया। कुलपति ने कहा कि हिंदी जन-जन की भाषा है और मन-मन की भाषा है। यह सरकारों के सहयोग के बिना भी आगे बढ़ती रही और सरकारों के सहयोग से भी बढ़ती रही। अभी हिंदी का विशाल रूप दुनिया के सामने आना है। भारत विकसित राष्ट्र की ओर बढ़ रहा है और जब भारत विश्व का नेतृत्व करने की क्षमता में होगा तो यह हिंदी से ही होगा। साहित्य पर चर्चा करते हुए कुलपति ने कहा कि साहित्यकार व्यक्ति को अमर कर सकते हैं। शुभद्रा कुमारी चौहान ने अपनी कविताओं के माध्यम से झाँसी की रानी को झाँसी की रानी बनाया। कुलपति ने वर्तमान में हिंदी के वैश्विक प्रसार पर चर्चा करते हुए कहा कि यूनिकोड के आने से हिंदी कंप्यूटर की भाषा बन गई है। अब हिंदी का वैश्विक विस्तार हो रहा है। उन्होंने हिंदी साहित्य के विद्यार्थियों से आग्रह किया कि मंचीय कवियों और फिल्मों की स्क्रिप्ट लिखने वाले रचयिताओं का मजाक उड़ाना बंद करें। उनका भी हिंदी के विकास में बड़ा योगदान है।

## रामजस कॉलेज में हुआ विशेष कवि सम्मेलन का आयोजन



**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल्ली विश्वविद्यालय रामजस महाविधालय में हिंदी अकादमी दिल्ली के संयुक्त तत्वाधान में एक विशेष कवि सम्मेलन का आयोजन किया इसमें केवल स्मृति शेष कवियों की कविताओं का पाठ विद्यार्थियों के द्वारा किया गया इस आयोजन में 200 विद्यार्थियों ने अपने आप को पंजीकृत कराया और 80 विद्यार्थियों ने इस कार्यक्रम में अपना कविता पाठ किया। विद्यार्थियों की ऊर्जा को देखकर ऐसा लग रहा था कि ऐसे कार्यक्रमों को लगातार किया जाना चाहिए इस कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में उपस्थित सुप्रसिद्ध कवित्री और कहानीकार सुशील का सिंह राधे श्याम तिवारी सुश्री कात्यानी उप्रेती और विशिष्ट अतिथि के रूप में सुशी स्मिता मिश्रा उपस्थित थी। इस अवसर पर बोलते हुए रामजस महाविद्यालय के प्रधानाचार्य प्रोफेसर अरुण कुमार अरोड़ा ने कहा कि आज वक्त आ गया है कि हिंदी को आगे ले जाने के लिए हम सबको हिंदी का प्रयोग प्रचार प्रसार करना चाहिए। अकादमी के सचिव संजय कुमार गर्ग ने कहा, हिन्दी के स्मृति शेष कवियों को आज याद किया गया अच्छा प्रयास रहा। भविष्य में भी ये जारी रहेगा। हिंदी अकादमी दिल्ली के उप सचिव ऋषि कुमार शर्मा ने कहा कि हमको हिंदी अधिक से अधिक प्रयोग करनी चाहिए तभी हम हिंदी के शब्दों को व्यवहार में ला पाएंगे और हमें हिंदी बोलना, लिखना और पढ़ना आना चाहिए। हिंदी भाषा के वाक्यों और शब्दों का ठीक उच्चारण करना हमें एक कुशल वक्ता बनता और समाज में प्रतिष्ठा दिलाता है। कार्यक्रम विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित खालसा कॉलेज की प्रोफेसर स्मिता मिश्रा ने बच्चों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए जिससे विद्यार्थियों व्यक्तित्व में निखार उत्पन्न होता है। निर्णायक के रूप में उपस्थित कवि पत्रकार राधेश्याम तिवारी ने कहा कि एक अच्छा नागरिक बनने के लिए हमें साहित्य कविता और लेखन की समझ होना आवश्यक है। अलका सिन्हा कहा कि बोलना एक कला है अच्छा बोलने के लिए या अच्छा वक्त बनने के लिए बार-बार मंच पर अपनी प्रस्तुतीकरण देना अनिवार्य है।

## वन नेशन वन इलेक्शन देशहित में : दीपक गाबा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मोदी कैबिनेट ने बुधवार को एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। अब देश की 543 लोकसभा सीट और सभी राज्यों की कुल 4130 विधानसभा सीटों पर एक साथ चुनाव कराने की राह खुल गई है। एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता में गठित कमेटी की रिपोर्ट के बाद प्रस्ताव को कैबिनेट ने मंजूरी दी है। एक देश एक चुनाव पर बात करते हुए भाजपा शाहदरा जिले के महामंत्री दीपक गाबा ने कहा की एक देश एक चुनाव का प्रस्ताव बहुत शानदार है और मैं इसका स्वागत करता हूं। एक देश एक चुनाव के बारे में जानकारी देते हुए दीपक गाबा ने बताया की एक देश एक चुनाव यानी वन नेशन वन इलेक्शन का मतलब यह है कि पूरे देश में एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव हो, ऐसे समझिए की देश की सभी 543 लोकसभा सीटों और सभी राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की कुल 4130 विधानसभा सीटों पर एक ही साथ चुनाव होंगे। दीपक गाबा ने बताया की एक देश एक चुनाव के तहत वोटर सांसद और विधायक चुनने के लिए एक ही दिन, एक ही समय पर अपना वोट डाल सकेंगे। दीपक गाबा ने बताया की वन नेशन वन इलेक्शन को लेकर 2 सितंबर, 2023 को एक कमिटी गठित की गई थी जिसकी अध्यक्षता पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद कर रहे थे, इस कमेटी के सदस्यों ने सात देशों की चुनाव व्यवस्था का अध्ययन किया। दीपक गाबा ने बताया की स्टेकहोल्डर्स एक्सपर्ट्स से चर्चा और रिसर्च के बाद 191 दिन में 18 हजार 626 पन्नों की एक रिपोर्ट तैयार की गई जो कमेटी ने 14 मार्च को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को सौंपी। दीपक गाबा ने बताया की रिपोर्ट में सभी विधानसभाओं का कार्यकाल 2029 तक करने का सुझाव दिया है। दीपक गाबा ने बताया की वन नेशन वन इलेक्शन से चुनावी खर्च में कटौती होगी। दीपक गाबा ने कहा की देश में बार बार चुनाव कराने पर लॉजिस्टिक्स, सुरक्षा और जनशक्ति समेत कई चीजों पर बहुत पैसा खर्च होता है लेकिन जब चुनाव एक ही दिन होंगे तो खर्च भी कम होगा।

## आचार्य लोकेश ने भारत सरकार से मणिपुर में शीघ्र शांति स्थापना की मांग की

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अहिंसा विश्व भारती एवं विश्व शांति केंद्र के संस्थापक प्रख्यात जैनाचार्य डॉ लोकेशजी ने रायसीना रोड पर स्थित प्रेस क्लब ऑफ इंडिया में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुये भारत सरकार एवं विशेष रूप से प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी से मणिपुर में शीघ्र शांति स्थापना की मांग की।

साथ ही उन्होने यह भी कहा कि करोड़ों लोगो की आस्था के केंद्र तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद में चर्बी एवं मछली के तेल की मिलावट लोगों की आस्था श्रद्धा के साथ खिलवाड़ है। राष्ट्रहित सर्वोपरि संगठन द्वारा आयोजित प्रेस वार्ता में




दंडी स्वामी गोविंदानन्द जी, एवं अनेक हिन्दू संगठनो के प्रतिनिधि उपस्थित थे। विश्व शांतिदूत आचार्य लोकेशजी ने प्रधानमंत्री एवं गृहमंत्री से अपील की है कि इस बात पर ध्यान देना चाहिए कैसे शीघ्र से शीघ्र किस प्रकार मणिपुर में शांति की स्थापना हो। असामाजिक ताकते जो मणिपुर में अशांति का वातावरण बना रही है, जो ड्रग्स आदि तत्वों के माध्यम से समाज मे अराजकता फैला रहे है उनको तत्काल खत्म किया जाना चाहिए। जैनाचार्य लोकेश ने अहिंसा विश्व भारती, विश्व शांति केंद्र एवं समस्त जैन समाज के माध्यम से अपील की कि भारत सरकार जल्द से जल्द सर्वधर्म बैठक बुलवाए और इस बात पर चिंतन करे कि किस प्रकार मणिपुर में शांति स्थापित कि जा सकती है। उन्होने कहा कि वार्ता के द्वारा हर समस्या का समाधान संभव है, युद्ध के बाद भी वार्ता की टेबल पर बैठा जाता है तो इससे पहले हि क्यो न वार्ता के लिए सबको एक मंच पर बुलाया जाए।

## संक्षिप्त खबरें

### हाथरस सत्संग हादसा: आरोपी की जमानत पर सुनवाई 21 सितंबर को, हादसे में हुई थीं 121 मौत



**हाथरस।** हाथरस सत्र न्यायाधीश सतेंद्र कुमार के न्यायालय में सत्संग हादसे के मामले में आरोपी उपेंद्र सिंह की जमानत पर सुनवाई 21 सितंबर को होगी। विगत तिथि पर केस डायरी न आने की वजह से इस मामले में जिला शासकीय अधिवक्ता की बहस पूरी नहीं हो पाई थी।

उल्लेखनीय है कि 2 जुलाई को सिकंदराराऊ के फुलरई मुगलगढ़ी में आयोजित सूरजपाल उर्फ नारायण साकार हरि के सत्संग में 121 मौत हुईं थीं। मामले में एक आरोपी उपेंद्र सिंह की जमानत पर 18 सितंबर को सुनवाई हुई थी। आरोपी उपेंद्र सिंह के अधिवक्ता एपी सिंह ने सत्र न्यायालय में आरोपी का पक्ष रखा था। जिला शासकीय अधिवक्ता मुकेश कुमार चौधरी की बहस केस डायरी न आने की वजह से पूरी नहीं हुई। सत्र न्यायालय में इस मामले के आरोपी उपेंद्र सिंह की जमानत पर सुनवाई के लिए 21 सितंबर दे दी थी।

### तिरुपति बालाजी के प्रसाद में चर्बी वाले विवाद पर काशी में नाराजगी, संत बोले- ये धार्मिक अपराध



**वाराणसी।** आंध्र प्रदेश में भगवान तिरुपति बालाजी मंदिर के प्रसाद लड्डू में जानवरों की चर्बी मिलने के मामले में वाराणसी के संत व जानकारों की प्रतिक्रिया सामने आई है। उनका कहना है कि यह धार्मिक अपराध है। इस मामले में निष्पक्ष रूप से जांच के बाद कार्रवाई होनी चाहिए।

काशी विद्वत परिषद के महामंत्री प्रोफेसर राम नारायण द्विवेदी ने इस मामले पर गहरा दुख व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि तिरुपति मंदिर में लड्डुओं का प्रसाद बनाने की सामग्री में गो-वंश की चर्बी और मांस मिलाने की सूचना आधिकारिक रूप से आंध्र के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू द्वारा दिए जाने पर हिंदू समाज के श्रद्धालुओं को ठेस पहुंची है।

30 करोड़ भक्तों की आस्था से जुड़ा है मामला

प्रोफेसर राम नारायण ने कहा कि नायडू ने बताया था कि यह तथ्य पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में हुआ था, जिसका खुलासा सरकार की प्रयोगशाला रिपोर्ट में हुआ। प्रोफेसर ने कहा कि हम इसकी कटु निंदा करते हैं। हमारी केंद्र सरकार व आंध्र प्रदेश सरकार से मांग है कि इस तथ्य की गंभीरता से और जांच होनी चाहिए। विद्वत परिषद शीघ्र ही बैठक कर इस बारे में उचित निर्णय लेगी। क्योंकि इस तथ्य से तिरुपति जाने वाले लगभग 30 करोड़ हिंदू भक्तों की आस्था जुड़ी हुई है।

### नगर निगम: 13 नलकूप ऑपरेटर को छह महीने से नहीं मिला वेतन, बच्चों की नहीं दे पा रहे फीस, खाने के पड़े लाले



**अलीगढ़ ।** अलीगढ़ नगर निगम जल कल विभाग के 13 नलकूप ऑपरेटर को छह महीने से वेतन नहीं मिल पाया है। इससे उनके घर की रसोई का बजट गड़बड़ा गया है। वह बच्चों की फीस भी नहीं दे पाए हैं। उनके पास लगातार स्कूल प्रशासन से फोन आ रहे हैं। वेतन को लेकर नगर निगम के अफसरों से शिकायत की भी की जा चुकी है, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

जल निगम ने नगला मसानी, महेंद्र नगर कालीदह, भुजपुरा और मथुरा रोड पर नलकूप बनवाए थे, जिसे मार्च 2024 को नगर निगम के जलकल विभाग को हस्तांतरित कर दिया गया था। चारों इलाकों में नलकूप ऑपरेटर विष्णु कुमार, डाल चंद्र, जितेंद्र कुमार सारस्वत, भगवान सिंह, मानिक चंद्र, ओमप्रकाश, बिट्ठ, जितेंद्र कुमार जैन, बबलू खान, शाहरुख, हनीफ, मुमताज अहमद, सूरज कुमार की तैनाती है, जिन्हें मार्च 2024 से वेतन नहीं मिला है।

फरवरी 2024 तक जल निगम ने उन्हें वेतन दिया था। नलकूप ऑपरेटर विष्णु कुमार ने बताया कि नगर निगम के अफसरों से वेतन के लिए अनुरोध कर चुके हैं, फिर भी कोई समाधान नहीं हुआ है। जब तक जल निगम के अधीन नलकूप था, तब तक वेतन मिल जा रहा था। मगर जब से नगर निगम के जलकल विभाग में आए हैं, तब से वेतन को लाले हैं। बच्चों की फीस नहीं जमा हो पा रही है। राशन खरीदने के लिए भी दिक्कतें हो रही हैं।

नलकूप ऑपरेटरों की फाइल आ चुकी है। वह परेशान न हों। जल्द ही उन्हें वेतन मिल जाएगा।-पुष्पेंद्र सिंह, सहायक अभियंता, जल

### तेजतर्रार सिपाही अजय ठाकुर लाइन हाजिर

**द न्यूज फिफ्टीन/किरतपुर (बिजनौर)।** स्थानीय कस्बा चौकी पर तैनात कांस्टेबल अजय ठाकुर को चौकी से हटाकर पुलिस लाइन भेज दिया गया है। अजय ठाकुर के हटने से कस्बा वासियों में मायुसी छा गयी है। अमनपसंद लोग अजय ठाकुर के हटने से हैरतजदा हैं। क्योंकि अजय तेजतर्रार सिपाही है और वह सटोरियों व जुआरियों के लिये खौफ का पर्याय बन चूका था। अजय के रहते शहर में जूआ सट्टा बंद था।

गौरतलब है कि अजय ठाकुर किरतपुर की कस्बा चौकी में कुछ माह पूर्व तैनात हुये थे। वो लैपर्ड पुलिस में सिपाही हैं। किरतपुर में तैनाती के बाद अजय ने अपनी कार्यशैली से जनता को पुलिस का एहसास कराया। शहर भर में गश्त कर आमजन को व व्यापारियों को सुरक्षा एंव पुलिस की मौजूदगी का एहसास करा पुलिस की छवि को मजबूत किया। अजय ठाकुर पीड़ितों को न्याय दिलाने में अव्वल थे। पुलिस व आमजन में समंजस्य कायम किया और पब्लिक व पुलिस के विश्वास को मजबूत किया। सटोरियों व जुआरियों के खिलाफ अभियान चलाकर सट्टा जूआ बंद किया। अजय ठाकुर की पुलिसिया कार्यशैली से शहर से गुंडे व बदमाशों ने पलायन किया। अजय ठाकुर की पुलिसिया कार्यशैली दबंग है, वह भले शरीफ लोगों का सम्मान करता है, वहीं वह अपराधिक प्रवृत्ति वाले युवाओं पर पैनी नजर रखता था, गुण्डे-बदमाशों व अपराधिक प्रवृत्ति वालों से उसका छत्तीस का आंकड़ा रहता है। अजय ठाकुर का किरतपुर कस्बा चौकी से हटाकर लाइन में भेजने से शहर के अमन-पसंद लोगों में मायूसी है जबकि सट्टा जूआ व अन्य अपराध में लिप्त लोग खुशियां मना रहे हैं। भले ही अजय ठाकुर किरतपुर से हट गये हैं लेकिन वह जहां रहेंगे वहां वह जनता और पुलिस के बीच विश्वास को मजबूत करेंगे।

# डिप्टी सीएम ने दिए निर्देश, डॉक्टर-स्वास्थ्यकर्मी टीबी मरीजों को लेंगे गोद, बनेंगे 'निक्षय मित्र'




**लखनऊ।** राष्ट्रीय क्षय रोग उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान में रोगियों को गोद लिए जाने से संबंधित शासनादेश जारी हो गया है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी टीबी रोगियों को गोद लेंगे। उन्हें निक्षय मित्र के रूप में जाना जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक द्वारा प्रमुख सचिव, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य को दिए गए निर्देश के चलते जारी शासनादेश में प्रदेश के सभी मुख्य चिकित्साधिकारी, मेडिकल कॉलेजों के प्राचार्य, जिला अस्पतालों के निदेशक, प्रमुख, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक और अधीक्षिका को कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर अपेक्षाकृत कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया है।

डिप्टी सीएम ने बताया कि शासनादेश में निक्षय मित्र के दायित्वों एवं कर्तव्यों का उल्लेख किया गया है। निक्षय मित्र के रूप में, सरकारी और गैर-सरकारी संस्थाएं, व्यक्ति और चिकित्सा कर्मचारी टीबी रोगियों को गोद लेकर उनके स्वास्थ्य, पोषण और मनोवैज्ञानिक देखभाल में योगदान करेंगे।

पोषण सहायता, टीबी रोगियों को अतिरिक्त पौष्टिक पैकेज एवं आवश्यक पोषण सामग्री उपचार अवधि में प्रदान की जाएगी। टीबी रोगियों को दवाओं और जांचों की व्यवस्था और स्वास्थ्य निगरानी में मदद की जाएगी। रोगियों का मानसिक स्वास्थ्य बनाए रखने में सहायता की जाएगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि रोगी को गोद लेने की प्रक्रिया में प्रत्येक इच्छुक व्यक्ति ttps://communitysupport.nikshay.in लिंक पर जाकर निक्षय मित्र रजिस्ट्रेशन फार्म पर अपना पंजीकरण कर सकता है। गोद लेने के बाद, टीबी रोगी की चिकित्सा स्थिति पर नियमित निगरानी की जाती है और उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाती हैं। डिप्टी सीएम ने सभी डॉक्टर्स, नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ, और प्रशासनिक कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि वे निक्षय मित्र बनकर योजना में सक्रिय रूप से भाग लें और टीबी रोगियों की सहायता करें।

गोद लिए गए रोगियों की स्थिति की रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत की जाए। रोगी की उपचार योजना, पोषण स्थिति, और दवा अनुपालन की निगरानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने जानकारी दी कि जो कर्मचारी निक्षय मित्र के रूप में सक्रिय योगदान देंगे, उन्हें विभागीय स्तर पर सम्मानित और प्रोत्साहित किया जाएगा। चिकित्सा अधीक्षक हटाएः उप मुख्यमंत्री ने बताया कि विभागीय संवेदनशील मामलों को उच्चाधिकारियों के संज्ञान में न लाने तथा चिकित्सकीय कार्यों व पदीय दायित्वों में लगातार लापरवाही बरतने पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिधौली (सीतापुर) के चिकित्सा अधीक्षक को तत्काल हटा कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, तंबौर (सीतापुर) में स्थानांतरित कर दिया गया है।

## प्रदेश में बहुमत की सरकार बनायेगी सपा-रमेश प्रजापति



द न्यूज फिफ्टीन

बिजनौर। भाजपा की सरकार में मंहगाई- बेरोजगारी चरम पर पहुंच गई है। जनता भाजपा सरकार से त्रस्त है। जम्मू कश्मीर एंव हरियाणा में हो रहे विधानसभा चुनाव में भाजपा को शिकस्त मिलने जा रही है। यह कहना है समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एंव पूर्व मंत्री रमेश प्रजापति का।

शुक्रवार को बिजनौर में सपा के जिला कार्यालय पर पहुंचे रमेश प्रजापति ने कहा कि 2027 में उत्तर प्रदेश में सपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी। उन्होंने कहा कि आगामी चुनाव में प्रदेश से भाजपा का सफाया होगा। रमेश प्रजापति ने प्रदेश सरकार पर निशाना साधा और कहा कि प्रदेश में मंहगाई चर्म पर पहुंच गई है। बलात्कार, हत्या व लूट की घटनायें लगातर बढ़ रही हैं। जनता त्रस्त हो चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से आने वाले 2027 के चुनाव में एक जुट होकर जुटने का आव्हान किया। कार्यकर्ता जनता के बीच रहे और सरकार की जनविरोधी नीतियों से जनता को अवगत करायें।

## अखिलेश यादव ने आजम को लगाया किनारे, उनका इस्तेमाल सिर्फ मुस्लिम वोट पाने के लिए किया



**रामपुर।** कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि अखिलेश यादव को गुलाम नेता चाहिए जो गूंगा-बहरा हो और उनकी बातों में सिर्फ हां मिलाए। उन्होंने कहा कि आजम खां के मामले में समाजवादी पार्टी दोषी है। अखिलेश यादव ने उन्हें किनारे लगाने का काम किया है। वह शुक्रवार को रामपुर में विकास कार्यों का निरीक्षण करने पहुंचे थे।

मंत्री और सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर ने समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर आजम खां को लेकर एक बड़ा आरोप लगाया। कहा कि सपा ने आजम खां का इस्तेमाल सिर्फ मुस्लिम वोट पाने के लिए किया। सपा ने आजम खां का इस्तेमाल तो किया और उनकी कौम का वोट भी लिया, लेकिन कभी उन्हें और उनकी कौम को हिस्सेदारी नहीं दी। सपा ने आजम को कभी उपमुख्यमंत्री नहीं बनाया। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि सपा मुखिया अखिलेश यादव ने मुझे आजम से मिलने सीतापुर जेल नहीं जाना दिया। कहा कि हम उन्हें किनारे लगा रहे हैं आप उनको बढ़ाने जा रहे हो, उस समय मैं अखिलेश यादव के साथ था।

**आजम खां के साथ सपा ने पक्षपात किया...**कैबिनेट मंत्री ने कहा कि जिस मामले में वह जेल में हैं उस मामले में समाजवादी पार्टी ने उन्हें फंसाया है। अगर सपा कानून के दायरे में होकर काम करती को आज वह जेल में नहीं होते। सपा ने आजम खां के साथ 100 प्रतिशत पक्षपात किया। अखिलेश यादव वोट के लिए मुस्लिमों को गुमराह करते हैं उन्हें वोट के लिए इस्तेमाल करते हैं और बीजेपी के खिलाफ भड़काते हैं। उन्होंने आजम परिवार के कोर्ट से 10 हजार हजार्ने के लिए समय मांगने के सवाल पर कहा पहले पहले तूती बोलती थी, वह राजा थे, लेकिन अब वो बात नहीं रही है।

## धर्म परिवर्तन कराने वाला अरेस्ट: झाड़ फूंक की आड़ में बनाता शिकार



**गाजियाबाद।** गाजियाबाद के वेवसिटी थाना क्षेत्र में सिविल इंजीनियर से लाखों की रकम ऐंठकर उसका धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास करने वाले मौलवी अब्दुल रहमान निवासी नीमखेड़ा, बुलंदशहर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक, आरोपी सिविल इंजीनियर का पत्नी से तलाक कराकर उसकी दूसरी शादी कराने की बात कहकर उसके मकान को बिकवाने का भी दबाव बना रहा था। पुलिस को धर्म परिवर्तन कराने और अपने धर्म को श्रेष्ठ बताने जैसे कई ऑडियो भी मिले हैं।

डीसीपी ने बताया कि महिला ने 19 सितंबर को वेवसिटी थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई कि मौलवी अब्दुल उनके पति का धर्म परिवर्तन कराना चाहता है। वह उनपर तलाक देने का दबाव बना रहा है और उनकी दूसरी शादी झारखंड की युवती से कराने की बात कह रहा है। उसकी बातों में आकर उनके पति भी जैसा वह कह रहा है, कर रहे हैं। पुलिस ने पूरे प्रकरण की जांच शुरू की। इस दौरान पुलिस को कुछ ऑडियो मिले, जिसमे मौलवी खुद अपने धर्म को श्रेष्ठ बताकर दावा कर रहा है कि यदि उसने धर्म परिवर्तन कर लिया तो उसके सभी संकट दूर हो जाएंगे।

महिला ने बताया कि उनकी किड़नी खराब है। इसलिए उनकी लंबे समय से डायलसिस चल रही है। इसलिए उनके पति भी मानसिक रूप से काफी समय से परेशान चल रहे हैं। पिछले दिनों उनको एक परिचित ने मौलवी के बारे में बताया। दावा किया कि मौलवी झाड़ फूंक और देशी दवा से सभी बीमारियों का इलाज करते हैं। आरोपी ने पहले कुछ दवाएं दीं। इसके बाद उसने उनके पति को अपने झांसे में ले लिया और उनको दिमाग बदलने का काम शुरू कर दिया। हालत यह हो गई थी कि उनके पति हर काम मौलवी से पूछकर करने लगे। अपने धर्म के रीति रिवाजों को उन्होंने छोड़ दिया और दूसरे धर्म को अपनाने की पूरा मन बना लिया। आरोपी उनसे सात लाख रुपये वसूल चुका था और उनके मकान को बिकवाने का दबाव बना रहा था। उसके कहने पर वह उनको व बच्चों को छोड़ने को तैयार कर हो गए थे। इस बारे में उनको जब पता चला जब मौलवी फोन पर उनसे इस बारे में बात कर रहा था और उन्होंने इ स ा क ो सुन लिया।

# किसान मजदूर संगठन का 11 वां स्थापना दिवस : आज भोजपुर में होगी किसान अधिकार पंचायत

**किसान मजदूर संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह को बनाया गया है मुख्य अतिथि**






द न्यूज 15

**भोजपुर/किरतपुर/बिजनौर।** किसान मजदूर संगठन का 11वां स्थापना दिवस जनपद के भोजपुर गांव में आज यानी कि 21 सितम्बर शनिवार को किसान अधिकार पंचायत के रूप में मनाया जाएगा। सगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह को कार्यक्रम का मुख्य अतिथि बनाया गया है। किसान-मजदूर के हक की लड़ाई को गति देने के लिए किसान उत्सव मंडप में संगठन के जिलास्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक के पदाधिकारी शिरकत करेंगे। कार्यक्रम को सफल बनाले के लिए जिला अध्यक्ष नौबहार गहलोत, जिला प्रवक्ता कुलदीप आर्य, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष सत्यवीर सिंह और ब्लॉक अध्यक्ष राकेश प्रधान अपनी टीम के साथ युद्ध स्तर पर जुटे हैं। कार्यक्रम को लेकर जिला अध्यक्ष नौबहार सिंह ने बताया कि बिजनौर की क्रांतिकारी जमीन पर राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर पूरन सिंह का भव्य स्वागत किया जाएगा। जनपद में किसान-मजदूर की लड़ाई लड़ने के लिए बड़ा माहौल बनाया जाएगा। उनका कहना था कि भोजपुर में होने वाला संगठन के यह 11 वां स्थापना दिवस ऐतिहासिक होगा। उन्होंने बताया कि जनपद के पदाधिकारियों ने कार्यक्रम की पूरी तैयारी कर ली है। उन्होंने दावा किया कि कार्यक्रम में हजारों की संख्या में किसान मजदूर पधारेंगे।

कार्यक्रम में राष्ट्रीय अध्यक्ष के अलावा राष्ट्रीय महासचिव और प्रवक्ता ललित राणा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष दीपक सोम, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अनु मलिक, प्रदेश राष्ट्रीय सचिव कृष्ण पाल, प्रदेश महासचिव ब्रह्म सिंह, जिलाध्यक्ष बिजनौर नौबहार सिंह, जिलाध्यक्ष सहारनपुर अजब सिंह, जिलाध्यक्ष शामली सुरेश राणा, जिलाध्यक्ष बागपत कालूराम, जिलाध्यक्ष मेरठ ठाकुर देवराज सिंह, जिलाध्यक्ष हापुड़ महेश सिंह तोमर, जिलाध्यक्ष बुलंदशहर रणधीर सिंह, पश्चिमी उत्तर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप चौहान, महासचिव कुंवर रसिक चौहान के अलावा बड़ी संख्या में गण्यमान्य लोग उपस्थिति रहेंगे।

**जिलाध्यक्ष नौबहार गहलोत, जिला प्रवक्ता कुलदीप आर्य, नजीबाबाद विधानसभा अध्यक्ष सत्यवीर सिंह और ब्लाक अध्यक्ष राकेश प्रधान अपनी टीम के साथ जुटे हैं कार्यक्रम को सफल बनाने में**

कार्यक्रम को सफल बनाने में नौबहार गहलोत, सत्यवीर सिंह और राकेश प्रधान के अलावा तहसील नजीबाबाद उपाध्यक्ष डॉ. गंभीर सिंह, तहसील मीडिया प्रभारी ठाकुर रणजीत सिंह, तहसील महासचिव जितेन्द्र सिंह, तहसील सचिव हमेन्द्र सिंह, जिला मीडिया प्रभारी कुलदीप आर्य, जिला महासचिव चंचल, ब्लॉक मीडिया प्रभारी परीक्षित (वासू), ग्राम उपाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह, योगेश आर्य, सोनू, मिंकी ने भी जान झोंक रखी है।

## जनपद सीतापुर मे गन्ना पर्यवेक्षक से मारपीट के विरोध में बिजनौर के गन्ना पर्यवेक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया



**द न्यूज फिफ्टीन**

**किरतपुर (बिजनौर)।** जयेष्ठ गन्ना विकास निरीक्षक दालेश्वर मिश्र के नेतृत्त्व मे बिजनौर गन्ना पर्यवेक्षकों ने साथी गन्ना पर्यवेक्षक के साथ मारपीट करने वाले दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्यवाई करने की मांग की ताकि आगे से किसी कर्मचारी के साथ कोई ऐसी घटना न हो,पर्यवेक्षकों ने काली पट्टी बांधकर प्रदर्शन किया। विरोध प्रदर्शन करने वालों मे रामेन्द्र यादव,आशुतोष उपाध्याय, पुरनलाल,दया सुवरूप , प्रदीप,सुषमा राही,नीटू कु मार ,बाबालू,राम सहाय,कुलदीप,राहुल,अनिल कुमार,इरफान अहमद शामिल रहे,प्रदर्शनकारियों ने डीएम को शिकायती पत्र भेजकर आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

## कड़ी सुरक्षा के बीच भदोही विधायक को नैनी जेल और बेटे को भेजा गया



**भदोही।** भदोही से सपा विधायक जाहिद जमाल बेग को शुक्रवार की सुबह कड़ी सुरक्षा के बीच नैनी जिला कारागार जबकि उनके बेटे जईम बेग को वाराणसी कारागार भेजा गया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर दोनों को जिला कारागार ज्ञानपुर से अन्यत्र भेजा गया। नौकरानी को आत्महत्या के लिए उकसाने एवं श्रम अधिनियम में दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज है। बेटे को पुलिस ने जहां दो दिन पूर्व भदोही के मकदूमपुर से गिरफ्तार किया वहीं विधायक ने कोर्ट में आत्मसमर्पण किया था।

**यह है पूरा मामला...**सपा विधायक के मलिकाना मोहल्ला स्थित आवास पर आठ सितंबर को नाबालिग नौकरानी ने फंदे से लटककर खुदकुशी कर ली थी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हैंगिग की बात सामने आई थी। 10 सितंबर को डीएम के निर्देश पर श्रम, सीडब्लयूसी, महिला कल्याण विभाग ने विधायक आवास पर छापेमारी की। जहां से एक और नाबालिग नौकरानी बरामद हुई।

डीएम के निर्देश पर विधायक जाहिद बेग, पत्नी सीमा बेग और बेटे जईम बेग के खिलाफ पुलिस ने बाल श्रम, बंधुआ श्रम और आत्महत्या के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया। फरार चल रहे विधायक ने गुरुवार को एमपीएमएल कोर्ट में आत्मसमर्पण किया। जिसके बाद उन्हें ज्ञानपुर स्थित जिला कारागार भेजा गया।

## शातिर प्रेमी: मदरसा शिक्षिका के साथ दुष्कर्म.. अश्लील वीडियो भी बनाई, इंस्टाग्राम से रिजवान ने की थी दोस्ती



**मुरादाबाद।** मुरादाबाद के कटघर थाना क्षेत्र में रहने वाली एक शिक्षिका ने प्रेमी पर कोल्ड ड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर पिलाने के बाद दुष्कर्म करने का आरोप लगाया। शिक्षिका ने आरोपी पर अश्लील वीडियो बनाने और ब्लैकमेल करने का भी आरोप लगाया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पीड़ित शिक्षिका ने बताया कि वह एक मदरसे में पढ़ाने जाती है। इंस्टाग्राम के जरिये उसकी दोस्ती मैनाठेर के डींगरपुर निवासी रिजवान से हो गई। इसके बाद दोनों के बीच बातचीत होने लगी। पीड़िता ने बताया कि 17 सितंबर को आरोपी रिजवान ने उसे कॉल कर कटघर क्षेत्र में बुला लिया।

आरोपी उसे पाकबड़ा क्षेत्र में ले गया, वहां कोल्ड ड्रिंक पिलाई। इसके बाद वह बेहोश हो गई। आरोपी ने उसके साथ दुष्कर्म किया और बेहोशी की हालत में पाकबड़ा क्षेत्र में छोड़ दिया। होश में आने पर पीड़िता अपने घर पहुंची और परिजनों को आपबीती सुनाई। कटघर थाना प्रभारी संजय कुमार ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर लिया गया है।

**अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर शादी के लिए बनाया दबाव...**मूंढापांडे थाना क्षेत्र में रहने वाली किशोरी का एक युवक ने अश्लील वीडियो बना ली। इसके बाद आरोपी ने वीडियो वायरल करने की धमकी देकर उस पर शादी के लिए दबाव बनाया है। पुलिस ने इस मामले में आरोपी युवक और उसके परिवार के चार लोगों के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पीड़ित किशोरी के पिता ने बताया कि उसका बेटा सऊदी अरब में काम करता है। मूंढापांडे के वीरपुर थान का नूर मोहम्मद भी उसके साथ काम करता है। नूर मोहम्मद से बेटे की जान पहचान हो गई थी। नूर मोहम्मद की बहन उसके घर आई। उसने अपने भाई नूर मोहम्मद की शादी ग्रामीण की किशोरी से कराने की बात कही थी लेकिन ग्रामीण ने बेटी नाबालिग होने की बात कहकर रिश्ता करने से इनकार कर दिया था। नूर मोहम्मद ने बेटी के फोन पर बातचीत शुरू कर दी और वीडियो कॉल कर अश्लील वीडियो बना ली।आरोप है कि इसके बाद नूर मोहम्मद उसकी बेटी पर शादी के लिए दबाव बना रहा है। मूंढापांडे थाना प्रभारी आरपी शर्मा ने बताया कि आरोपी नूर मोहम्मद, उसकी बहन, पिता आजाद और भाई मोहम्मद दीन के खिलाफ मारपीट, धमकी देने और आईटी एक्ट के तहत केस दर्ज किया गया है।

# मांझी, चिराग, लालू...सबको है 2025 से पहले 17 फीसदी वोटों की चिंता?

## नवादा में मंडराने लगे नेता

दीपक कुमार तिवारी।



**नवादा/पटना।** बिहार के नवादा जिले में 80 दलितों के घर जलाना अब इस समाज के लोगों की राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए मक्का बनने की राह पर है। सत्ता हो या विपक्ष सभी नवादा की इस दलित बस्ती में भ्रमण करने आएंगे और 17 फीसदी वोटबैंक में अपनी हिस्सेदारी का बीज बोकर जायेंगे।

केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण मंत्री और एलजेपी (आर) के अध्यक्ष चिराग पासवान नवादा के पीड़ित दलित बस्ती में आयेंगे। हालांकि उन्होंने इस घटना की निंदा करते हुए कहा कि राज्य सरकार मामले की जांच कर रही है और दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। स्वयं भी उन्होंने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से दोषियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर कठोर से कठोर सजा देने और पीड़ितों को आर्थिक मदद करने का आग्रह भी किया है।

हालांकि चिराग पासवान ने इस घटना की न्यायिक जांच की मांग भी की है। हालांकि लोजपा (आर) भी 8 सदस्यीय टीम नवादा रवाना करेगी। इस टीम का नेतृत्व लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी करेंगे। इनके साथ राष्ट्रीय प्रवक्ता धीरेंद्र मुन्ना और प्रदेश महासचिव संजय पासवान भी जायेंगे और पार्टी आलाकमान को रिपोर्ट देंगे।

केंद्रीय मंत्री और हम संस्थापक जीतन राम मांझी राजद के हमले का जवाब देते कहा कि राजद को विरोध करने का अधिकार नहीं है। 2005 से पहले क्या होता था? राजद के लोग भूल गए हैं क्या? वैसे नवादा में भूमि विवाद है। कोर्ट में भी मामला चल रहा है। वहां दो जातियां विशेषकर रह रही हैं। उस जमीन को भू माफिया हड़पना चाहते हैं। केस अभी चल ही रहा है। मांझी ने कहा कि कब्जा करने वालों को ये लग रहा है कि ये लोग (पीड़ित परिवार) पहले से रह रहे हैं और अनुसूचित जाति से हैं तो जमीन की बंदोबस्ती इनके नाम से हो जाएगी। इसलिए इन लोगों को यहां से भगाओ। पेट्रोल छिड़ककर करीब 40-50 घरों को आरोपितों ने ध्वस्त कर दिया है। लेकिन सरकार सचेत है। राहत कार्य जारी है। केंद्रीय मंत्री ने आगे कहा कि अब तक 15 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है और अन्य को भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा। पीड़ितों को मुआवजा दिया जाएगा। मैं 22 सितंबर को मौका-मुआयना करूंगा और मांग करूंगा कि सभी लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिए जाएं।

हालांकि नवादा में भूमि संघर्ष के दौरान झोपड़ियों में आग लगाने की घटना को हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतनराम मांझी ने इसका जिम्मेदार राजद समर्थक यादवों को बना डाला। ये लोग अनुसूचित जाति की जमीन पर कब्जा करना चाहते हैं, इसलिए पासवानों को आगे कर रविदास और मांझी जाति के लोगों की झोपड़ियों में आग लगा दी।

राजद सुप्रीमो लालू यादव ने इस घटना पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था ध्वस्त हो चुकी है। हत्या, बलात्कार की घटना बढ़ते जा रही है। नवादा की घटना समूह को मारने जैसी घटना है। राजद की सात सस्यीय टीम जाएगी और ग्राउंड रिपोर्ट तैयार करेगी। राजद की इस सात सदस्यीय टीम का नेतृत्व राजद के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय नारायण चौधरी करेंगे।

इनके साथ पूर्व मंत्री शिव चंद्र राम, सुरेश पासवान, पूर्व विधायक समता देवी, विधायक सतीश दास और उदय यादव भी रहेंगे। ये सात सदस्य अपने स्तर से घटना की जांच करेंगे और पूरी रिपोर्ट नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव को सौंपेंगे।

# बिहार की तस्वीर बदलने वाली है!

## नीतीश-मोदी की सरकार 59 हजार करोड़ खर्च कर बदल देंगे तकदीर

दीपक कुमार तिवारी।



**पटना।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने आवास पर एक अहम बैठक बैठक की। इस बैठक में उन्होंने राज्य में बनने वाले चार नए एक्सप्रेस-वे के बारे में जानकारी ली। ये एक्सप्रेस-वे 1575 किलोमीटर लंबे होंगे और इन पर 84 हजार 734 करोड़ रुपये खर्च होंगे। मुख्यमंत्री को बताया गया कि इन एक्सप्रेस-वे से राज्य में यातायात और तेज होगा और लोगों का समय बचेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जमीन अधिग्रहण का काम समय पर पूरा हो और लोगों को कोई परेशानी ना हो। पहला एक्सप्रेस-वे गोरखपुर को सिलीगुड़ी से जोड़ेगा। यह 600 किलोमीटर लंबा होगा जिसमें से 415 किलोमीटर बिहार में होगा। यह एक्सप्रेस-वे पश्चिमी चंपारण, पूर्वी चंपारण, शिवहर, सीतामढ़ी, मधुबनी, सुपौल, अररिया और किशनगंज जिलों से होकर गुजरेगा। दूसरा एक्सप्रेस-वे रक्सौल को हल्दिया से जोड़ेगा। इसकी लंबाई 702 किलोमीटर होगी जिसमें 367 किलोमीटर बिहार में होगा। यह पूर्वी चंपारण, शिवहर, मुजफ्फरपुर, समस्तीपुर, बेगूसराय, लखीसराय, जमुई और बांका जिलों से होकर गुजरेगा। तीसरा एक्सप्रेस-वे पटना से पूर्णिया तक जाएगा। इसकी लंबाई 250 किलोमीटर होगी और यह पटना रिंग रोड के दिघवारा पुल से शुरू होकर सारण, वैशाली, समस्तीपुर, दरभंगा, सहरसा और मधेपुरा जिलों से होते हुए पूर्णिया पहुंचेगा। चौथा एक्सप्रेस-वे आमस को दरभंगा से जोड़ेगा। इसके साथ ही बोधगया और राजगीर को जोड़ने के लिए एक फोर लेन सड़क भी बनाई जाएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक्सप्रेस-वे के लिए जमीन अधिग्रहण का काम समय पर पूरा कराएं। लोगों को कोई परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि इन एक्सप्रेस-वे से राज्य में यातायात बेहतर होगा और लोगों का समय बचेगा।

# तेजस्वी यादव दिलाते रहे सदस्यता, इधर एमएलए-एमएलसी का कट गया चालान

संवाददाता।



**पटना।** बिहार की राजधानी पटना में 19 सितंबर को ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने आरजेडी दफ्तर के बाहर गाड़ियां गलत खड़ी करने पर कई आरजेडी नेताओं के चालान काट दिए। इससे आरजेडी नेता भड़क गए और दफ्तर के बाहर हंगामा मच गया।

ट्रैफिक एसपी का कहना था कि कानून सबके लिए बराबर है और नियम तोड़ने पर कार्रवाई होगी। दरअसल, तेजस्वी यादव ने 19 सितंबर को आरजेडी की सदस्यता अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर आरजेडी दफ्तर पर भारी भीड़ जमा हो गई और कई नेताओं ने अपनी गाड़ियां गलत जगह पर खड़ी कर दीं। मौके पर पहुंचे ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने खुद मोर्चा संभाला और गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों के चालान काटने शुरू कर दिए।

उन्होंने विधायकों और एमएलसी की गाड़ियों को भी नहीं बख्शा और खुद ही पुलिसवालों को गाड़ियों से नेम प्लेट हटाकर चालान काटने के निर्देश दिए। ट्रैफिक एसपी की इस कार्रवाई से आरजेडी दफ्तर के बाहर अफरा-तफरी मच गई। नेताओं ने विरोध किया और कहा कि सिर्फ आरजेडी दफ्तर के बाहर ही कार्रवाई क्यों हो रही है? ट्रैफिक एसपी अपराजित लोहान ने कहा कि कानून सबके लिए एक है. इसलिए गाड़ी किसी की भी हो, नियम तोड़ने वालों का चालान जरूर कटेगा। उन्होंने आगे कहा कि ये कार्रवाई आम लोगों की शिकायत पर की गई है और आगे भी गलत तरीके से खड़ी गाड़ियों पर कार्रवाई होगी। आरजेडी नेताओं ने इस कार्रवाई पर नाराजगी जताई है।

# स्वच्छता-व्रत को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं सभी नगरवासी: गरिमा

जितेंद्र ने कुमार, बिट्टू



**पश्चिम चम्पारण/बेतिया।** स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत शुक्रवार को महापौर ने अपने नगर पार्षद पति और अन्य के साथ स्वयं झाड़ू लगाया। इसके तहत नगर निगम क्षेत्र में वार्ड 17 अंतर्गत लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में व्यापक साफ सफाई की गई। इस मौके पर महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने कहा कि सड़क पर कचरा रखना या फेकना दंडनीय अपराध है। इसलिए अपने आसपास महापौर के अलावें स्थानीय नगर पार्षद रोहित कुमार सिकारिया, स्वच्छता अभियान के ब्रांड एंबेसडर आदित्य मधुकर, पार्षद इंद्रजीत यादव आदि की झाड़ू लगाकर साफ सफाई में अपनी सहभागिता दिखाई।

इस मौके पर सबको प्रेरित करते हुए महापौर श्रीमती सिकारिया ने कहा कि "स्वच्छता ही सेवा" का यह अभियान एक सम्पूर्ण स्वच्छता का लक्ष्य प्राप्त करने के लिए व्यापक पहल है। जिसका उद्देश्य दैनिक जीवन में स्वच्छता और सफाई के प्रति हम सबको जीवनभर की प्रतिबद्धता को और सुदृढ़ करना है। उन्होंने कहा कि मैं अपने नगर निगम वासियों से अपील करती हूं कि अपने घर या प्रतिष्ठान के निकलने वाला सुखा और गीला कचरा डस्टविन में अलग

- **नगर के लाल बाजार, तीन लालटेन, हजारीमल धर्मशाला रोड, गुरुद्वारा रोड, नोनिया टोली में चला 'स्वच्छता ही सेवा' का अभियान।**
- **महापौर ने सार्वजनिक सड़क या खाली भूखंड पर कचरा रखने या फेकने को बताया दंडनीय अपराध**

अलग डालें। महापौर ने लोगों से कहा कि स्वच्छता को अपने दैनिक जीवन में अपनाएं, आसपास साफ सफाई रखें और अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें। मौके पर पार्षद मनोज कुमार, ओबैद अहमद, अधिकारी अशफाक अहमद, अधिकारी अर्पित राय, सफाई निरीक्षक जुलम साह, घारी प्रभारी तबरेज आलम, वार्ड जमादार इंदल कुमार, समाजसेवी नवेंदु चतुवेर्दी एवं वार्ड नंबर 17 के स्थानीय नागरिको ने स्वच्छता की इस अभियान में भागीदारी दी।

# बेगूसराय: बाढ़ पीड़ितों को मिली नाव पर जारी था महुआ शराब का निर्माण

## अंदर का नजारा देख हैरान रह गई पुलिस

संवाददाता।



**बेगूसराय।** बिहार के बेगूसराय में अवैध शराब कारोबारी ने आपदा में अवसर निकाल लिया। सरकारी नाव पर महुआ शराब बनाने लगा। इसका खुलासा तब हुआ जब अंचलाधिकारी ने मुखिया को सरकारी नाव दूसरे पंचायत में देने की बात कही। तब मुखिया ने नाव की खोज नदी में जाकर की तो अवैध शराब कारोबारी सरकारी नाव पर अवैध महुआ शराब का निर्माण कर रहा था। नाव पर काफी मात्रा में निर्मित शराब के साथ-साथ शराब से भरा गैलन, गैस सिलेंडर पकड़ा गया।

मुखिया ने इसकी सूचना बछवारा थाना पुलिस को दी जिसके बाद पुलिस गंगा किनारे पहुंची और शराब कारोबारी को गिरफ्तार करते हुए शराब के साथ अन्य सामग्री को जब्त किया। आप तस्वीरों में देख सकते हैं कि किस कदर शराब कारोबारी को मुखिया ने नाव पर ही रस्सी से बांध दिया है। नाव पर दर्जन से ज्यादा गैलन रखा हुआ है। गैस सिलेंडर और चूल्हा भी रखा हुआ है। दरअसल बछवारा प्रखंड के कई पंचायत में बाढ़ है, बाढ़ को देखते हुए अंचलाधिकारी ने रानी 2 पंचायत के मुखिया अमरजीत राय को पूर्व में दिए गए सरकारी नाव को दादूपुर पंचायत में देने की बात कही।


उसके बाद मुखिया की ओर से नाव की खोज शुरू की गई। जैसे ही नाव मिली, उसके अंदर शराब निर्माण की बात चली। मुखिया ने अपने समर्थकों के साथ शराब बनाने वाले को पकड़ लिया और उसे नाव पर रस्सी से बांध दिया। उसके बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गई। मुखिया अपने समर्थकों के साथ शराब लेकर नदी किनारे पहुंचे। उसके बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। मुखिया अमरजीत राय ने बताया कि बाढ़ की वजह से मेरे अंदर भी एक सरकारी नाव था जिसे को सीओ के द्वारा दूसरे पंचायत में देने को कहा गया और जब नाव की खोज की गई नाव पर अवैध शराब कारोबारी शराब बना रहा था।

बाढ़ पीड़ितों को मिली सरकारी नाव पर शराब बनाने की घटना से पुलिस हैरान है। उत्पाद विभाग को भी इसकी जानकारी दी गई है। बताया गया है कि मामले में पुलिस कानूनी कार्रवाई में जुट गई है। इस मामले में एसपी मनीष कुमार ने प्रेस को बताया कि मामले में कार्रवाई जारी है। भारी मात्रा में महुआ शराब जब्त किया गया है। उसे नष्ट करने की कवायद जारी है। कारोबारी को गिरफ्तार कर जेल भेजने की प्रक्रिया जारी है। ध्यान रहे कि बेगूसराय के कई इलाकों को नाव मुहैया कराई गई है। इन्हीं नाव पर कब्जा करके कारोबारी शराब का धंधा कर रहे हैं।

# बांका: टच स्क्रीन मोबाइल मिलते ही देवर संग फरार हुई चार बच्चों की मां

## पुलिस से गुहार लगाने पहुंचा पति, यह है पूरा मामला

संवाददाता।



**बांका।** बिहार के बांका जिले में अजब प्रेम की गजब कहानी सामने आई है। ये प्रेम प्रसंग किसी और के बीच नहीं बल्कि देवर और भाभी के बीच पनप गई। इस कहानी में ट्विस्ट तब आया, जब चार बच्चों की मां यानी भाभी ने अपने पति से स्मार्ट फोन की मांग की। पति ने जैसे-तैसे पैसे का जुगाड़ कर पत्नी के लिए टच स्क्रीन मोबाइल खरीदकर लाया। उसके बाद पत्नी अपने चार बच्चों को छोड़कर देवर के साथ फरार हो गई। मामला अमरपुर प्रखंड क्षेत्र के एक गांव का बताया जा रहा है। जहां चार बच्चों की मां अपने बच्चों को छोड़कर फरार हो गई है।

मामले में पति दीपक मंडल ने थाने में आवेदन देकर पत्नी को वापस बुलाने की मांग की गई है। पुलिस से उचित कार्रवाई की मांग की है। पुलिस इस मामले की जांच में जुटी हुई है। पति दीपक मंडल ने बताया कि वह दिल्ली में रहता है। वहां राजमिस्त्री के साथ लेबर का काम करता है। जिससे परिवार का भरण-पोषण करता है। जिससे परिवार चलता था। उसने बताया कि हम गुरुवार को घर आये उसके बाद उसी दिन शाम को मेरी पत्नी मेरे भाई के साथ एक छोटे बेटे को लेकर फरार हो गई।

पति ने बताया कि मैं किसी काम से बाजार गया था। उसके बाद अपनी पत्नी को आस-पड़ोस में ढूंढा लेकिन जब नहीं मिली। उसके बाद मैंने लोगों से पूछताछ की, किसी ने उसकी जानकारी नहीं दी। इस दौरान मेरे बड़े बेटे ने बताया कि मम्मी यह बोलकर गई है की हम नानी घर जा रहे है। चाचा के साथ तुम लोग अच्छा से रहना। उसके बाद बैग लेकर चली गई। हम तीनों भाइयों ने भी जब जाने की बात कही तो मां ने कहा कि जल्द ही आ जाऊंगी। फिलहाल पापा आए हैं उनके साथ रहना। पति मंडल ने बताया कि कुछ दिन पहले उसने पत्नी की डिमांड पर ओप्पो कंपनी का मोबाइल खरीदकर उसे दिया था। वो पति से कम और देवर से ज्यादा बात करती थी। पति जब भी कॉल करता था तो मोबाइल वेटिंग बताता था।

पति ने कहा कि मैं घर आया तो मेरे सगे छोटे भाई के साथ भाग गई। साथ ही मोबाइल भी बंद कर दिया है, मेरा भाई और मेरी पत्नी दोनों ही घर से फरार हैं। पति ने अमरपुर थाने में लिखित आवेदन दिया है, पुलिस से अपनी पत्नी के खोजबीन की गुहार लगाया है। इधर, अमरपुर थाना अध्यक्ष पंकज कुमार झा ने बताया कि मामले को लेकर आवेदन दिया गया है, जांच करके खोजबीन किया जायेगा।

# पर्यटन विभाग प्रत्येक वर्ष विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव का आयोजन करेगा

## सहरसा में नीतीश कुमार का बड़ा दावा

संवाददाता।



**पटना/सहरसा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शुक्रवार को सहरसा जिला के कहरा प्रखंड के दिवारी स्थित प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के शिलापट्ट का अनावरण कर लोकार्पण किया। लोकार्पण के बाद मुख्यमंत्री ने मंदिर में पूजा-अर्चना कर राज्य के सुख-शांति एवं समृद्धि की कामना की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यटन विभाग प्रत्येक वर्ष यहां विषहरा भगवती मंदिर महोत्सव आयोजित करेगा। मुख्यमंत्री ने प्राचीन मां विषहरा भगवती मंदिर के परिसर का भ्रमण कर विकास कार्यों का जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने मंदिर प्रांगण में पौधारोपण भी किया।

उन्होंने कहा कि मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण होने के बाद अब आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा नहीं होगी, यहां आकर उन्हें अच्छा लगेगा। इसके बाद मुख्यमंत्री ने कहरा प्रखंड स्थित ग्राम पंचायत अमरपुर में विभिन्न विभागों की योजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। यहां मुख्यमंत्री ने 414.74 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा जिला अंतर्गत खजुर देवा चौक से डेंग राही घाट के बीच कोसी नदी पर उच्चस्तरीय आरसीसी पुल के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। इसके अलावा 5.67 करोड़ रुपए की लागत से सहरसा जिला में निर्मित होने वाले मॉडल थाना भवन का भी शिलान्यास किया। जल-जीवन-हरियाली अभियान के तहत पंचायत सरकार भवन अमरपुर के पास स्थित सरकारी पोखर का मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया।

इस दौरान मुख्यमंत्री ने पोखर में मछली का जीरा भी छोड़ा। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि इस सरकारी पोखर के किनारे सीढ़ीनुमा घाट का निर्माण कराएं तथा इसके चारों तरफ सघन पौधरोपण कराएं। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री सह सहरसा जिला के प्रभारी मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल, मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन मंत्री रत्नेश सादा भी उपस्थित रहे।

# आरजेडी नेता बीमा भारती के घर कुर्की जब्ती

## गोपाल यादुका हत्याकांड में बेटा फरार, सोफा तक उठाकर ले गई पुलिस

संवाददाता।



**पूर्णिया।** लोकसभा चुनाव के वक्त तामझाम के साथ जेडीयू छोड़ने का ऐलान करने के बाद बीमा भारती लालू यादव की पार्टी के साथ मिल गईं। उन्होंने आरजेडी की टिकट पर लोकसभा चुनाव में फाइट भी किया। बीमा भारती हार गईं। उसके बाद से उनकी मुश्किलों में इजाफा हो गया है। गोपाल यादुका हत्याकांड का भूत उनका पीछा नहीं छोड़ रहा है। आरजेडी में उपाध्यक्ष पद पर आसीन बीमा भारती को लगातार पुलिस की कार्रवाई का सामना करना पड़ रहा है। रूपौली की पूर्व विधायक रहीं बीमा भारती के घर कुर्की जब्ती की कार्रवाई की गई है। पूर्णिया के भट्ठा स्थित उनके घर पर पहुंची पुलिस ने कार्रवाई की। घर से सभी सामान बाहर निकलवाया। सोफा तक पुलिस जब्त करके ले गई।

ध्यान रहे कि गोपाल यादुका हत्याकांड मामले में बीमा भारती के पति अवधेश मंडल और उनका बेटा राजा दोनों आरोपित हैं। अवधेश मंडल जहां इस मामले में सरेंडर कर चुके हैं। वहीं दूसरी ओर बीमा भारती का बेटा फरार है। पुलिस ने कुर्की जब्ती का पोस्टर पहले ही चिपका दिया था। राजा के सरेंडर नहीं करने के बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की। जेडीयू छोड़कर जाने के बाद से बीमा भारती की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं। शुक्रवार को रूपौली थानाध्यक्ष के साथ भारी संख्या में पुलिस की टीम बीमा भारती के आवास पर पहुंची। उसके बाद कुर्की जब्ती की कार्रवाई शुरू कर दी गई।

पुलिस ने बीमा भारती के घर के अंदर मौजूद सभी सामान को बाहर निकाला। जिसमें सोफा, फर्नीचर, गैस सिलेंडर के अलावा तमाम घर के सामान को बाहर निकाला गया। घर के सामने ही पहले सामान को रखा गया। उसकी गणना की गई। बीमा भारती के घर के दरवाजे को मशीन से काटा गया। ध्यान रहे कि हाई प्रोफाइल गोपाल यादुका मर्डर केस में पुलिस ने ये एक्शन लिया है। इस मामले में बीमा भारती का बेटा राजा ज्यादा चालाक बन रहा था। उसने न कोर्ट में सरेंडर किया और न ही पुलिस को कोई जवाब दिया। उसके साथ ही फरार हो गया। अब कोर्ट के आदेश के बाद पुलिस ने ये कार्रवाई की।

पुलिस इससे पूर्व बीमा भारती के आवास पर कुर्की जब्ती का आदेश चिपका चुकी थी। रूपौली उपचुनाव से पहले तीन जुलाई को ही पुलिस ने यहां इश्तेहार को लगाया था। उसके बाद भी बीमा भारती के बेटे के कानों पर जूं नहीं रेंगी। वो फरार रहा। उसके बाद पुलिस ने इस कार्रवाई को किया है। बीमा भारती ने नीतीश कुमार के खिलाफ लगातार बयानबाजी करने के बाद आरजेडी ज्वाइन किया था। उसके बाद नीतीश कुमार ने भी खरी खोटी सुनाई थी। बीमा भारती को लोकसभा चुनाव में पप्पू यादव ने हरा दिया था। आरजेडी ने सारा प्रचार तंत्र बीमा भारती के लिए लगाया था लेकिन बीमा भारती को जीत नहीं मिली थी।

# 'नीतीश ने बिहार को गुंडों को सौंप दिया', तेजस्वी यादव ने ये क्या कह दिया!

संवाददाता।

**पटना।** बिहार में विपक्ष के नेता और पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर स्थापित लोकतांत्रिक मयार्दाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास करने का आरोप लगाते हुए तंज कसा। तेजस्वी यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट किया, बिहार में प्रतिदिन हत्याएं हो रही हैं। दलितों के घर जलाए जा रहे हैं। लूट, अपहरण और फिरौती की घटनाएं हो रही हैं। बच्चियों और महिलाओं के साथ दुष्कर्म हो रहे हैं। कानून व्यवस्था बदहाल है, अपराधी बेलगाम हैं।'

आगे तेजस्वी यादव ने लिखा कि 'थाना और ब्लॉक में व्याप्त भ्रष्टाचार से जनता त्रस्त है। पुलिस शराबबंदी के नाम पर धन शोधन में व्यस्त है। लेकिन, इन सब ज्वलंत मुद्दों पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार मौन हैं, निष्क्रिय हैं। चंद अधिकारी केवल उन्हें अर्धनिर्मित एवं निमार्णाधीन



योजनाओं के निरीक्षण, उद्घाटन और शिलान्यास के लिए लेकर जाते है ताकि यह लगे की सब ठीक है। अगर सब सही है तो फिर मुख्यमंत्री मीडिया और जनता से संवाद क्यों नहीं करते?"

तेजस्वी यादव ने आगे कहा कि मुख्यमंत्री जिस क्षेत्र और जिले में जाते हैं तो वहां के स्थानीय जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित क्यों नहीं किया जाता? विभागीय मंत्री साथ क्यों नहीं होते? सीएम स्थापित लोकतांत्रिक मयार्दाओं, परंपराओं और मूल्यों का ह्रास कर रहे हैं। बता दें कि इसके अलावा तेजस्वी यादव ने एक्स पर एक और पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'पीएम मोदी और नीतीश कुमार ने बिहार को गुंडों को सौंप दिया है। कोर्ट से गवाही देकर लौट रहे तीन लोगों को गोली मार दी, पहले भी इन्हें गोली मारी थी। इससे अंदाजा लगाइए बीजेपी-जेडीयू ने बिहार में कानून-व्यवस्था की क्या दुर्गति कर दी है?' उल्लेखनीय है कि नीतीश कुमार पिछले एक महीने से लगातार विभिन्न जिलों में पहुंच रहे हैं और विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन कर रहे हैं। इधर, तेजस्वी यादव भी लगातार सरकार को विभिन्न मुद्दों को लेकर घेर रहे हैं। तेजस्वी यादव ने दो दिन पहले नवादा में दलित समाज के लोगों के घर जलाए जाने को लेकर भी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है।



चरण सिंह

विचार

# केजरीवाल के साथ ही अब शैलजा भी बनी कांग्रेस की टेंशन !

हरियाणा में अरविंद केजरीवाल के साथ ही अब कुमारी शैलजा भी कांग्रेस के लिए टेंशन बनती जा रही हैं। बताया जा रहा है कि अपने समर्थकों को कम टिकट मिलने से नाराज हैं और चुनाव प्रचार में नहीं जा रही हैं। मात्र ९ टिकट उनकी समर्थकों को मिलने को वह अपना अपमान समझ रही हैं। उधर बीजेपी ने कुमारी शैलजा की नाराजगी को भुनाना शुरू कर दिया है। टिकट बंटवारे में कुमारी शैलजा को कम तवज्जो देने को बीजेपी ने कांग्रेस को दलित विरोधी करार दे दिया है।

दरअसल हरियाणा में ज्यों-ज्यों विधानसभा चुनाव करीब आ रहे हैं त्यों त्यों चुनावी माहौल गर्म होता जा रहा है। इन चुनाव में समीकरण कांग्रेस के पक्ष में बताये जा रहे हैं। कांग्रेस हाईकमान ने पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा को खुलकर खेलने का मौका दे दिया है। भारतीय जनता पार्टी किसी भी तरह से कांग्रेस का वोट काटना चाहती है। एक ओर जहां अरविंद केजरीवाल को जमानत मिलने के पीछे भाजपा का हाथ बताया जा रहा है वहीं बीजेपी कुमारी शैलजा की नाराजगी को हवा दे रही है। दरअसल कुमारी शैलजा कई दिनों से चुनाव प्रचार में नहीं जा रही हैं और न ही वह आजकल कोई प्रेस रिलीज जारी कर रही हैं।

बताया जा रहा है कि टिकट बंटवारे में उन्हें तवज्जो न मिलने से वह नाराज हैं। दरअसल कांग्रेस ने 90 सीटों में से 89 सीटों पर प्रत्याशी घोषित कर दिये हैं। इन प्रत्याशियों में से 70 प्रत्याशी हुड्डा लॉबी के तो 9 प्रत्याशी शैलजा लॉबी के बताए जा रहे हैं। अपने समर्थकों को कम टिकट मिलन से शैलजा नाराज बतायी जा रही हैं। उधर शैलजा की नाराजगी को बीजेपी ने हवा दे दी है। बीजेपी के वरिष्ठ नेता अनुराग ठाकुर ने कहा है कि कांग्रेस दलित विरोधी पार्टी है। जब हरियाणा में दलितों को तवज्जो नहीं दी जा रही है तो फिर दूसरे राज्यों में कांग्रेस दलितों की क्या सुध लेगी ? बसपा के राष्ट्रीय कोर्डिनेटर आकाश आनंद भी शैलजा की उपेक्षा का मुद्दा उठा चुके हैं। उन्होंने कुमारी शैलजा को बसपा में शामिल होने का ऑफर दे दिया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस में कुमारी शैलजा का अपमान किया जा रहा है।

दरअसल शैलजा का परिवार पुराना कांग्रेस रहा है। उनके पिता भी बड़े कांग्रेसी थे। शैलजा भी लंबे समय से कांग्रेस की राजनीति कर रही हैं। वह हरियाणा की कद्दावर नेता मानी जाती हैं। २०१९ के विधानसभा में भी भूपेंद्र सिंह हुड्डा और शैलजा के बीच विवाद देखा गया था। भूपेंद्र सिंह हुड्डा, कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला के विवाद के चलते कांग्रेस का चुनाव बिगड़ गया था। अंत समय में भूपेंद्र सिंह हुड्डा को चुनाव में अगुवाई करने का मौका दिया था। जिसका खामियाजा कांग्रेस को भुगतना पड़ा था। भूपेद्र सिंह हुड्डा फिर भी 30 सीट हासिल कर ले गये थे। इन चुनाव में कांग्रेस ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि कुमारी शैलजा और रणदीप सिंह सुरजेवाला केंद्र की राजनीति करेंगे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा को कांग्रेस ने हरियाणा चुनाव अपने हिसाब से लड़ने का अधिकार दे दिया है।

भूपेंद्र सिंह हुड्डा के शैलजा समर्थकों को मात्र 9 सीटें देने से वह नाराज हो गई है। बीजेपी ने शैलजा की नाराजगी को भुनाने का पासे फेंकने शुरू कर दिये हैं। दरअसल चौधरी देवीलाल, भजनलाल, बंसीलाल के बाद ओमप्रकाश चौटाला के बाद अब भूपेंद्र सिंह हुड्डा जाटों के सर्वमान्य नेता माना जा रहे हैं। हरियाणा पर लंबे समय तक राज करने वाली इनेलो से बसपा ने गठबंधन किया है। जेजेपी से चंद्रशेखर आजाद की आजाद समाज पार्टी ने गठबंधन किया है।

उधर आम आदमी पार्टी सभी 90 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। अरविंद केजरीवाल ने मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देकर अपनी सहयोगी आतिशी को मुख्यमंत्री बना दिया है। अब वह हरियाणा में खुलकर चुनाव लड़ेंगे। क्योंकि कांग्रेस से उनकी पार्टी का गठबंधन नहीं हो पाया है। ऐसे में उनका प्रयास होगा कि वह अधिक से अधिक सीटें जीतकर सरकार बनाने में कांग्रेस के साथ सौदेबाजी करें। हरियाणा की सौदेबाजी उनके दिल्ली में भी काम आ सकती है।

# 70 साल के बुजुर्गों का आयुष्मान कार्ड

-सनत जैन-

केंद्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत 70 साल के बुजुर्गों को 5 लाख रुपए का बीमा देने का निर्णय लिया है। सरकार द्वारा यह कहा गया है, कि किसी भी अस्पताल में 5 लाख रुपए तक का इलाज, कोई भी बुजुर्ग, बिना किसी भेदभाव के, अमीर हो या गरीब सभी को मिलेगा। सेवानिवृत्ति सभी वर्ग के कर्मचारियों को भी इसका लाभ मिलेगा। केंद्र सरकार हुजुर्गों के लिए अलग से आयुष्मान कार्ड तैयार कर रही है। केंद्र सरकार ने केंद्रीय सांख्यिकी विभाग और निर्वाचन आयोग से 70 साल के बुजुर्गों का डेटा मांगा है। केंद्र सरकार ने 2021 की स्थिति में देश के सभी बुजुर्गों का डेटा लेकर उन सभी के आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया शुरू कर रही है। 2024 में जिन लोगों की आयु 70 वर्ष हो चुकी होगी उनके अलग से आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। सरकार का कहना है, पति हो या पत्नी, दोनों के ही अलग-अलग आयुष्मान कार्ड बनेंगे। दोनों को ही पांच-पांच लाख रुपए के इलाज की सुविधा होगी। बुजुर्ग को हर अवस्था में बीमारी का इलाज मिल सके। अस्पतालों में जिस तरह की लूट खसोट और धोखाधड़ी का माहौल है। इलाज के रेट बड़ी तेजी के साथ, पिछले कई वर्षों में कई गुना बढ़ें हैं। आयुष्मान कार्ड या बीमा कार्ड होने पर अधिकतम से अधिकतम खर्च अस्पतालों द्वारा वसूला जाता है। जिसके कारण बुजुर्गों को कई बार परेशानियों का सामना करना पड़ता है। केंद्र सरकार को इस दिशा में भी ध्यान देने की जरूरत है। इलाज अच्छा हो, इलाज के दौरान किसी तरह की बेईमानी ना हो। पिछले कुछ वर्षों में चिकित्सा के क्षेत्र में डॉक्टरों और अस्पतालों द्वारा जिस तरह की लूट की जा रही है। इसको लेकर बुजुर्गों में हर समय चिंता बनी रहती है। चिकित्सा में जिस तरह की सावधानी जरूरी होती है, विशेषज्ञों द्वारा सही तरीके से मरीजों का उपचार हो। इस दिशा मे डॉक्टर और अस्पतालों का जिम्मेदार होना जरूरी है। बहरहाल जिस तरह से बुजुर्गों की संख्या साल दर साल बढ़ती चली जा रही है। उसको देखते हुए, केंद्र सरकार द्वारा जो नई योजना बनाई गई है। उसकी प्रशंसा करनी ही होगी। समय रहते सरकार ने बुजुर्गों के ऊपर ध्यान दिया है। इस सुविधा से उनका जीवन पहले की तुलना में बेहतर होगा। बुजुर्गों की एक सबसे बड़ी मांग यह भी है। रेल एवं बस यात्रा में जो रियायत पहले मिलती थी। उसको पुनः शुरू किया जाए। इलाज, सामाजिक एवं पारिवारिक कार्यों के लिए जब बुजुर्ग यहां से वहां जाते हैं। उस समय उनका बहुत सारा पैसा यात्रा की टिकट के रूप में चला जाता है। केंद्र सरकार को बुजुर्गों के लिए रियायती दर पर रेल और बस की सुविधा जल्द शुरू करने की जरूरत है। सरकार यह निर्णय लेगी तो बुजुर्गों को राहत मिलेगी। सरकार को जिम्मेदारी तय करनी पड़ेगी, भारत के किसी भी अस्पताल में बुजुर्गों को बेहतर इलाज मिले। उनकी अच्छी देखरेख हो। ऐसा हुआ तो सरकार ने जो योजना बनाई है। वह सार्थक सिद्ध होगी। बुजुर्गों का आशीर्वाद भी मिलेगा।

जम्मू कश्मीर हाईकोर्ट की एकल बेंच ने यौन उत्पीड़न के आरोप में वायु सेवा के विंग कमांडर को सशक्त जमानत दी है। जमानत देने के पीछे हाईकोर्ट ने कहा है, याचिका करता विग कमांडर के पद पर है। गिरफ्तारी के साथ ही उसकी प्रतिष्ठा के साथ उसका करियर भी खत्म हो जाएगा। अदालत ने 50000 रुपए की जमानत स्वीकार करते हुए विग कमांडर के ऊपर कुछ शर्त लगाई हैं।

# चीन से आगे निकलता भारत

-प्रहलाद सबनानी-

पिछले 15 वर्षों से यह प्रचलन चल रहा है कि इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स (आईएमआई) में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है परंतु धीरे धीरे अब चीन की भागीदारी इस इंडेक्स में कम हो रही है एवं इस वर्ष अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस इंडेक्स में प्रतिशत में चीन की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है और भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ते हुए चीन से आगे निकल आई है और भारत की हिस्सेदारी अब 22.27 प्रतिशत से अधिक हो गई है एवं चीन की हिस्सेदारी कम होकर 21.58 रह गई है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है और इसका आशय यह है कि जो निवेशकर्ता इस इंडेक्स के आधार पर अपना निवेश तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में करते हैं वे अब भारत की ओर अपना रूख करेंगे। दूसरे, पिछले कुछ वर्षों से विदेशी निवेशक भारत से निवेश बाहर निकालते रहे हैं क्योंकि उनको भारतीय शेयर मंहगे लगाने लगे थे।

अर्थ के कई क्षेत्रों में आज भी पूरे विश्व में चीन का दबदबा कायम है जैसे चीन विनिर्माण के क्षेत्र में विश्व का केंद्र बना हुआ है। विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) के शेयर बाजार के आकार के मामले में भी चीन का दबदबा लम्बे समय से कायम रहा है। परंतु, अब भारत उक्त दोनों ही क्षेत्रों, (विनिर्माण एवं शेयर बाजार), में चीन को कड़ी टक्कर देता दिखाई दे रहा है तथा हाल ही में तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार सम्बंधी इंडेक्स में भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है।

दरअसल पूरे विश्व में संस्थागत निवेशक विभिन्न देशों, विशेष रूप से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं, के शेयर बाजार में पूंजी निवेश करने के पूर्व वैश्विक स्तर पर इस संदर्भ में जारी किए जाने वाले कुछ महत्वपूर्ण इंडेक्स पर बहुत अधिक भरोसा करते हैं। अथवा, यह कहा जाय कि इन इंडेक्स के आधार पर अथवा इन इंडेक्स की बाजार में चाल पर ही वे इन देशों के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं तो यह कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी। इन संस्थागत निवेशकों में विभिन्न देशों के पेन्शन फंड, सोवरेन फंड, निवेश फंड आदि शामिल रहते हैं जिनके पास बहुत बड़ी मात्रा में पूंजी की उपलब्धता रहती है एवं वे अपनी आय बढ़ाने के उद्देश्य से तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं के शेयर बाजार में अपना निवेश करते हैं। इस संदर्भ में एमएससीआई इमर्जिंग मार्किट आईएमआई (इन्वेस्तिबल मार्किट इंडेक्स) का नाम पूरे विश्व में बहुत विश्वास के साथ लिया जाता है। विश्व प्रसिद्ध निवेश कम्पनी मोर्गन स्टेनली ने अपने प्रतिवेदन में बताया है कि इस इंडेक्स में 24 तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं (इमर्जिंग देशों) की 3,355 कम्पनियों के शेयरों को शामिल किया गया है।

पिछले 15 वर्षों से यह प्रचलन चल रहा है कि इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स (आईएमआई) में चीन की हिस्सेदारी सबसे अधिक रही है परंतु धीरे धीरे अब चीन की भागीदारी इस इंडेक्स में कम हो रही है एवं इस वर्ष अब भारत ने चीन को पीछे छोड़ दिया है। इस इंडेक्स में प्रतिशत में चीन की हिस्सेदारी लगातार कम हो रही है और भारत की हिस्सेदारी लगातार बढ़ रही है। इस इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 6 प्रतिशत से बढ़ते हुए चीन से आगे निकल आई है और भारत की हिस्सेदारी अब 22.27 प्रतिशत से अधिक हो गई है एवं चीन की हिस्सेदारी कम होकर 21.58 रह गई है। यह इतिहास में पहली बार हुआ है और इसका आशय यह है कि जो निवेशकर्ता इस इंडेक्स के आधार पर अपना निवेश तेजी से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में करते हैं वे अब भारत की ओर अपना रूख करेंगे। दूसरे, पिछले कुछ वर्षों से विदेशी निवेशक भारत से निवेश बाहर निकालते रहे हैं क्योंकि उनको भारतीय शेयर मंहगे लगाने लगे थे। परंतु, अब यह विदेशी निवेशक भी भारत की ओर रूख करेंगे। ऐसी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। भारत का वेट बढ़ने से इस प्रकार के निवेशक भी भारत में आएंगे ही और भारत में 400 से 450 करोड़ अमेरिकी डॉलर का नया निवेश करेंगे।

एक अन्य एमएससीआई वैश्विक सूचकांक में भी भारत की हिस्सेदारी बढ़कर 2 प्रतिशत हो गई है। परंतु, एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इनवेस्टिबल फड इंडेक्स में भारत की हिस्सेदारी 22 प्रतिशत से अधिक हो गई है। वैश्विक स्तर पर निवेश करने वाले बड़े फंड्ज का निवेश सम्बंधी आबंटन भी इसी हिस्सेदारी के आधार पर होने की सम्भावना है। इन्हीं कारणों के चलते अब आने वाले समय में भारत के शेयर बाजार में विदेशी संस्थागत निवेशकों द्वारा अपना निवेश बढ़ाए जाने की सम्भावना व्यक्त की जा रही है।

वैसे भी चीन की अर्थव्यवस्था में अब विकास दर कम हो रही है क्योंकि पिछले कुछ समय से चीन लगातार कुछ आर्थिक समस्याओं का सामना कर रहा है। चीन की विदेश नीति में भी बहुत समस्याएं उभर रही हैं विशेष रूप से चीन के अपने लगभग समस्त पड़ौसी देशों के साथ राजनैतिक सम्बंध ठीक नहीं हैं। चीन के शेयर बाजार में देशी निवेशक ही अधिक मात्रा में भाग ले रहे थे और वे भी अब अपना पैसा शेयर बाजार से निकाल रहे हैं। इन समस्याओं के पूर्व एमएससीआई इमर्जिंग मार्केट इंडेक्स में चीन ओवर वेट था और भारत अंडर वेट था। परंतु, पिछले दो वर्षों के दौरान स्थिति में तेजी से परिवर्तन हुआ है। चीन की अर्थव्यवस्था में आई समस्याओं के चलते चीन का इस इंडेक्स में खराब प्रदर्शन रहा है, उससे चीन की हिस्सेदार इस इंडेक्स में कम हुई है। दूसरा, भारत अपने आप में विभिन्न आयामों वाला शेयर बाजार है क्योंकि यहां निवेशकों को सूचना प्रौद्योगिकी, ऊर्जा एवं गैस, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, होटेल, बैंकिंग एवं वित्त आदि जैसे लगभग समस्त क्षेत्र मिलते हैं। इसके विपरीत ताईवान के शेयर बाजार में सेमीकंडक्टर क्षेत्र की कम्पनियों की 60 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है, इसी प्रकार, सऊदी अरब में तेल कम्पनियों की 90 प्रतिशत से अधिक की भागीदारी है। इस प्रकार ये देश पूर्णतः केवल एक अथवा दो क्षेत्रों पर ही निर्भर हैं जबकि भारत में विदेशी निवेशकों को कई क्षेत्रों में निवेश का मौका मिलता है। भारत एक बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था शीघ्र ही पांचवे स्थान से आगे बढ़कर तीसरे स्थान पर आने की तैयारी में है। भारत में सशक्त वित्तीय प्रणाली के साथ ही सशक्त प्राइमरी मार्केट भी है। भारत में स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों की संख्या भी बहुत तेजी से बढ़ रही है, इन स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियों को भी तो वित्त की आवश्यकता है, जिनमें विदेशी निवेशक अपनी पूंजी का निवेश कर सकते हैं। इस प्रकार यह स्टार्ट अप एवं नई कम्पनियां भी निवेशकों को निवेश के लिए अतिरिक्त बेहतर विकल्प प्रदान कर रही हैं।

साथ ही, भारतीय अर्थव्यवस्था में तेजी का कम्पन भी स्पष्टतः दिखाई दे रहा हैं और भारत में सकल घरेलू उत्पाद में लगभग 8 प्रतिशत प्रतिवर्ष की वृद्धि हो रही है। भारत में रोजगार के नए अवसर निर्मित करने के अतिरिक्त प्रयास किए जा रहे हैं इससे भारत में विभिन्न उत्पादों की मांग में और अधिक वृद्धि होगी तथा इससे विभिन्न कम्पनियों की लाभप्रदता में भी अधिक वृद्धि होगी और अंततः इन कंपनियों के शेयरों में निवेश करने वाले विदेशी संस्थागत निवेशकों को भी भारत में निवेश करने में और अधिक लाभ दिखाई देगा। दूसरे, भारत के ग्रामीण इलाकों में रहने वाली 60 प्रतिशत जनसंख्या का भारत के सकल घरेलू उत्पाद में योगदान केवल 18 प्रतिशत तक ही है, इसे बढ़ाए जाने के लगातार प्रयास केंद्र एवं विभिन्न राज्य सरकारों द्वारा किए जा रहे हैं। इन प्रयासों के चलते ग्रामीण इलाकों में निवास कर रहे नागरिकों की आय में भी वृद्धि दर्ज होगी। साथ ही, ग्रामीण इलाकों में निवासरत नागरिकों को उद्योग एवं सेवा के क्षेत्रों में रोजगार के अवसर प्रदान किए जा रहे हैं ताकि ग्रामीण इलाकों एवं कृषि क्षेत्र पर जनसंख्या का दबाव कम हो। भारत की जनसंख्या की औसत आयु 27 वर्ष हैं, चीन की जनसंख्या की औसत आयु 40 वर्ष है और जापान की जनसंख्या की औसत आयु 53 वर्ष है। इस प्रकार भारत आज एक युवा देश है क्योंकि भारत में युवा जनसंख्या, चीन एवं जापान की तुलना में, अधिक है जो भारत के लिए, आर्थिक दृष्टि से, लाभ की स्थिति उत्पन्न करता है।।

भारतीय युवाओं को यदि रोजगार के पर्याप्त अवसर उपलब्ध होने लगते हैं तो इससे भारत के सकल घरेलू उत्पाद में और अधिक तेज गति से वृद्धि सम्भव होगी। चीन में आज बेरोजगारी की दर जुलाई 2024 में बढ़कर 5.20 प्रतिशत तक पहुंच गई है, जो जून 2024 में 5 प्रतिशत थी। वर्ष 2002 से वर्ष 2024 तक चीन में बेरोजगारी की औसत दर 4.75 प्रतिशत रही है। हालांकि फरवरी 2020 में यह 6.20 प्रतिशत के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई थी। अब पुनः धीरे धीरे चीन में बेरोजगारी की दर आगे बढ़ रही

# कौन करवाता है योजनाबद्ध धर्मांतरण

-आर.के. सिन्हा-

भारत के प्रत्येक नागरिक को किसी धर्म को मानने या ना मानने या फिर किसी भी धर्म से जुड़ने का अधिकार संविधान देता है, पर किसी प्रलोभन या गलतफहमी में योजनाबद्ध रूप से किसी तरह के धर्मांतरण को अपराध माना गया है।

इस आलोक में उत्तर प्रदेश की एक विशेष अदालत द्वारा हाल ही में अवैध धर्म परिवर्तन के मामले में दोषी करार दिये गये 12 लोगों को उम्रकैद और चार अन्य दोषियों को 10-10 वर्ष कैद की सजा सुनाना महत्वपूर्ण है। अदालत ने सभी आरोपियों को दोषी करार दिया। अदालत की तरफ से जारी आदेश के मुताबिक, धर्मांतरण करवाने के धंधे से जुड़े शातिर लोगों को भारतीय दंड संहिता की धारा 121 ए (राष्ट्रद्रोह) के तहत सजा सुनायी गई। विशेष लोक अभियोजक एमके सिंह के मुताबिक, उमर गौतम और मामले के अन्य अभियुक्त एक साजिश के तहत धार्मिक उन्माद, वैमनस्य और नफरत फैलाकर देशभर में अवैध धर्मांतरण का गिरोह चला रहे थे। उनके तार कई दूसरे देशों से भी जुड़े थे। इसके लिए आरोपी हवाला के जरिए विदेशों से धन भेजे जाने के मामले में भी लिप्त थे। वे आर्थिक रूप से कमजोर महिलाओं और दिव्यांगों को लालच देकर और उन पर अनुचित दबाव बनाकर बड़े पैमाने पर उनका धर्म परिवर्तन करा रहे थे।

उमर गौतम को मुफ्ती काजी जहांगीर आलम कासमी के साथ 20 जून 2021 को दिल्ली के जामिया नगर से गिरफ्तार किया गया था। वह एक ऐसे अवैध संगठन का संचालन कर रहा था जो उत्तर प्रदेश में मूक- बधिर छात्रों और गरीब लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराने में शामिल था। इस बात की पुरजोर आशंका जताई जा रही है कि इसके लिए उसे पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई से धन मिलता था। उमर गौतम पहले हिंदू था। लेकिन, उसने मुस्लिम धर्म स्वीकार कर लिया और धर्मांतरण कराने के अवैध धंधे में सक्रिय हो गया। उसने करीब एक हजार गैर मुस्लिम लोगों को इस्लाम में धर्मांतरित कराया और उनकी मुस्लिमों से दूसरी या तीसरी शादी कराई है।

देखिए, भारत में धर्म परिवर्तन को लेकर बहस तो होती रही है, होनी भी चाहिये। भारतीय संविधान धार्मिक स्वतंत्रता की गारंटी देता है, जिसमें स्वेक्षा या स्वविवेक से धर्म बदलने का अधिकार भी शामिल है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 और 26 में धार्मिक स्वतंत्रता और धर्म बदलने के अधिकार की बात तो कही गई है। पर उमर गौतम और उनके साथी तो गरीब-गुरुबा लोगों को लालच और जोर-जबरदस्ती से धर्मांतरण करवा रहे थे। गौतम और उनका गिरोह भूल गया था कि धर्म परिवर्तन सामाजिक एकता को कमजोर कर सकता है और समाज में भयंकर नफरत पैदा कर सकता है। भारत में धर्म परिवर्तन एक संवेदनशील मुद्दा है, जिसमें कानूनी, धार्मिक और सामाजिक सभी पहलू शामिल हैं।

कुछ साल पहले केरल के प्रतिष्ठित फिल्म निमार्ता निर्देशक अली अकबर और उनकी ईसाई पत्नी लूसीअम्मा ने आर्य समाज में हवन के जरिए हिन्दू धर्म अंगीकार कर लिया था। आर्य समाज के स्वामी जी द्वारा उनका नया नामकरण भी कर दिया गया है। अली अकबर को नया नाम मिला था राम सिम्हन। हिन्दू धर्म ही क्यों? यह प्रश्न पूछे जाने पर अली अकबर ने कहा था, 'क्योंकि हिंदू धर्म कोई धर्म नहीं बल्कि एक संस्कृति है। यहां नर्क में जाने का डर नहीं है। आप एक इंसान की तरह जी सकते हैं क्योंकि भगवान आपके अंदर हैं। अपने भीतर ईश्वर को देखना एक महान विचार है। ' कहते हैं कि राम सिम्हन केरल में हिंदू धर्म अपनाने वाले पहले मुसलमान थे। लेकिन, यह राम सिम्हन के स्वविवेकेपूर्ण निर्णय को दशार्ता है। इसपर कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिये!

एक बात बहुत साफ है कि किसी को लालच देकर या जोर जबरदस्ती धर्मांतरण करवाना तो कतई सही नहीं माना जा सकता है। समझ नहीं आता कि कुछ धर्मों से जुड़े लोग क्यों इसी फिराक में रहते हैं कि उनके धर्म से अन्य धर्मों को मानने वाले जुड़े जाएं। गुस्ताखी माफ, कई इस्लामिक और ईसाई संगठन इसी कोशिश में रहते हैं कि दूसरे धर्म को माननेवाले उनके मजहब का हिस्सा बन जाएं? यह कोई बात हुई क्या? फिर यदि बाकी धर्मों को मानने वाले लोग भी यही करने लगें, तो समाज में भाईचारा कहाँ और कैसे बचा रहेगा। अगर कोई अपने मन से उस धर्म को त्याग देता है, , जिसमें उसका जन्म हुआ है तब तो कोई बात नहीं है। उदाहरण के रूप में म्युजिक डायरेक्टर रहमान को ही लेते हैं। उन्होंने खुद ही हिन्दू धर्म को छोड़कर इस्लाम को स्वीकार कर लिया। उनके परिवार के बाकी सदस्यों ने भी इस्लाम अपना लिया। यहां तक तो सब ठीक है। पर कुछ तत्व सुदूर इलाकों में रहने वालों को अपना पाले में लाने की जुगाड़ में रहते हैं। इस सबकी तो हमारा संविधान अनुमति नहीं देता। जब गौतम जैसों पर एक्शन होता है तो कुछ कथित बुद्धजीवी अलाप करने लगते हैं। पिछले कई सालों से पंजाब से खबरें आ रही हैं

# जम्मू-कश्मीर : भाजपा की नीतियों और समझौतों पर संशय

प्रदीप मिश्र

नई सरकार के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों और एक सीट पीओजेके विस्थापित के लिए आरक्षित है। कश्मीरी विस्थापितों में एक सीट महिला के लिए आरक्षित रहेगी।

नए जम्मू-कश्मीर में दस साल बाद विधानसभा की 90 सीटों पर चुनावी गतिविधियां चरम पर हैं। अपनों की सरकार बनाने के लिए जम्मू के प्रवेश द्वार लखनपुर से कश्मीर के कंगन तक का अवाम उत्साहित है। नई सरकार में सुरक्षा, स्थिरता, समान विकास और समरसता ज्यादातर मतदाताओं का सपना है। सियासी दल इससे दबाव में हैं। सोच को साकार करने और सरोकार पूरा करने के लिए समीकरण साधे जा रहे हैं। सीमाएं समझते हुए संभावनाओं के हिसाब से कई खुले और गुप्त समझौते हो चुके हैं। एक ही विचारधारा के संगठनों में सहमति बन रही है। बावजूद इसके घोषित-अघोषित गठबंधन अपने-अपने हित में बहुमत की सरकार चाहते हैं। फिर भी नई सरकार के स्वरूप, केंद्र से समन्वय, संतुलन, स्थिरता और स्थानीय स्तर की स्वायत्तता को लेकर संशय हैं। संकल्पों, गारंटियों और घोषणाओं को पूरा करने के लिए सीमित संसाधन जहां सावधान करते हुए आने वाले दौर की समस्याओं का इशारा कर रहे हैं, वहीं पांच अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने से समाप्त पूर्ण राज्य के दर्जे की वापसी के केंद्र सरकार के आश्वासन पर क्रियान्वयन के सही समय का सवाल भी सहज और स्वाभाविक है।

भाजपा ने संकल्प के रूप में 25 सरोकार बताए हैं। इनमें पांच लाख नौकरियां, विद्यार्थियों को लैपटॉप, यात्रा के लिए तीन हजार रुपये और कोचिंग के लिए 10 हजार रुपये देने के अलावा मेडिकल कॉलेजों में एक हजार सीटें बढ़ाने का मंतव्य बेरोजगारी की समस्या पर ध्यान खींचता है। साथ ही मुफ्त पानी और बिजली के अलावा गरीबों को पांच मरला (125 गज) जमीन मुफ्त देने के अलावा किसानों को 10 हजार रुपये देने का वादा भी लुभावना है। वादों की आड़ में बड़े-बड़े दावे भी किए जा रहे हैं। कहा जा रहा है कि अनुच्छेद 370 खत्म होने के बाद पाकिस्तान के कब्जे वाले जम्मू-कश्मीर (पीओजेके) पर दावा मजबूत किया गया है। यहां भुलाने की कोशिश की गई कि 22 फरवरी, 1994 को पीवी नरसिंह राव की सरकार में संसद में पीओके को भारत का अभिन्न अंग बनाने का सर्वसम्मत संकल्प पारित किया गया था, जिसे 30 साल हो चुके हैं। इसी क्रम में जम्मू से कश्मीर का सफर 14 घंटे से चार घंटे में बताया जा रहा है। तथ्य यह कि सड़क मार्ग से जम्मू से श्रीनगर पहुंचने में पहले आठ घंटे लगते थे। अब यह यात्रा लगभग पांच घंटे में पूरी हो रही है।

इंडिया गठबंधन के घटक नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का चुनाव पूर्व गठबंधन है। दोनों के क्रमशः 51 और 32 उम्मीदवार मैदान में हैं। नेकां के घोषणापत्र में अनुच्छेद 370 और 35 की बहाली के साथ पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल कराने समेत 12 गारंटियां हैं। राजनीतिक कैदियों की रिहाई, जन सुरक्षा अधिनियम (पीएसए) निरस्त करने, छह महीन में एक लाख नौकरियां देने और भारत-पाकिस्तान के बीच बातचीत की पहल करने की बात कही गई है। महत्वपूर्ण बात यह भी कि यदि केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं किया तो सुप्रीम कोर्ट जाएंगे।

जानना जरूरी है कि अनुच्छेद 370 हटाने से संबंधित याचिकाओं की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की संविधान पीठ ने भी राज्य का दर्जा छीनने पर सवाल उठाए थे। शीर्ष अदालत ने ही 30 सितंबर तक चुनाव कराने का निर्देश दिया था। कांग्रेस की गारंटियों में पूर्ण राज्य का दर्जा दिलाना तो है ही, एक लाख खाली सरकारी पद भरने, हर नागरिक का 25 लाख रुपये तक के स्वास्थ्य बीमा के अलावा कश्मीरी पंडितों के पुनर्वास के लिए पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह की योजना को आगे बढ़ाने का वादा है। 2014 के बाद भाजपा के साथ सरकार बना चुकी पीडीपी ने 200 यूनिट तक मुफ्त बिजली, पानी पर टैक्स खत्म करने, गरीबों को रसोई गैस के 12 सिलेंडर देने की घोषणा की है।

जाहिर है कि नई सरकारों के लिए अपने वादों को अमली जामा पहनाने के लिए बड़ी धनराशि की जरूरत होगी। केंद्र शासित प्रदेश के संसाधन सीमित हैं। जम्मू-कश्मीर में आर्थिक स्थिति बेहतर बनाने के सरकार के दावे के उलट यहां देनदारियां बढ़ी हैं। संसद द्वारा स्वीकृत 2024-2025 के बजट में बताया गया है कि केंद्र शासित प्रदेश की देनदारियां 2019-2020 में 83,573 करोड़ रुपये से बढ़कर 2022-23 में 1,12,797 करोड़ रुपये हो गई हैं। 2020-2021 में देनदारियां 92,953 करोड़ रुपये थीं, जो 2021-2022 में 1,01,462 करोड़ रुपये और 2022-2023 में 1,12,797 करोड़ रुपये तक पहुंच गईं। हालांकि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा प्रदेश के कर्ज मुक्त होने का दावा कर रहे हैं। बताया जा रहा है कि कर्ज और सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) के बीच उचित अनुपात बना हुआ है। दूसरी ओर जानकार मानते हैं कि नई सरकार बनने के बाद होने वाले खर्च से सरकारी खजाने पर अचानक बोझ बढ़ेगा और आमदनी के साधन इसी तरह से नहीं बढ़ाए जा सकेंगे, क्योंकि लोकप्रियता के लिए सरकारें कर्ज लेने से परहेज नहीं करतीं हैं।

नई सरकार के स्वरूप के राजनीतिक के अलावा सांविधानिक कारण भी हैं। जम्मू-कश्मीर पुनर्गठन कानून के अनुसार विधानसभा की 90 सीटों पर सीधा चुनाव होगा। पांच विधायकों का मनोनयन उपराज्यपाल करेंगे। दो सीटें कश्मीरी विस्थापितों और एक सीट पीओजेके विस्थापित के लिए आरक्षित है। कश्मीरी विस्थापितों में एक सीट महिला के लिए आरक्षित रहेगी। इसके अतिरिक्त सदन में उचित प्रतिनिधित्व नहीं होने पर दो और सीटों पर महिलाओं को मनोनीत किया जाएगा। मुख्य संशय दिल्ली और पुडुचेरी मॉडल को लेकर है।

दिल्ली में विधानसभा की 70 सीटें हैं। मनोनयन नहीं होता। पुडुचेरी में 30 सीटों पर चुनाव जबकि तीन सदस्य मनोनीत होते हैं। केंद्र शासित प्रदेशों में प्रशासन का उल्लेख संविधान के अनुच्छेद 239 में है। 239ए के अनुसार विधानमंडल सर्वोच्च है। सदन उपराज्यपाल से ऊपर है। हालांकि मद्रास उच्च न्यायालय व्यवस्था दे चुका है कि एलजी सदन में पारित विधेयकों को रोक सकते हैं। दिल्ली में 239एए के प्रावधान लागू होते हैं। दोनों केंद्र शासित प्रदेशों में सरकार के लिए वित्तीय मामलों, टैक्स लगाने, छूट देने, बदलने बगैरह में उपराज्यपाल की सहमति आवश्यक होती है। जुलाई में केंद्रीय गृह मंत्रालय ने पुनर्गठन कानून की धारा 55 में संशोधित नियमों को अधिसूचित किया था। इसमें उप राज्यपाल को विस्तारित शक्तियां देने वाली नई धाराएं जोड़ी गई हैं। इसके बाद राजनीतिक हल्कों में अटकलें लगीं कि पूर्ण राज्य का दर्जा मिलने में देर लगेगी।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, **विक्रम राज** द्वारा हाऊस नं. आर-132 ब्लॉक-ए नियर मेन नसीरपुर रोड डाबरी पालम गांव न्यू दिल्ली-110045 से प्रकाशित एवं आर.डी. प्रिंटर्स पब्लिसर प्राइवेट लिमिटेड ए-41 सेक्टर-8 नोएडा-201301 उत्तर प्रदेश से मुद्रित। **सम्पादक : विक्रम राज**
समाचारों के चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदारी। समाचार पत्र में लेखकों द्वारा व्यक्त किए गए विचारों से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। न्यायलय संबंधी सभी मामले दिल्ली न्यायालय में ही निपटाए जाएंगे। RNI NO.- DELHIN/2023/86360. Telephone No.-011-49385179

# किसानों का फूटा गुस्सा: DC और SSP मनाते रहे, किसानों ने फगवाड़ा में शुगर मिल पर जड़ा ताला, हाईवे जाम

**फगवाड़ा** । पंजाब के फगवाड़ा में बड़ी संख्या में इकट्ठा हुए किसानों ने वाहद संधर शुगर मिल पर ताला जड़ दिया। भारतीय किसान यूनियन दोआबा के सदस्यों ने वीरवार को दिन भर धरना प्रदर्शन किया। शुगर मिल की तरफ किसानों के 27 करोड़ रुपये बकाया राशि का भुगतान न किए जाने पर गुस्साए किसानों ने एसएसपी कपूरथला की मौजूदगी में मिल के 10 कनाल 12 मरले प्लाट के गेट को ताला जड़ दिया। हालांकि इस दौरान पुलिस ने उन्हें रोकने की काफी जद्दोजहद की।



भारतीय किसान यूनियन दोआबा के अध्यक्ष मनजीत सिंह राय व सचिव सतनाम सिंह साहनी के नेतृत्व में गन्ना किसान सुबह 11 बजे नई दाना मंडी होशियारपुर रोड पर एकत्रित हुए और उसके बाद रोष मार्च निकालते हुए चीनी मिल के एक गेट के बाहर धरना लगा दिया। इस धरने को मनजीत सिंह राय, सतनाम सिंह साहनी, कृपाल सिंह मूसापुर व गुरपाल सिंह पाल ने संबोधित करते हुए कहा कि फगवाड़ा की चीनी मिल की तरफ पिछले करीब पांच साल से उनका बकाया करीब 27 करोड़ रुपये खड़ा है।

उन्होंने कहा कि फगवाड़ा चीनी मिल के नए मालिकों राणा गुरजीत सिंह व उनके पुत्र की ओर से प्रदेश के कृषि मंत्री की उपस्थिति में किसानों के बकाए के भुगतान का एग्रीमेंट किया गया था, लेकिन पांच महीने बीत जाने के बाद भी किसानों का बकाया अदा नहीं किया गया। किसान नेताओं ने कहा कि पहले की तरह अब यह नए मिल मालिक भी किसानों के साथ वायदाखिलाफी कर रहे हैं और किसानों के बकाये का भुगतान नहीं किया जा रहा। उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार व फगवाड़ा का सिविल प्रशासन मिल की संपत्तियों की नीलामी करवाने के लिए गंभीर नहीं है।

**संपत्तियों की नीलामी कर किया जाए भुगतान...**उन्होंने मांग की कि मिल से संबंधित जो भी संपत्तियां अटैच की गई हैं, उनकी तुरंत बोली करवा कर किसानों का बकाया अदा किया जाए। किसान नेताओं ने कहा कि किसानों को भुगतान करने के लिए फगवाड़ा प्रशासन की गंभीरता यहां से दिखाई पड़ती है कि उन्होंने इस प्रॉपर्टी को 18 नवंबर 2021 को नीलामी के लिए अटैच किया था, लेकिन उसका बोर्ड इस गेट पर आज धरने के वक्त ही लगाया गया। करीब एक बजे किसान मिल के एक हिस्से के गेट के बाहर बैठ गए और उन्होंने प्रशासन से गेट पर ताला लगाने की अपील की और बार-बार प्रशासन प्रदर्शनकारी किसानों से समय मांगता रहा।

**बस में हुई किसान नेताओं से बातचीत...**करीब चार बजे जब किसानों ने गेट के ताले को खोलकर अपना ताला लगाने का प्रयास किया तो डीसी कपूरथला अमित कुमार पांचाल व एसएसपी कपूरथला वत्सला गुप्ता मौके पर पहुंच गए और पंजाब पुलिस की एक बस में बैठकर किसान नेताओं से बातचीत करते रहे। छह बजे तक जब बातचीत से कोई हल ना निकला तो किसान नेताओं मनजीत सिंह राय, सतनाम सिंह साहनी, गुरप्रीत सिंह, दविंदर सिंह संधू आदि ने मिल के गेट पर अपना ताला लगा दिया।

जब ताला लगाया गया, उस समय एसएसपी कपूरथला वत्सला गुप्ता ने किसानों को रोकने का प्रयास किया, परंतु किसानों के विरोध के आगे वह असफल रहीं। इस दौरान किसान नेताओं ने पुलिस प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर प्रशासन ने जबरदस्ती यह ताला खोलने का प्रयास किया तो शुक्रवार सुबह फगवाड़ा में हाईवे जाम कर दिया जाएगा।

# कालका से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर फायरिंग, दो कार्यकताओं को लगी गोलियां

**चंडीगढ़** । पंचकूला की कालका विधानसभा सीट से कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी के काफिले पर हमला हुआ है। बताया जा रहा है कि तीन हमलावरों ने उनके काफिले पर फायरिंग कर दी। इस घटना में पार्टी के कार्यकर्ता को गोली लगी है। घटना में घायल कार्यकर्ता की पहचान गोल्डी के तौर पर हुई है। उसे पंचकूला के सेक्टर-6 सिविल अस्पताल लाया गया है। घटना शुक्रवार दोपहर की है। जानकारी के मुताबिक पंचकूला के रायपुररानी में कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप चौधरी कार्यकताओं के साथ चुनाव प्रचार के लिए गए थे। रायपुररानी के गांव भरौली में यह घटना हुई है। यहां बाइक सवार तीन हमलावरों ने उनके काफिले पर 5 से 6 राउंड फायर किए हैं। प्रदीप चौधरी गांव भरौली से ही हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची है और मामले की जांच की जा रही है। वहीं, बाइक सवार हमलावर वारदात को अंजाम देकर फरार हो गए। बताया जा रहा है कि शूटर स्प्लेंडर बाइक



पर सवार थे, जिसमें से दो ने फायरिंग की। इस हमले में गाड़ी में बैठे एक और कार्यकर्ता के हाथ में भी गोली लगी है। पुलिस और सीआईए की टीम तुरंत रायपुररानी अस्पताल पहुंची और मामले की जांच शुरू कर दी है।

**वीडियो बनाने के लिए रुके थे कार्यकर्ता...**प्रदीप चौधरी के काफिले में कुल 50 से 60 गाड़ियां शामिल थीं। जब काफिला गांव मुरादनगर से आगे बढ़ा तो कार्यकताओं की एक गाड़ी रुककर वीडियो बनाने लगी। गाड़ी सवार कार्यकर्ता काफिले से पिछे रह गए, तभी बाइक पर आए तीन हमलावरों ने उसी कार पर फायरिंग कर दी। बताया जा रहा है कि हमलावरों ने 5 से 6 राउंड फायर किए हैं।

काफिल की जिस गाड़ी पर हमला हुआ है उसमें कुल 5 कार्यकर्ता सवार थे। हमले में घायल हुआ गोल्डी ड्राइवर सीट पर बैठा था। उसकी छाती पर गोली लगी है। वहीं गाड़ी में सवार दिनेश के हाथ पर गोली लगी है। पीछे की सीट पर बैठ कुलिस शर्मा, मोहन शर्मा और नितिन शर्मा को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। वहीं गोल्डी की हालत गंभीर बनी हुई है।

# सीएम ने शाहाबाद में जनसभा को किया संबोधित, कहा- मेरे शासन के 56 दिन हुड्डा सरकार के 10 साल पर भारी

**कुरुक्षेत्र** । भाजपा सरकार ने 10 वर्ष में प्रदेश को नई दिशा दी है। विकास की नई उंचाईयों पर प्रदेश पहुंचा है और अब इसी दम पर हम जनता के बीच है। पूरा भरोसा भी है कि जनता फिर से भाजपा को पूर्ण बहुमत से सत्ता में लाएगी। यह कहना है कार्यवाहक मुख्यमंत्री नायब सैनी का। वे शाहाबाद प्रत्याशी सुभाष कलसाना के चुनाव प्रचार के लिए शाहाबाद पहुंचे थे, जहां उन्होंने जन आशीर्वाद रैली को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि 12 मार्च को सीएम की उन्हें जिम्मेदारी मिली 16 को आचार संहिता लग गई। महज 56 दिन ही काम करने का मौका मिला है। इतने कम समय में ही 126 एतिहासिक फैसले लिए, जिनकी चर्चा आज प्रदेश के कौने-कौने में हो रही है। विपक्ष कहता है ये महज घोषणाएं की गई जबकि उन्होंने पूर्व



मुख्यमंत्री हुड्डा से सवाल किया कि आप अपने 10 साल के कार्यकाल को मेरे 56 दिन के कार्यकाल से तुलना कर लें। हमारा समय हुड्डा के 10 साल पर भारी पड़ेगा।


मुख्यमंत्री ने तंज कसते हुए कहा कि जिनके खाते खुद खराब है वे हमसे हिसाब मांग रहे हैं। जनता के बीच जाने के लिए इनके पास कुछ नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम बनने के बाद 100 दिन का एजेंडा तैयार किया था। अभी 44 दिन बाकी है और निर्णय लेने थे लेकिन चिंता नहीं, दोबारा पूर्ण बहुमत से आकर ये फैसले सत्ता संभालने के बाद लेंगे। हुड्डा सरकार ने कमजोर वर्ग के लोगों को न 100-100 गज के प्लाट दिए न ही उनके कागजात दिए। आज इसका जवाब भी हुड्डा के पास नहीं है। नायब सैनी ने कहा कि आठ अक्तूबर के बाद जिन्होंने पंजीकरण किया है उन्हें ये प्लाट देने का काम किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एक लाख से अधिक घर बनकार पात्र लोगों को सौंपे हैं। यहीं नहीं कमजोर वर्ग की बेटियों के लिए छात्रवृति योजनाएं भी चलाई हुई है। 50 लाख परिवारों को 500 रुपये में गैस सिलेंडर उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों के खाते में दो-दो हजार रुपये बारिश कम होने के चलते भरपाई के तौर पर दिए जाने का निर्णय लिया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पूरे देश में हरियाणा ही ऐसा प्रदेश है जहां 24 फसलें एमएसपी पर खरीदी जा रही है। इस दौरान सांसद नवीन जिंदल, भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील राणा, सरस्वती धरोहर बोर्ड के उपाध्यक्ष धुमन सिंह किरमिच, शाहाबाद मंडल अध्यक्ष मूलख राज, जगदीप सांगवान, रविंद्र सांगवान, सुलतान अजराना सहित भारी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सोनीपत में पूर्व सीएम भूपेंद्र बोले: पूरा हरियाणा घूम लिया जनता कांग्रेस को सत्ता में लाने का बना चुकी मन

**सोनीपत** सोनीपत में चुनावी बिसात बिछाने के लिए प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा शुक्रवार सुबह खरखौदा हलके में पहुंचे और लोगों से जयवीर वाल्मीकि पक्ष में मतदान करने की अपील की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने दौरे के तहत खरखौदा हलके के गांव सैदपुर, फरमाणा व राठधना गांवों में जनसभाएं की। इसके उपरांत गोहाना व बरोदा के विभिन्न गांवों में जनसभा कर कार्यकताओं व लोगों में जोश करने का काम करेंगे।

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने गांव सैदपुर में रोड शो के दौरान कहा कि वह पूरे हरियाणा में घूम चुके हैं, 36 बिरादरी इस समय कांग्रेस को सत्ता में लाने का मन बना चुकी है। आप लोगों ने वर्ष 2005 से 2014 तक की कांग्रेस सरकार देखी और 2014 से 2024 तक भाजपा-जजपा की गठबंधन सरकार को भी



देख लिया है। कांग्रेस राज में प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय, रोजगार, विकास व कानून व्यवस्था में हरियाणा को पूरे देश में नंबर वन बना दिया था, लेकिन आज बेरोजागार, अपराध, कानून व्यवस्था का जनाजा निकालने, खिलाड़ियों व किसानों के शोषण में प्रदेश नंबर वन बन चुका है। उनके साथ निवर्तमान विधायक जयवीर सिंह व अन्य कई कांग्रेस नेता मौजूद रहे। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि भाजपा ने प्रदेश का भट्ठा बैठा दिया है, कांग्रेस सत्ता में आती है तो फिर से खुशहाली लाने का प्रयास किया जाएगा। आमजन को 500 रुपये में सिलिंडर, दो लाख नौकरी, छह हजार बुढ़ापा पेंशन, 300 यूनिट निशुल्क बिजली मुहैया करवाई जाएगी। कांग्रेस ने खरखौदा में आईएमटी बनवाई, लेकिन भाजपा सरकार ने 10 साल में एक ईंट भी लगाने का काम नहीं किया।

उन्होंने कहा कि वह आपसे यह बात कहने आए हैं कि जयवीर मेरे साथ खड़े है। आप लोग मुझे पहले यह बताओ कि खरखौदा में किसकी सरकार बनाना चाहते हो, तभी कार्यकताओं ने नारे लगाते हुए कहा कि भूपेंद्र सिंह हुड्डा की। भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि एक कम करो कि जयवीर को फिर विधायक बना दो और सरकार आपकी मैं बनाकर दिखा दूंगा। जिस पगड़ी को आपने मेरे सिर पर बांधा है, वह उसका हमेशा मान रखेंगे। रोड शो के दौरान सैदपुर के सरपंच विनोद ने अपने समर्थकों सहित भूपेंद्र सिंह हुड्डा की अगुवाई में कांग्रेस का हाथ थामा।

**हुड्डा जहां खड़ा करेंगे, वहीं खड़ा रहूंगा: जयवीर सिंह...**सैदपुर में रोड शो के दौरान जयवीर सिंह ने आरोप लगाया कि भाजपा अमीरों की पार्टी है, जो जोड़-तोड़ में विश्वास रखती है, लेकिन जयवीर वाल्मीकि एक ऐसे विधायक है, जो किसी भी हालत में झुक और बिक नहीं सकते। उन्होंने कहा कि वह भूपेंद्र सिंह हुड्डा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं और आगे भी खड़े रहेंगे। हुड्डा उन्हें एक कांग्रेस सिपाही के रूप में जहां भी खड़ा करेंगे, वह वहीं खड़े रहेंगे। फिर चाहे वह मुझे धूप या छांव में खड़ा करें। हमारा सिर्फ एक ही ध्येय है कि हमें एकजुटता के साथ सिर्फ भूपेंद्र सिंह हुड्डा के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बनानी है।

# बिलासपुर में ट्रक ड्राइवर के घर पहुंची एनआईए की टीम



**मोगा (पंजाब)**। मोगा के कस्बा निहाल सिंह वाला के गांव बिलासपुर में शुक्रवार सुबह एनआईए ने कुलवंत सिंह के घर पर रेड की। टीम ने सुबह 5 बजे 42 साल के कुलवंत सिंह के घर में दबिश दी।

कुलवंत सिंह रामपुरा में एक सीमेंट फैक्टरी में ट्रक ड्राइवर है। जानकारी के अनुसार, कुलवंत सिंह सोशल मीडिया पर खालिस्तान के संबंध में पोस्ट शेयर करता था। इसी मामले में एनआईए की टीम जांच कर रही है।

कुलवंत सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह एनआईए की टीम उसके घर पूछताछ करने आई थी। टीम ने करीब 4 घंटे घर में तलाशी ली और उससे पूछताछ की। कुलवंत सिंह ने बताया कि वह खालिस्तान से जुड़े पोस्ट अपने सोशल मीडिया पर शेयर करता था। इसी को लेकर टीम ने पूछताछ की। मोबाइल की जांच की और चले गए। टीम ने कोई नोटिस नहीं दिया है।

**रामपुरा फूल में ट्रांसपोर्टर के घर भी दी दबिश...**राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने करीब 20 दिन बाद शुक्रवार को रामपुरा फूल में फिर छापामारी की। इस दौरान टीम ने रामपुरा फूल में मौड़ रोड पर एक ही परिवार के दो लोगों से पूछताछ करने के साथ उनके घर की तलाशी ली व मोबाइल फोन अपने साथ लेकर चले गए। परिवार के पिता-पुत्र को 30 सितंबर को चंडीगढ़ स्थित एनआईए के दफ्तर में जांच के लिए बुलाया गया है।

इससे पहले टीम ने 30 अगस्त को छापेमारी की थी। ट्रांसपोर्ट का काम करने वाले रामपुरा वासी गुरमेल सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह एनआईए की टीम उनके घर पहुंची थी। इस दौरान उनके बेटे गुरमिंदर सिंह व उनका मोबाइल फोन टीम ने जब्त कर लिया। पूरे घर की तलाशी ली गई। घर की अलमारी, छत, बैड सहित हर कोने में रखे साजो-सामान की जांच की गई। उन्होंने जब टीम से जांच के बारे में जानकारी मांगी तो उन्हें बताया गया कि साल 2023 में एक सिम कार्ड उनके नाम से जारी किया गया है। इसमें आईडी प्रूफ उनका लगा हुआ है व इस फोन से कई संदिग्ध कॉल हुई है। इसी को लेकर वह जांच कर रहे हैं।

गुरमिंदर सिह ने बताया कि वह ट्रांसपोर्ट कंपनी में काम करते हैं। उनके पास जो सिम है वह करीब 15 साल से एक्टिव है व इसके बाद उन्होंने कोई भी नया सिम नहीं लिया है। उनका किसी किसान संगठन से भी कोई संबंध नहीं है। वह लंबे समय से शिरोमणि अकाली दल के साथ जुड़े हुए हैं। फिलहाल जांच एजेंसी ने उन्हें 30 सितंबर को चंडीगढ़ एनआई दफ्तर में बुलाया है।

# पानीपत में निगम प्रॉपर्टी टैक्स ब्रांच का क्लर्क 50 हजार की रिश्वत लेता गिरफ्तार

**पानीपत**। हरियाणा के पानीपत में नगर निगम की पालिका बाजार इमारत की संपत्तिकर शाखा से शुक्रवार दोपहर एंटी करप्शन ब्यूरो (एसीबी) की टीम ने एक क्लर्क को 50 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। एसीबी की टीम आरोपी को साथ लेकर गई है। आरोपी का नाम अजय बताया जा रहा है।



आरोपी कलर्क निगम की कर शाखा के कमरा नंबर एक में कच्चे कर्मचारी के तौर पर कार्यरत था। कर्मचारी का काम संपत्ति कर की फाइलों में ऑब्जेक्शन लगाने यानी आपत्ति दर्ज करवाने का था। कर्मचारी किसी का प्रॉपर्टी आईडी का काम कराने की एवज में 50 हजार रुपये की डिमांड की थी। उसकी आवेदक ने एसीबी को शिकायत दी। शिकायत के आधार पर एसीबी ने शुक्रवार दोपहर करीब दो बजे पालिका बाजार निगम कार्यालय में दबिश दी।

यहां से आरोपी कर्मचारी को रिश्वत की राशि के साथ रंगे हाथों गिरफ्तार किया। करीब साढ़े तीन बजे एसीबी टीम आरोपी को गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। एसीबी की रेड से पालिका बाजार के अन्य सभी कर्मचारियों में खलबली मच गई। संपत्ति कर शाखा के तकरीबन सभी कर्मचारी कार्यालय छोड़ गए। कोई निगम आयुक्त की बैठक में पहुंचा तो कोई बाहर घूमता मिला। चचाएं रही है कि आरोपी कर्मचारी ने कई अन्य कर्मचारियों के नाम भी लिए हैं। ये भी चचाएं हैं कि एसीबी टीम के पास आरोपी कर्मचारी की ऑडियो वीडियो जैसे सबूत भी हैं। जिनमें आरोपी कर्मचारी रिश्वत की डिमांड कर रहा है। वहीं, एसीबी टीम ने अब तक इस मामले पर बयानबाजी नहीं दी है।

# चंडीगढ़ में राहुल गांधी का पुतला फूंका: सड़कों पर उतरे भाजपाई, प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने रोका

**चंडीगढ़**। चंडीगढ़ में शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं व कार्यकताओं ने कांग्रेस सांसद व लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ प्रदर्शन किया और उनका पुतला भी फूंका। राहुल गांधी के विदेश में दिए एक बयान को लेकर शुक्रवार को चंडीगढ़ भाजपा के नेताओं व कार्यकताओं ने सड़क पर उतर कर प्रदर्शन किया। भाजपा की तरफ विरोध जताने के लिए सेक्टर-35 स्थित कांग्रेस कार्यालय तक जाने की घोषणा की थी। वहीं, प्रदर्शनकारियों को रोकने के लिए यूटी पुलिस की तरफ से सुरक्षा के लिहाज से पूरी व्यवस्था की गई थी।



हाथ में राहुल गांधी के खिलाफ लिखे स्लोगन वाले पोस्टर लेकर भाजपाई ने विरोध दर्ज कराया। पोस्टरों में लिखा था कांग्रेस सिखों की दुश्मन, राहुल गांधी माफी मांगे, राहुल गांधी देश का गद्दार आदि स्लोगन लिखे हुए थे।

भाजपा के नेता और कार्यकताओं ने दोपहर में सेक्टर-33 व 34 की लाइट प्वाइंट से सेक्टर-35 के कांग्रेस कार्यालय की तरफ कूच किया, लेकिन पुलिस ने रास्ते में बैरिकेडिंग करके उन्हें वहीं रोक दिया। इसके बाद भाजपा के नेता व कार्यकताओं ने वहीं राहुल गांधी के खिलाफ नारेबाजी की और उनका पुतला भी जलाया गया। इस प्रदर्शन में भाजपा के वरिष्ठ नेता संजय टंडन व अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। नेताओं ने कहा कि राहुल गांधी विदेशी धरती पर विवादित बयान दे रहे हैं। उन्होंने सिख समुदाय पर जो टिप्पणी की है, वो गलत है इसलिए उन्हें माफी मांगनी चाहिए और उन पर सख्त कार्रवाई भी होनी चाहिए।

# भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र बबली ने किसानों की पंचायत में मांगी माफी

**फतेहाबाद**। टोहाना से भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र सिंह बबली ने शुक्रवार को जाखल में किसानों से माफी मांगकर अपना पुराना विवाद सुलझा लिया। किसानों के साथ हुई पंचायत में देवेंद्र बबली ने किसानों से माफी मांगी और किसानों पर दर्ज करवाए गए पर्चों को रद्द करवाने के लिए अपनी सहमति दे दी। उधर, किसान नेताओं ने कहा कि देवेंद्र बबली द्वारा किसानों को जो धक्के मारे गए और उन पर पर्चे रद्द करवाए गए, केवल उस मामले में उन्हें माफी दी गई है, उनका कोई समर्थन नहीं किया गया, बल्कि भाजपा का जो विरोध था, वो आगे भी जारी रहेगा।



पंचायत के बाद देवेंद्र बबली ने कहा कि किसान संगठनों से बैठक हुई, उसमें कुछ मसले हल किए गए। उन्होंने कहा कि मैं किसान का ही बेटा हूं, मेरे जो शब्द किसानों को अच्छे नहीं लगे, वो वापस लेते हैं और माफी मांगते हैं। किसानों की पीड़ा उनसे अच्छा और कोई नहीं जान सकता, हां किसानों को काम करके नहीं दिखा पाया, यह जता नहीं पाया कि वे उनके साथ हैं।

सारे मुकदमे हैं, वे रूटीन प्रोसेस के बाद खारिज हो जाएंगे। उधर, किसान नेता मनदीप नथवान ने बताया कि भाजपा किसान विरोधी है और उसे हराने को एड़ीचोटी का जोर लगाएंगे।

# पंजाब में बढ़ी ईवी वाहनों की खरीद: ईवी पॉलिसी लांच होने के बाद बिक्री में आया 17 फीसदी का उछाल

**चंडीगढ़** पंजाब में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) का क्रेज बढ़ रहा है। सरकार ने 21 फरवरी, 2023 को प्रदेश की ईवी पॉलिसी लॉन्च की थी। ईवी पॉलिसी आने के बाद से प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद बढ़ी है। सूबे में बीते तीन वर्षों के दौरान 2024 में 17 फीसदी तक ईवी वाहनों की खरीद बढ़ी है।



बड़ी बात यह है कि पंजाब में बीते वर्ष कुल इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद का आंकड़ा इस साल अब तक ही पार हो गया है, जबकि त्योहारी सीजन आना बाकी है। नवरात्र, रामनवमी, अक्षय तृतीय, दीपावली और नए साल पर ईवी वाहनों की खरीद का ग्राफ इस बार अच्छे स्तर पर जाने की उम्मीद है। बीते वर्ष पंजाब में कुल 25,743 इलेक्ट्रिक और 13,667 हाइब्रिड वाहनों की खरीद हुई थी। इस वर्ष अब तक पुराने रिकॉर्ड को तोड़ते हुए इलेक्ट्रिक वाहनों की खरीद 26,014 तक पहुंच चुकी है, जबकि त्योहारी सीजन में यह आंकड़ा इस बार 35 हजार के पार जाने की उम्मीद जताई जा रही है।

**पंजाब में बढ़ रही कॉमर्शियल गाड़ियों की खरीद...**पंजाब ट्रांसपोर्ट विभाग के मुताबिक बीते दो से ढाई साल के अंतराल में प्रदेश में ट्रांसपोर्ट वाहनों की खरीद बढ़ी है, विशेषकर जो डीजल युक्त हैं। इनमें बस, टेंपो ट्रैवलर, ट्रांसपोर्ट वाहन और अन्य डीजल वाहन शामिल हैं। वर्ष 2021 में डीजल वाहनों की संख्या 77150, 2022 में 80963, 2023 में 89410 और 2024 में अब तक 71862 वाहन सड़कों पर उतर चुके हैं। आने वाले दिनों में कॉमर्शियल गाड़ियों की खरीद में इजाफा देखने को मिलेगा, क्योंकि पंजाब सरकार ने बीते दिनों कैबिनेट की बैठक में टूरिस्ट वाहनों पर परमिट शुल्क घटा दिया है।

**धनांसू में 378.77 एकड़ में हाईटेक वैली बना रही सरकार...**लुधियाना को उत्तर भारत का औद्योगिक केंद्र बनाने के उद्देश्य से पंजाब सरकार गांव धनांसू में 378.77 एकड़ क्षेत्र में हाईटेक वैली विकसित कर रही है। यह वैली पंजाब स्मॉल इंडस्ट्रीज एंड एक्सपोर्ट कॉरपोरेशन की ओर से तैयार की जा रही है। 378.77 एकड़ जमीन के पूरे हिस्से के लिए नक्शा, योजना, चेंज ऑफ लैंड यूज (सीएलयू), ईआईए नोटिफिकेशन के तहत पर्यावरण क्लीयरेंस, रेरा आदि की मंजूरी पहले ही प्राप्त हो चुकी है। इस प्रोजेक्ट पर 365 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

# पंजाबियों को झटका: 10 प्रतिशत कम वीजा जारी करेगा कनाडा, ऐसा क्यों कर रहे PM जस्टिन ट्रूदो

**जालंधर** । पंजाब के अधिकांश युवाओं को सपना कनाडा में रहने, कमाने और बसने का रहता है। लेकिन जो लोग कनाडा जाने का सपना संजोय हैं उनके लिए कनाडा के प्रधानमंत्री ने बड़ा झटका दिया है।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो के एक ट्वीट ने पंजाब के युवाओं की चिंता बढ़ा दी है। हाल ही में त्रूदो ने ट्वीट किया है कि हम 2024 में 35 फीसदी कम इंटरनेशनल छात्रों को परमिट दे रहे हैं। अगले वर्ष यह संख्या 10 फीसदी और कम की जाएगी। इसका सबसे बड़ा असर पंजाब के युवाओं पर पड़ेगा। क्योंकि बड़ी संख्या में हर साल पंजाब के युवा कनाडा जाते हैं। पंजाब के ज्यादातर युवा स्टडी वीजा पर कनाडा जाते



हैं और फिर वहां कामकाज कर सेटल हो जाते हैं।

कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन त्रूदो का कहना है कि इमिग्रेशन हमारी अर्थव्यवस्था के लिए लाभदायक है, लेकिन जब "बुरे तत्व" सिस्टम का दुरुपयोग करेंगे और छात्रों का फायदा उठाएंगे, तो हम कार्रवाई करेंगे। ऐसे में कनाडा की ओर से वीजा जारी करने की संख्या में 10 प्रतिशत की कटौती का असर सीधे तौर पर पंजाब के लोगों पर होगा।

कनाडा सरकार ने कहा कि अस्थायी निवासियों की संख्या को कम करने के प्रयास में विदेशी कर्मचारी नियमों को भी सख्त किया जाएगा। त्रूदो ने ट्वीट में कहा, "हम कम वेतन वाले, अस्थायी विदेशी कर्मचारियों की संख्या कम कर रहे हैं और उनके काम करने के समय को कम कर रहे हैं। त्रूदो का यह बयान आम चुनाव को लेकर महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वह लगातार इमिग्रेशन और नौकरियों के मुद्दे पर कनाडा में घिर रहे हैं।

**2025 में 48,000 वीजा कम होंगे जारी...**इमिग्रेशन एक्सपर्ट सुकांत का कहना है कि सरकार के मुताबिक कनाडा ने 2025 में 4,37,000 स्टडी परमिट जारी करने की योजना बनाई है। 2024 में यह 4,85,000 है। साल 2026 में भी परमिट की संख्या 437,000 ही रहेगी। इससे पहले 2023 में कनाडा ने 5,09,390 छात्रों को परमिट दिया था। सुकांत का कहना है कि इमिग्रेशन मंत्री मार्क मिलर का यह कहना कि कनाडा आना एक सौभाग्य है, अधिकार नहीं। इसके काफी गहरे मायने हैं।

# कमला हैरिस को हॉलीवुड से मिल रहा एकतरफा समर्थन ओपेरा शो में गन कल्चर को लेकर दिया बड़ा बयान



**मिशिगन** अमेरिका में इस साल नंबवर में होने वाला राष्ट्रपति चुनाव दिनों-दिन दिलचस्प होता जा रहा है। हॉलीवुड के सेलिब्रिटी लगातार अपने पसंदीदा उम्मीवार के सपोर्ट में उतर रहे हैं। डेमोक्रेट की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस को टेलर स्विफ्ट के बाद अब मीडिया मुगल ओपरा विन्फ्रे का भी समर्थन मिल गया है। कमला हैरिस प्रेसिडेंट की रेस में लगातार आगे बढ़ती जा रही हैं।

मिशिगन में आयोजित अमेरिकी उपराष्ट्रपति कमला हैरिस के चुनावी कार्यक्रम में मीडिया दिग्गज ओपरा विन्फ्रे ने हिस्सा लिया है। इस कार्यक्रम में आव्रजन से लेकर अर्थव्यवस्था, प्रजनन अधिकारों और बंदूक हिंसा की रोकथाम जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। हैरिस ने एक्स पर एक पोस्ट कर लिखा कि, इस चुनाव में अमेरिकियों के दिमाग में जो मुद्दे हैं, उनके बारे में सीधे बात करने के लिए टाउन हॉल में ओपरा का साथ होना बहुत अच्छा है।

**कमला हैरिस बोलीं-हमें तय करना है अमेरिका को किस ओर ले जाना है?...**राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार कमला हैरिस ने कहा कि, इस चुनाव में बहुत कुछ दांव पर है, अब हम लोगों के सामने सवाल यह है कि, इस मोड़ पर हम अपने देश को किस ओर ले जाना चाहते हैं? लोकतंत्र की खूबसूरती यह है कि जब तक हम इसे बनाए रख सकते हैं, हममें से हर एक के पास इस सवाल का जवाब देने की शक्ति है। कमला हैरिस ने आगे कहा कि, हमारा अभियान इस बारे में है कि हम अमेरिकी के रूप में कौन हैं?

**हॉलीवुड की कई हस्तियां इस कार्यक्रम में हुई शामिल...**कमला हैरिस के साथ किए गए इस को शो को 'यूनाइट फॉर अमेरिका' नाम दिया गया था। इस कार्यक्रम का लाइवस्ट्रीम भी किया गया। इस कार्यक्रम में लगभग 400 दर्शक शामिल थे। इसके अलावा इस कार्यक्रम में मशहूर हस्तियां बेन स्टिलर, जेनिफर लोपेज, ब्रायन क्रैंस्टन, क्रिस रॉक, ट्रेसी एलिस रॉस, जूलिया रॉबट्‌र्स और मेरिल स्ट्रीप जैसी हस्तियां वर्चुअली शामिल हुई।

**गन कल्चर पर बोलीं कमला...**ओपेरा के इस शो के दौरान वोटर्स भी व्यक्तिगत रूप से शामिल हुए। उनकी ओर से अमेरिका में प्रजनन नीति, स्कूल गोलीबारी समेत कई मुद्दे पर अपने अनुभव शामिल किए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए गन कल्चर पर कमला हैरिस ने कहा कि, मुझे लगता है कि बंदूक हिंसा के मुद्दे पर बहुत लंबे समय से कुछ लोग गलत जानकारी फैला रहे हैं। वे यह कहकर इसको आगे बढ़ा रहे हैं कि या तो आप दूसरे संशोधन के पक्ष में हैं या आप सभी की बंदूकें छीन लेना चाहते हैं। मैं दूसरे संशोधन के पक्ष में हूं, और मैं हमलावर हथियारों पर प्रतिबंध, रेड फ्लैग कानूनों के पक्ष में हूं।

**'अगर कोई मेरे घर में घुसता है तो उसे गोली...'**जब विन्फ्रे ने हैरिस से बंदूक रखने के बारे में पूछा तो उपराष्ट्रपति ने सार्वजनिक तौर पर कहा कि उनके पास बंदूक है। उन्होंने आगे कहा कि, अगर कोई मेरे घर में घुसता है, तो उसे गोली मार दी जाती है। मुझे शायद ऐसा नहीं कहना चाहिए था। मेरा स्टाफ बाद में इस पर विचार करेगा।

**ट्रंप से आगे चल रही हैं कमला...**इस बीच 5 नवंबर को होने वाले राष्ट्रपति चुनावों से पहले सामने आए नए सर्वे के मुताबिक, उपराष्ट्रपति हैरिस पूर्व राष्ट्रपति ट्रंप से आगे चल रही हैं। एग्रीगेटर फाइव थर्टी एट, रॉयटर्स के पोलिंग औसत के अनुसार, मिशिगन, पेंसिल्वेनिया, विस्कॉन्सिन, नेवादा और उत्तरी कैरोलिना में हैरिस आगे चल रही हैं, जबकि जॉर्जिया में ट्रंप को अधिक समर्थन प्राप्त था।

# अफवाहों पर ध्यान मत दीजिए, कोई पार्टी-वार्टी जॉइन नहीं करेंगे 'सुपरकॉप' आईपीएस शिवदीप लांडे

संवाददाता।

**पटना**। जिस अफसर के ससुर महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री और कद्दावर नेता हों। जिस अफसर को सियासी गलियारे में भी उसके बेहतरीन काम के लिए इज्जत मिलती हो, उसे अगर पॉलिटिक्स जॉइन करनी होती तो वो महाराष्ट्र जाता। उसके लिए वहां राजनीति की बनी बनाई जमीन तैयार मिलती। गृह राज्य होता सो अलग, लेकिन वो अफसर अचानक इस्तीफा देता है और कहता है कि उसकी कर्मभूमि बिहार ही रहेगी, तो ये समझने की बात है।




आईपीएस शिवदीप लांडे ने अभी इस्तीफा दिया है। उनके इस्तीफे को स्वीकार होने में अभी वक्त लगेगा। लेकिन इसके बाद की अफवाहों पर उन्होंने विराम लगा दिया है। उन्होंने खुद ही एक नया फेसबुक पोस्ट किया है। इस पोस्ट में उन्होंने लिखा है कि 'सर्वप्रथम मैं पूरे दिल से सभी का आभार प्रकट करना चाहता हूं क्योंकि कल से मुझे जो प्यार और प्रतिक्रिया प्राप्त हो रही है वो मैंने कभी नहीं सोचा था।' शिवदीप लांडे ने आगे लिखा है कि 'मेरे कल के त्यागपत्र के बाद से कुछ मीडिया वाले इस संभावना को तलाशने में लगे हैं की शायद मैं किसी राजनितिक पार्टी से जुड़ने जा रहा हूं।

मैं इस पोस्ट के माध्यम से सभी को ये बताना चाहता हूं कि मेरी न ही किसी राजनितिक पार्टी से कोई बात हो रही है और न ही किसी पार्टी के विचारधारा से मैं जुड़ने जा रहा हूं। कृपया कर मेरे नाम को किसी के साथ जोड़ कर न देखें।'गौरतलब है कि एक शख्स जो यूपीएससी जैसी कठिन परीक्षा पास करके पुलिस सेवा में आया हो। जिसके दामन पर एक भी दाग नहीं हो, जो एक साधारण परिवार से आया, वो 'काजल की कोठरी' में जाना क्यों चुनेगा? ये जान लीजिए कि शिवदीप लांडे का अगला कदम सबको चौंकाने वाला हो सकता है। ये आईपीएस एक नए रूप में बिहार में ही धमाकेदार वापसी कर सकता है, लेकिन ये भी तय मान लीजिए कि शिवदीप लांडे किसी पॉलिटिकल पार्टी से नहीं जुड़ेंगे।

# चंपारण : 21 वर्षो से एक कमरे में चल रहा छह बेड का अस्पताल,नहीं आते चिकित्सक

## एक एएनएम और जीएनएम के भरोसे चिकित्सा व्यवस्था

राजन द्विवेदी।

**मोतिहारी**। सरकार भले ही आम लोगो के लिए स्वास्थ्य सुविधाएं बढ़ाने के लिए तरह तरह की योजनाओं को संचालित कर सुविधाओ को बढ़ाने में जुटी है। लेकिन धरातल पर स्वास्थ सुविधाओं से जुड़े मामलों में कुछ बदलाव दिखता नजर नहीं आ रहा हैं। जिसका जीता-जागता उदाहरण जिले के संग्रामपुर प्रखंड क्षेत्र स्थित मधुबनी दुबे टोला के अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हैं। यहां विभागीय दकियानूसी के चलते इकतीस वर्षो बाद भी छह बेड वाले इस अस्पताल को ना तो भवन नसीब हुआ और ना ही चिकित्सक। इस अतिरिक्त स्वास्थ केंद्र की आधार शिला वर्ष 1993 में पूर्व मंत्री स्व0 योगेंद्र पाण्डेय व मुखिया स्व0 रामध्यान दुबे के अथक प्रयास से तत्कालीन स्वास्थ मंत्री सुधा श्रीवास्तव द्वारा रखी गयी थी।लेकिन स्थिति ज्यो की त्यों रही।कई बार सरकारें आयी और गयी लेकिन यहां के लोगो को स्वास्थ्य सुविधाओं के नाम पर न तो कोई चिकित्सक मिला न भवन। सिर्फ टीकारण और आयरन व कैल्शियम को गोलियां इस अस्पताल की पहचान बनी रही।एक



नजर इसके भवन पर दौड़ाया जाए तो एक दस बाई दस के खपरैल जर्जर कमरे में यह अस्पताल पिछले इकतीस वर्षो से संचालित हैं। यहां पदस्थापित जीएनएम नन्द किशोर की माने तो यहां आयुष चिकित्सक के साथ चार पद सृजित हैं।और पदस्थापना भी हुई हैं लेकिन न कभी पदस्थापित चिकित्सक डॉ0 महेंद्र कुमार आते हैं नही तो कार्यालय परिचारी।कमरे की साफ सफाई भी निजी तौर करनी या करानी पड़ती हैं। एक एएनएम प्रतिमा कुमारी हैं जो टीकाकरण करती हैं। यहां की स्थिति को बयां करते हुए एएनएम प्रतिमा बताती हैं कि एक कमरा होने के चलते कबाड़ इतना जमा हो गया हैं कि एक दिन सफाई करने लगी तो विषैले सांप को कार्टून में पाया। कमरे में बैठना भी जान जोखिम में डालना हैं। कबाड़ हटवाने के लिए एक माह पूर्व पत्र भी लिखा लेकिन अभी तक कबाड़ नहीं हटाया गया। उन्होंने बताया कि इस भीषण गर्मी में इस कमरे में न तो बिजली हैं न एक अदद लाइट या पंखा? जबकि ग्रामीण शेखर दुबे, सुधाकर दुबे, असरफ खां आदि ने बताया कि भवन के लिए जगह उपलब्ध हैं लेकिन विभाग न जाने क्यों यहां के लिए सौतेला व्यवहार अपना रहा हैं। इस संबंध में संग्रामपुर प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि नितेश कुमार ने बताया कि भवन के लिए स्वास्थ्य मंत्री से मिल कर बात किया गया हैं। जमीन सम्बन्धी कुछ मामला सामने आया हैं जिसे सुलझाया जा रहा। ताकि अस्पताल का भवन निर्माण हो सके। वहीं दक्षिणी मधुबनी के मुखिया रवि कुमार उर्फ रवि सिंह ने कहा कि आमजनों को बेहतर स्वास्थ सुविधा मिले इसके लिए विभागीय स्तर पर वार्ता की जा रही हैं। बहुत जल्द समाधान होगा।

# बीच नदी में नाव पर इलेक्ट्रिक अटैक

## बिहार में गजब हादसा, 2 जख्मी और चार लापता

संवाददाता।

**छपरा**। जिले में बड़ा नाव हादसा सामने आया है जिसमें चार लोग लापता है। 10 घंटे की रेस्क्यू ऑपरेशन के बावजूद अभी तक किसी की तलाश नहीं की जा सकी है और सभी के मौत की आशंका व्यक्त की जा रही है।बताया जा रहा है कि गुरुवार को शाम 06.30 बजे सोनपुर थानान्तर्गत जैतिया पावर हाउस के पास खेत में बाढ़ के पानी में यात्रियों से लदी नाव बिजली के पोल से सट गई जिसके कारण करंट लगने से नाव दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। इस हादसे में नाव पर नाविक सहित सवार कुल 16 व्यक्तियों में से 02 व्यक्ति भूषण राय और कामेश्वर राय झुलसने के कारण जख्मी हो गए।

इस हादसे में 04 व्यक्ति मुकेश कुमार, मृत्युंजय कुमार, नागेन्द्र राय और भीष्म कुमार के लापता होने की सूचना है। नाविक सहित कुल 10 व्यक्तियों को सुरक्षित निकाला गया है। स्थानीय अस्पताल में जख्मी व्यक्तियों का इलाज कराया जा रहा है। स्थानीय गोताखोरों के माध्यम से लापता लोगों की खोजबीन की जा रही है।



नाव में कुल 16 लोग सवार थे। करंट दौड़ने के तुरंत बाद सभी जान बचाने के लिए पानी में उतरकर भागने लगे। इनमें से कुछ लोग बचकर निकल गए, जबकि चार लोग पानी में गिरकर लापता हो गए। उनकी तलाश जारी है। मिली जानकारी के मुताबिक गंगाजल पंचायत के बबूरबानी गांव से नाव पर सवार होकर करीब लोग सोनपुर बाजार खरीदारी करने आए थे।

इसी नाव में एक रेलवे कर्मी भी ड्यूटी से लौट रहा था। सभी बबूरबानी लौटने के लिए जैतिया गांव के समीप लगाई गई नाव के पास पहुंचे। वहां पावर सब स्टेशन भी मौजूद है। इस बीच नाव में करंट आ गया, जिससे अफरातफरी मच गई। हादसे के वक्त नाव पर नाविक समेत कुल 16 लोग सवार थे। हाई टेंशन तार की चपेट में आने से इसके बाद नाव अनियंत्रित होकर पलट गई। हालांकि स्थानीय लोगों की मदद से 10 लोगों को सकुशल बचा लिया गया। हादसे की सूचना मिलते ही सोनपुर पुलिस मौके पर पहुंच गई, लेकिन एसडीआरएफ की टीम के देर से आने पर ग्रामीणों में आक्रोश फैल गया। गंगाजल पंचायत के मुखिया ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए कहा कि कई घंटे बीत जाने के बाद भी बचाव दल नहीं पहुंचा।

# मौसमः सितंबर में मई-जून वाली गर्मी फिलहाल बारिश की संभावना नहीं



संवाददाता।

**पटना**। सितंबर महीने में पटना समेत बिहार को कई जिलों के लोग गर्मी से परेशान हैं। दोपहर में तो मई-जून जैसा हाल है, हालांकि सुबह-शाम थोड़ी ठंडक है। मौसम विभाग के अनुसार बारिश की कोई संभावना नहीं है क्योंकि आसमान बिल्कुल साफ है। इसका मतलब है कि पटना में 40 फीसदी कम बारिश की स्थिति बनी रहेगी। पटना आईएमडी के अनुसार, इस बार मॉनसून की विदाई देर से होगी। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि पटना में बारिश होगी और बारिश की कमी पूरी हो जाएगी।

बिहार में अगले 5 दिनों तक गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार, तापमान में 2 से 4 डिग्री की और बढ़ोतरी हो सकती है। मौसम विभाग का कहना है कि बिहार में मॉनसून कमजोर पड़ गया है। टर्फ लाइन देहरादून, पूर्वोत्तर छत्तीसगढ़ और झारखंड से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है, जिसका बिहार पर बहुत कम प्रभाव पड़ेगा। इस कारण राज्य में बारिश की कमी बनी रहेगी। अब धीरे-धीर बिहार से भी मॉनसून की विदाई हो जाएगी।

# 'हिंद-प्रशांत क्षेत्र के लोगों की जिंदगी को बेहतर बना रहा क्वाड', अमेरिका के विदेश विभाग का बयान

**वॉशिंगटन**। अमेरिका के विदेश विभाग के हिंदुस्तानी लैंग्वेज की प्रवक्ता मार्ग्रेट मैक्लियोड का कहना है कि क्वाड ने अपने गठन के बाद से ही हिंद प्रशांत महासागर क्षेत्र के लोगों के जीवन को बेहतर बनाने की दिशा में काम किया है। उन्होंने कहा कि क्वाड बैठक का गठन डेलावेयर में किया जा रहा है, जो कि राष्ट्रपति बाइडन का गृह राज्य है। डेलावेयर में राष्ट्रपति बाइडन क्वाड नेताओं के साथ अपने निजी रिश्तों की अहमियत बताना चाहते हैं।

**भारत के साथ बैठक के एजेंडे की नहीं दी जानकारी...**अमेरिकी सरकार की अधिकारी मार्ग्रेट मैक्लियोड ने कहा कि क्वाड के साझा बयान में विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग की बात शामिल होगी, जिसमें साइबर सिक्योरिटी, स्वास्थ्य सुरक्षा और मेरीटाइम सुरक्षा शामिल हैं। साथ ही जल और वायु चुनौती का मुद्दा भी साझा बयान का हिस्सा हो सकता है। व्हाइट हाउस ने अभी तक प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति जो बाइडन के बीच होने वाली मुलाकात का एजेंडा नहीं बताया है और मार्ग्रेट मैक्लियोड ने भी इस पर जानकारी देने से इनकार कर दिया।



# जीविका दीदियों ने 10 सूत्री मांगों को लेकर किया धरना प्रदर्शन

दीपक तिवारी।

**मुजफ्फरपुर**। बिहार प्रदेश जीविका कैडर संघ के आह्वान पर प्रखंड के बन्दरा दर्शन सीएलएफ कार्यालय पर विभिन्न 10 सूत्री मांगों को लेकर जीविका दीदियों ने धरना सभा का आयोजन किया। इस दौरान कार्यालय के मुख्य द्वार पर ताला बंद कर जीविका दीदीयों ने कामकाज ठप कर दिया। इस दौरान सरकार विरोधी आक्रोषपूर्ण नारेबाजी की जा रही थी। जीविका दीदियों ने बताया कि प्रखण्ड के सभी पंचायतों की सभी समूहों की सीएम,बुक कीपर,भीआरपी आदि मिलकर वे लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी कैडेट को जीविका की ओर से नियुक्ति पहचान पत्र और निर्धारित ड्रेस देने,मानदेय कंट्रीब्यूशन सिस्टम पर अविलंब रोक लगाने, वेतनमान लागू करने, काम से हटाने की धमकी पर रोक लगाने, सीएफएल, ग्राम संगठन स्तर पर काम करने वाले कैडर का मानदेय 21हजार रुपये और 60 साल का नौकरी तय करने,अध्यक्ष- सचिव -कोषाध्यक्ष सीएफएल ग्राम संगठन स्तर पर जीविका दीदी को 10हजार का भुगतान किए जाने समेत 10 सूत्री मांगों को लेकर वे लोग यह प्रदर्शन कर रही हैं।अलग-अलग क्षेत्रों से मंजू देवी,सुनीता देवी,इंदु देवी,उषा कुमारी,पूनम देवी,सुशीला देवी,सुनीता कुमारी,रंजना कुमारी आदि नेतृत्व कर रही थी।



# मोतिहारीः नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या

## एसपी ने कहा सभी हत्यारे होंगे शीघ्र गिरफ्तार -एसआईटी गठित

संवाददाता।

**मोतिहारी** ।जिले के बीजधरी ओपी थाना क्षेत्र स्थित सुंदरपुर गांव में कल देर रात घर से बुलाकर एक स्कूल के नाइट गार्ड की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक के परिजनों ने हत्या का आरोप गांव के ही चार लोगों पर लगाया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस जांच में जुट गई। मृतक की पहचान उसी गांव के मणि प्रकाश यादव के रूप में हुई है। मृतक के भाई संजय कुमार ने बताया कि वह स्कूल में नाइट गार्ड का काम करता था। गुरुवार की रात खाना खाकर वह स्कूल जाने ही वाला था कि दो बाइक पर सवार हो कर चार लोग शशि कुमार, मनीष कुमार, सुबोध कुमार और जिया लाल उसे घर से बुलाकर ले गए। इसके बाद उसकी गोली मार कर हत्या कर दिए और फरार हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक और आरोपी के बीच पूर्व से विवाद चला आ रहा था। इसी को लेकर कुछ दिन पहले ही सभी के बीच मारपीट भी हुई थी। हालाकि यह बात थाना तक नहीं गई । उसी मामले को रफा दफा करने के लिए सभी आरोपी उसे घर पर बुलाने के लिए आया था, और उसे ले जाकर गोली मार दी। बताया जा रहा है कि मणि प्रकाश यादव की पत्नी रिंकी देवी गांव में आंगनबाड़ी सेविका है। और मणि गांव के ही एक स्कूल में नाइट गार्ड का काम करता था। जबकि सभी आरोपी अपराधी प्रवृति के लोग है। घटना की सूचना पर चकिया एसडीपीओ सतेंद्र सिंह घटना स्थल पर पहुंच कर मामले की जांच शुरू कर दिए। इस संबंध में एसपी स्वर्ण प्रभात ने बताया कि चार लोगों ने मिल कर मणि प्रकाश यादव को गोली मारी है। जिसके वजह से उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। चारों आरोपी का आपराधिक इतिहास है। वहीं एसपी ने अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए एसआईटी का गठन किया है।



# मुजफ्फरपुरः बन्दरा पीएचसी में स्वच्छता कर्मियों का विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर/बन्दरा**। पीएचसी में शुक्रवार को प्रखंड के सभी स्वच्छता कर्मियों का विशेष स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में कार्यरत विभिन्न स्तरों की स्वच्छता कर्मियों के स्वास्थ्य जांच की गई। इस दौरान उन्हें विभिन्न तरह के जांच के बाद आवश्यक सलाह एवं दबाए दिए गए। प्रखंड के कई चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों की टीम इस दौरान सक्रिय थे। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर नौशाद अहमद ने बताया कि साल में इस तरह का आयोजन किया जाता है। प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायत में विभिन्न स्तरों पर काम करने वाले स्वच्छता कर्मियों को स्वच्छता अभियान के अंतर्गत उनके स्वास्थ्य की भी जांच की जाती है। सौ से ज्यादा कर्मियों की जांच हुई।



- प्रखण्ड के सौ से ज्यादा कर्मियों की हुई जांच
- विभिन्न स्तरों की जांच के बाद दी गयी चिकित्सीय सलाह एवं दवाएं

# फर्जी आईपीएस जमुई में नकली पिस्टल और वर्दी के साथ धोखाधड़ी करते पकड़ाया

संवाददाता।

**जमुई**। बिहार के जमुई जिले में एक 18 साल के लड़के को नकली आईपीएस अफसर बनकर लोगों को ठगने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। लड़के का नाम मिथिलेश कुमार बताया जा रहा है और वह लखीसराय जिले के हलसी थाना क्षेत्र के गोवर्धनबीघा का रहने वाला है। सिकंदरा थाना पुलिस ने उसे सिकंदरा शहर के बंधन बैंक के पास से उस वक़्त पकड़ा जब वह आईपीएस की वर्दी पहनकर घूम रहा था। मिथिलेश के पास से पुलिस ने एक नकली पिस्टल और पल्सर



पर 200 बाइक भी बरामद की है। पुलिस पूछताछ में उसने बताया कि वह खैरा निवासी मनोज सिंह नाम के व्यक्ति को नौकरी दिलाने के नाम पर 2 लाख रुपये ऐंठने वाला था। मिथिलेश ने यह भी बताया कि उसे यह वर्दी और नकली पिस्टल उसी दिन किसी ने दी थी। थाना प्रभारी मिंटू कुमार सिंह ने बताया कि पहली नजर में यह मामला ठगी का लग रहा है। ऐसा लगता है कि मिथिलेश पूरी तरह से नकली आईपीएस अफसर बनकर लोगों को ठगने का काम कर रहा था। फिलहाल पुलिस लड़के से पूछताछ कर रही है और मामले की गहराई से जाँच कर रही है। पुलिस को उम्मीद है कि जल्द ही इस मामले में और भी खुलासे होंगे। यह घटना इस बात का जीता जागता सबूत है कि कैसे कुछ लोग वर्दी की आड़ में अपराध को अंजाम देते हैं। लोगों से अपील है कि वे ऐसे लोगों से सावधान रहें और कोई भी शक होने पर तुरंत पुलिस को सूचित करें।

# जेडीयू का 'एक देश एक चुनाव पर' पर बड़ा बयान

## नीतीश कुमार का भी स्टैंड हो गया क्लियर

दीपक कुमार तिवारी।

**पटना**। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की पार्टी जेडीयू 'एक देश एक चुनाव' के पक्ष में है। संजय झा ने कहा कि हमें खुशी है कि केंद्रीय मंत्रिमंडल ने 'एक देश एक चुनाव' के संबंध में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अगुवाई वाली उच्चस्तरीय समिति की सिफारिशों को स्वीकार कर लिया है। बिहार के मुख्यमंत्री सह जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार शुरू से ही 'एक देश एक चुनाव' की नीति के समर्थक रहे हैं। जेडीयू ने कहा कि उसने 17 फरवरी को इस बारे में पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को ज्ञापन भी दिया था।

जेडीयू कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने कहा कि पार्टी को खुशी है कि केंद्र सरकार ने 'एक देश एक चुनाव' पर बड़ा फैसला किया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार शुरू से ही इसके समर्थक रहे हैं। संजय झा ने बताया कि 17 फरवरी को पार्टी नेता ललन सिंह के साथ वह खुद पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिले थे। तब उन्हें 'एक देश एक चुनाव' पर जेडीयू के विचारों से अवगत कराया गया था। उन्होंने



बताया कि जेडीयू का मानना है कि इससे देश का बेहतर शासन सुनिश्चित होगा।

झा ने आगे कहा कि 2018 में विधि आयोग ने चुनाव सुधारों पर राय मांगी थी। तब भी नीतीश कुमार और जेडीयू ने 'एक देश एक चुनाव' का समर्थन किया था। विधि आयोग ने अपनी रिपोर्ट में 'एक देश एक चुनाव' की सिफारिश की थी। इसी रिपोर्ट पर पूर्व राष्ट्रपति की अध्यक्षता वाली समिति विचार कर रही थी। जेडीयू ने बताया कि उसने इस बारे में कई लोगों और संगठनों से बात की है। इनमें उद्योग संगठन सीआईआई, फिक्की, एसोचैम और दूसरे संगठन शामिल हैं। पार्टी ने बताया कि उसने भारत में एक साथ चुनाव के इतिहास को भी ध्यान में रखा है।

# खुद दृष्टिहीन... दूसरों को बांट रही ज्ञान की रोशनी

संवाददाता।

**मुजफ्फरपुर**। शहर की रहने वाली डॉक्टर संगीता अग्रवाल एक प्रेरणादायक शिक्षिका हैं। वो जन्म से ही देख नहीं सकती हैं, लेकिन अपनी मेहनत और लगन से उन्होंने न सिर्फ अपनी पढ़ाई पूरी की, बल्कि आज वो बिहार विश्वविद्यालय में संस्कृत की प्रोफेसर भी हैं। ब्रेल लिपि के जरिए वो अपने छात्रों को पढ़ाती हैं और अपने वेतन का इस्तेमाल गरीब और दिव्यांग बच्चों की मदद के लिए करती हैं। राष्ट्रपति ने भी उनके इस काम के लिए उन्हें सम्मानित किया है। डॉक्टर संगीता अग्रवाल मुजफ्फरपुर के जवाहरलाल रोड की रहने वाली हैं। बिहार विश्वविद्यालय में संस्कृत की प्रोफेसर होने के साथ-साथ वो शुभम संस्था भी चलाती हैं जहां वो लगभग 80 बच्चों को मुफ्त में शिक्षा देती हैं। इन बच्चों में दृष्टिबाधित और मूक बधिर बच्चे भी शामिल हैं। डॉक्टर संगीता अग्रवाल ने बताया कि दिल्ली यूनिवर्सिटी से 1993 में उन्होंने पीएचडी किया था। एमए और पीएचडी दोनों में वह कॉलेज टॉपर रही उन्हें गोल्ड मेडल भी



हासिल हुआ। उनके लिए ये सफर आसान नहीं था। बिहार में दृष्टिबाधित बच्चों के लिए पढ़ाई की सुविधा नहीं होने के कारण उनके पिता उन्हें सात साल की उम्र में दिल्ली के एक स्कूल में दाखिला दिलाया। 28 साल की उम्र तक उन्होंने दिल्ली में पढ़ाई की। डॉक्टर संगीता अग्रवाल ने 1993 में शुभम संस्था की स्थापना की थी। आज इस संस्था में सात शिक्षक हैं जो पहली कक्षा से दसवीं कक्षा तक के बच्चों को पढ़ाते हैं। यहां बच्चों के रहने और खाने की भी व्यवस्था है और ये सब कुछ मुफ्त में दिया जाता है। बच्चों के प्रति अपने समर्पण के बारे में बताते हुए डॉक्टर संगीता अग्रवाल ने कहा कि शुभम के जरिए इन बच्चों को वह परेशानी झेलते नहीं देख सकती जो उन्होंने झेला है इसलिए उन्होंने विवाह तक नहीं किया और आज वह इन 80 बच्चों की मां के रूप में सेवा कर रही है। आज उनकी संस्था से पढ़कर 70 से ज्यादा बच्चे अलग-अलग जगहों पर काम कर रहे हैं। डॉक्टर संगीता अग्रवाल की कहानी वाकई प्रेरणादायक है और ये बताती है कि अगर इंसान के अंदर कुछ कर गुजरने की चाहत हो तो उसके लिए कोई भी मुश्किल बहुत बड़ी नहीं होती।

# संक्षिप्त खबरें

## एफएटीएफ ने भारत की धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी प्रणाली की प्रशंसा की, पर दी ये नसीहत



**नई दिल्ली** । वैश्विक धन शोधन व आतंकवाद के वित्तपोषण रोधी निकाय एफएटीएफ ने गुरुवार को भारत पर अपनी बहुप्रतीक्षित पारस्परिक मूल्यांकन रिपोर्ट जारी की। इसमें कहा गया कि देश की प्रणालियां 'प्रभावी' हैं लेकिन इन मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए 'बड़े सुधार' की जरूरत है।

368 पृष्ठों की यह रिपोर्ट पेरिस मुख्यालय वाली संस्था एफएटीएफ की ओर से जून माह की पूर्ण बैठक में उक्त मूल्यांकन को अपनाए जाने के बाद जारी की गई। भारत की धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण से निपटने की व्यवस्था की पिछली समीक्षा 2010 में प्रकाशित हुई थी।

यह रिपोर्ट, जो पिछले वर्ष नवम्बर में विशेषज्ञों के भारत दौरे के बाद आई है, ने देश को "रेग्युलर फॉलोअप" श्रेणी में रखा है, यह वह स्थान है जो केवल चार अन्य ञ्च20 देशों को प्राप्त है। भारत का अगला मूल्यांकन 2031 में होगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत ने धन शोधन निरोधक (एएमएल) और आतंकवाद के वित्तपोषण निरोधक (सीएफटी) प्रणाली लागू की है जो कई मायनों में प्रभावी है।

हालांकि, उसने कहा कि धन शोधन और आतंकवाद के वित्तपोषण के मामलों में अभियोजन को मजबूत करने के लिए "बड़े सुधार" की आवश्यकता है। इससमें कहा गया है कि गैर-लाभकारी क्षेत्र को आतंकवादी दुरुपयोग से बचाने के लिए भी प्रणाली में सुधार की आवश्यकता है।

रिपोर्ट में कहा गया है, "भारत में धन शोधन का मुख्य स्रोत देश के भीतर की अवैध गतिविधियों से उत्पन्न होता है।" रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि देश को विभिन्न प्रकार के आतंकवादी खतरों का सामना करना पड़ रहा है, जिनमें सबसे प्रमुख खतरा करक्छ (इस्लामिक स्टेट या करकर) या अलकायदा से जुड़े समूह हैं, जो जम्मू-कश्मीर और उसके आसपास सक्रिय हैं।

रिपोर्ट में एफएटीएफ की 40 अनुशंसाओं के अनुपालन के स्तर और भारत की एएमएल/सीएफटी प्रणाली की प्रभावशीलता के स्तर का विश्लेषण किया गया है। रिपोर्ट में इस बात की सिफारिशें दी गई हैं कि प्रणाली को किस प्रकार मजबूत बनाया जा सकता है।

## कंपनी से कोई भी अन्ना सेबेस्टियन के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं ?

**नई दिल्ली** । 26 वर्षीय अन्ना सेबेस्टियन प्राइल की मौत से भारत में, खासकर सोशल नेटवर्क पर हलचल मच गई। वह चार महीने पहले ए में शामिल हुए थे लेकिन हाल ही में अत्यधिक काम के दबाव के कारण उनका निधन हो गया। यह दुर्भाग्यपूर्ण घटना तब सामने आई जब उनकी मां ने ईवाई इंडिया के प्रमुख राजीव मैमानी को एक पत्र लिखा। पत्र में मां ने ईवाई पर अपने कर्मचारियों पर बहुत अधिक दबाव डालने का आरोप लगाया। उन्होंने यह भी कहा कि कंपनी का कोई भी कर्मी अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुआ.पत्र का जवाब देते हुए ईवाई के चेयरमैन राजीव ममानी ने कहा कि ऐसा पहले कभी नहीं हुआ था और कंपनी के लिए यह अलग था। ह्लमैं बहुत दुखी हूं और एक पिता के रूप में मैं केवल मिस्टर ऑगस्टीन के दुख की कल्पना कर सकता हूं, लेकिन मैं उनके जीवन में आए खालीपन को नहीं भर सकता। दुर्भाग्य से हम सुश्री अन्ना के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सके। उन्होंने लिंक्डइन पर फिर लिखा, "ऐसा पहले कभी नहीं हुआ और न ही कभी होगा।" लिंक्डइन पर उनके संदेश पर लोगों की नकारात्मक प्रतिक्रियाएं आईं और उनके कई जवाबों से उनकी नाराजगी झलक रही है।

उन्होंने लिंक्डइन पर एक पोस्ट में कहा:

आपमें से बहुत से लोग हमारे कार्यालय में काम करने वाली एक युवा महिला अन्ना सेबेस्टियन की दुखद मौत और उसकी माँ, सुश्री अनीता ऑगस्टीन द्वारा मुझे लिखे गए हृदय विदारक पत्र से परिचित होंगे। मैं बहुत दुखी हूं और एक पिता के रूप में मैं केवल श्री ऑगस्टीन के दुख की कल्पना कर सकता हूं। मैं परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं, लेकिन मैं उनके जीवन में आई कमी को नहीं भर सकता। मुझे सचमुच खेद है कि मैं अन्ना के अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हो सका। यह हमारी संस्कृति से बिल्कुल अलग है। ऐसा अब तक नहीं हुआ है. ऐसा फिर कभी नहीं होगा. पिछले कुछ दिनों में, आप में से कुछ लोगों ने हमारे सोशल मीडिया पोस्ट पर टिप्पणी की होगी कि हम कैसा काम कर रहे हैं। स्वस्थ कार्य वातावरण बनाना हमारे लिए हमेशा बहुत महत्वपूर्ण रहा है और हमारे कर्मचारियों की भलाई हमारे लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

## लीला पैलेसेस होटल ने सेबी के पास DRHP दाखिल किया



**कर्नाटकः** बैंगलोर पैलेस लिमिटेड (द लीला पैलेस होटल्स रिजॉर्ट) ने बाजार नियामक भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) के साथ एक ड्राफ्ट रेड हेरिंग प्रॉस्पेक्टस (डीआरएचपी) दायर किया है। कंपनी के आईपीओ में 30,000 मिलियन के कुल मूल्य तक ख10 सममूल्य शेयरों का एक नया अंक और 20,000 मिलियन तक के कुल मूल्य तक ख10 सममूल्य मूल्य वाले शेयरों की बिक्री का प्रस्ताव शामिल है। कुल ऑफर आकार में ?10 अंकित मूल्य के शेयर शामिल हैं, जिनका कुल मूल्य 50,000 करोड़ है।डीआरएचपी प्राप्त होने के बाद कंपनी और ऑफर के उद्देश्य के बारे में विवरण जोड़ा जाएगा।

जेएम फाइनेंशियल लिमिटेड, बोफा सिक्योरिटीज इंडिया लिमिटेड, मॉर्गन स्टेनली इंडिया कंपनी प्राइवेट लिमिटेड, जे.पी. मॉर्गन इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, कोटक महिंद्रा कैपिटल कंपनी लिमिटेड, एक्सिस कैपिटल लिमिटेड, सिटीग्रुप ग्लोबल मार्केट्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, आईआईएफएल सिक्योरिटीज लिमिटेड, आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज लिमिटेड, मोतीलाल ओसवाल इन्वेस्टमेंट एडवाइजर्स लिमिटेड और एसबीआई कैपिटल मार्केट्स लिमिटेड इश्यू के प्रमुख प्रबंधक हैं। .

## MG कॉमेट ईवी 5 लाख रुपये में उपलब्ध

**नई दिल्लीः** JSW MG मोटर्स इंडिया ने भारत में अपने दो अन्य कॉमेट एश और X ZS EV के लिए बैटरी-एज-ए-सर्विस प्रोग्राम शुरू किया है। कंपनी ने सबसे पहले अपने विंडसर एश में इस पहल की शुरूआत की थी। यह ग्राहकों को कम कीमत पर वाहन खरीदने और चलाए गए किलोमीटर के आधार पर बैटरी के इस्तेमाल के लिए अलग से भुगतान करने में मदद करता है। JSW MG मोटर इंडिया के मुख्य वाणिज्यिक अधिकारी सतिंदर सिंह बाजवा ने कहा, "इंर के साथ, हमने आसान स्वामित्व के लिए एक प्लेटफॉर्म बनाया है, जिससे हमारे एश पहले से कहीं ज्यादा सुलभ हो गए हैं। BÔÔS कार्यक्रम के तहत विंडसर को मिली मजबूत प्रतिक्रिया को देखते हुए, अब हम अपने लोकप्रिय एश मॉडल, कॉमेट और`र को भी इसका लाभ दे रहे हैं। मुझे पूरा भरोसा है कि यह अनूठा स्वामित्व मॉडल देश में एश अपनाने को और बढ़ावा देगा। आइए इस पहल की विशिष्टताओं के साथ-साथX ZS EVऔर कॉमेट एश की बैटरी किराये की लागत पर नजर डालें।

# अमेरिकी ब्याज दर में कटौती से भारत में विदेशी निवेश पर नहीं होगा असर', आर्थिक सचिव बोले



**नई दिल्ली।** अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती का भारत में विदेशी निवेश पर कोई महत्वपूर्ण असर नहीं पड़ेगा।?आर्थिक मामलों के सचिव अजय सेठ ने बृहस्पतिवार को कहा, फेडरल रिजर्व ने दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के लिए अच्छा फैसला किया है। लेकिन, आरबीआई भारतीय अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखकर कटौती का फैसला करेगा। सेठ ने कहा, अमेरिकी केंद्रीय बैंक का फैसला भारत सहित वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सकारात्मक है। हमें देखना होगा कि अमेरिकी ब्याज दरों का स्तर कहां है? अन्य बाजार कैसा व्यवहार करते हैं। फेडरल रिजर्व ने बुधवार देर रात चार साल बाद ब्याज दरों में 0.50 फीसदी की कटौती की थी। एजेंसी

उचित समय पर निर्णय लेगी मौद्रिक नीति समिति

सेठ ने कहा, भारत में ब्याज दर में कटौती पर फैसला आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) उचित समय पर लेगी। एमपीसी का फैसला इस पर आधारित है कि भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए क्या अच्छा है। एमपीसी की तीन दिवसीय बैठक अगले महीने होनी है। फरवरी, 2023 से रेपो दर में बदलाव नहीं हुआ है और यह 6.5 फीसदी पर स्थिर है।

**भारत पर कम होगा असरः सीईए...** भारत के मुख्य आर्थिक सलाहकार (सीईए) वी अनंत नागेश्वरन ने कहा, फेडरल रिजर्व के कदम का असर भारत पर कम होगा, क्योंकि नीतिगत दर पहले से ही बहुत ज्यादा थी। भारतीय शेयर बाजार पहले से ही निवेशकों को आकर्षित कर रहा है। कुल मिलाकर, दर में कटौती उभरते बाजारों के लिए सकारात्मक है।

बाजार में कम हो सकता है रिटर्नः पीएचडीसीसीआई के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल के अनुसार, फेडरल रिजर्व के फैसले से इक्विटी पर रिटर्न कम हो सकता है। सोने की कीमतें बढ़ सकती हैं व रुपये में मजबूती आ सकती है। कुछ विश्लेषकों का मानना है कि उभरते बाजारों में भी दरें घट सकती हैं।

**असरः कच्चा तेल 1.1 फीसदी टूटा...** अमेरिका में दरों में कटौती के बाद ब्रेंट क्रूड की कीमत 1.1 फीसदी गिरकर 74.46 डॉलर प्रति बैरल पर आ गई है। विश्लेषकों के मुताबिक, चीन की कमजोर मांग से दाम घट रहे हैं।?पिछले हफ्ते यह 70 डॉलर प्रति बैरल से भी नीचे आ गया था। सिटी ने एक रिपोर्ट में कहा, 2025 में ब्रेंट क्रूड 60 डॉलर तक आ सकता है।?यानी यहां से कीमतें और घट सकती हैं।

**इस साल 0.50 फीसदी और कटौती की उम्मीद...** एसबीआई ने कहा, अमेरिका में इस साल ब्याज दरें 0.50 फीसदी और घट सकती हैं। 2025 में भी एक फीसदी तक कटौती संभव है।?2026 में एक बार फिर से 0.50 फीसदी कटौती की उम्मीद है। यानी तब अमेरिकी ब्याज दरें 2.75 से 3 फीसदी के बीच हो जाएंगी। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत में इन दरों का पालन नहीं होगा क्योंकि आगे खुदरा महंगाई के पांच फीसदी के आसपास बने रहने का अनुमान है।?ऐसे में आरबीआई इस पर अपने हिसाब से फैसले लेगा।

# त्योहारों से पहले झटकाः चार दिन में जरूरी वस्तुओं के दाम 12 % तक बढ़े



**नई दिल्ली** त्योहारी मौसम शुरू होने से पहले ही आम आदमी को झटका लगना शुरू हो गया है। पिछले चार दिनों में जरूरी वस्तुओं खासकर खाने के तेल की कीमतों में जबरदस्त उछाल आया है। 15 सितंबर से लेकर अब तक इनकी कीमतें 12 फीसदी तक बढ़ गई हैं।

ऐसे में आने वाले समय में लोगों को इन पर ज्यादा खर्च करना पड़ सकता है। हालांकि, बुधवार को ही खाद्य सचिव संजीव चोपड़ा ने दावा किया कि त्योहारी सीजन में जरूरी खाद्य वस्तुओं की कीमतें नहीं बढ़ेंगी। इनके पर्याप्त भंडार हैं और इससे लोगों को राहत मिलेगी। हालांकि, उनके बयान के एक दिन बाद ही उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़े इसे आगे आने वाले समय में झूठा साबित कर सकते हैं।

**मूंगफली तेल की कीमत में भी उछाल...** मूंगफली तेल की कीमत पिछले चार दिनों में 180 रुपये से बढ़कर 186 रुपये लीटर हो गई है। यानी तीन फीसदी की तेजी आई है। सरसो का तेल 142 रुपये से महंगा होकर 148 रुपये हो गया है यानी चार फीसदी की वृद्धि आई है। वनस्पति तेल का भाव 122 से बढ़कर 126 रुपये लीटर हो गया है। हालांकि, यह सभी वस्तुओं के सरकारी भाव हैं, पर खुदरा बाजार में कीमतें इससे भी ज्यादा हो सकती हैं।

उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य तेलों के दाम 8 फीसदी तक बढ़े हैं। 15 सितंबर को सोया तेल की कीमत 118 रुपये थी जो 19 सितंबर को 8 फीसदी बढ़कर 126 रुपये लीटर हो गई। इसी दौरान पाम तेल का दाम 100 रुपये से बढ़कर 107 रुपये लीटर हो गया जबकि सूर्यमुखी तेल का भाव 119 से बढ़कर 126 रुपये लीटर पर पहुंच गया।

# निवेशकों ने एक दिन में कमाए 6 लाख करोड़ रुपये

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार की ऐतिहासिक तेजी जारी है. हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार एक और रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गया। सेंसेक्स ने 84,694.46 अंक की रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। वहीं, सेंसेक्स 1,359 अंक यानी 1.63 फीसदी बढ़कर 84,544 पर बंद हुआ। निफ्टी पर यह 25,849.25 अंक के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। निफ्टी 375.15 अंक या 1.48 प्रतिशत बढ़कर 25,790.95 पर बंद हुआ। आईसीआईसीआई बैंक, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल), बजाज फिनसर्व और जेएसडब्ल्यू स्टील सहित 250 से अधिक शेयरों ने इंट्राडे ट्रेडिंग में रिकॉर्ड ऊंचाई को छुआ। जोमैटो, बजाज होल्डिंग्स, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, मैरिको, आयशर मोटर्स, हैवेल्स, इंडियन होटल्स, मैक्स हेल्थकेयर इंस्टीट्यूट्स, पर्सिस्टेंट सिस्टम्स, पीआई इंडस्ट्रीज, टोरेंट और यूनाइटेड स्पिरिट्स भी शुक्रवार को एक साल के लिए बीएसई पर सूचीबद्ध हुए।शेयर बाजार में तेजी की बदौलत निवेशकों ने एक ही दिन में 600,000 रुपये से ज्यादा का मुनाफा कमाया। सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 465.7 मिलियन रुपये से बढ़कर 472 मिलियन रुपये हो गया, जो इतिहास में सबसे अधिक है।

वैश्विक बाजारों के शेयर को लेकर भी आशावादी रुख रहा। जापान का निक्केई औसत 1.53 प्रतिशत बढ़ा, हांगकांग का हैंग सेंग 1.36 प्रतिशत बढ़ा, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.03 प्रतिशत बढ़ा, जबकि ब्रिटेन का एफटीएसई 0.74 प्रतिशत बढ़ा और जर्मनी का डीएएक्स 1.04 प्रतिशत गिरा।

# रेपो रेट में फरवरी 2025 से पहले कटौती की उम्मीद नहीं, एसबीआई की रिपोर्ट में महंगाई पर ये कहा गया



**नई दिल्ली।** एसबीआई रिसर्च की एक रिपोर्ट के अनुसार, हाल ही में यूएस फेडरल रिजर्व की ओर से नीतगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों (बीपीएस) की कटौती के बाद भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) भी इसी तरह के कदम पर विचार कर सकता है, लेकिन इस साल ऐसा होने के आसार कम हैं। रिपोर्ट के अनुसार संभावित रूप से फरवरी 2025 तक दर में भारत का केंद्रीय बैंक कटौती की घोषणा कर सकता है।

रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत का उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) मुद्रास्फीति जिसे हम खुदरा महंगाई दर कहते हैं अगस्त 2024 में सालाना आधार पर 3.65 प्रतिशत के करीब पहुंचते हुए पांच साल के निचले स्तर पर आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, कैलेंडर 2024 में आरबीआई की ओर से किसी भी दर कटौती की उम्मीद कम है। अब तक के अनुमानों के अनुसार 2025 की शुरूआत में संभवतः फरवरी में दर कटौती का फैसला लिया जा सकता है। बीते बुधवार को, भारतीय स्टेट बैंक के चेयरमैन सी. श्रीनिवासुलु शेट्टी ने भी साक्षात्कार में ऐसा ही अनुमान जताया था।

रिपोर्ट में कहा गया है कि बैंकिंग क्षेत्र के लिए तरलता की चुनौतियां बनी रहेंगी क्योंकि सरकारी नकदी शेष धीरे-धीरे बैंकिंग प्रणाली से बाहर निकल रही है। सितंबर और अक्तूबर में मुद्रास्फीति में अपेक्षित उछाल के बावजूद, आने वाले महीनों में सीपीआई मुद्रास्फीति के 5 प्रतिशत से नीचे या उसके करीब रहने का अनुमान है। पूरे वित्त वर्ष 2024-25 के लिए औसत मुद्रास्फीति 4.6 प्रतिशत से 4.7 प्रतिशत के बीच रहने की उम्मीद है। इस तरह, यह आरबीआई के 4-6 प्रतिशत के लक्ष्य सीमा के भीतर रहेगी। रिपोर्ट में कहा गया है , "हालांकि, पूरे वित्त वर्ष 2025 के लिए, सीपीआई मुद्रास्फीति औसतन 4.6 प्रतिशत-4.7 प्रतिशत रहने की संभावना है और यह आरबीआई की लक्षित सीमा 4-6 प्रतिशत के भीतर रहेगी।

रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि मानसून की गतिविधि अनुकूल रही है, जिसमें अब तक 7 प्रतिशत अधिशेष दर्ज किया गया है। इसका खरीफ की बुवाई पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है, जो पांच साल के औसत से अधिक होकर 109.7 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई है। 17 सितंबर तक, खरीफ फसल की बुवाई सामान्य रकबे 0.1 प्रतिशत और पिछले साल की तुलना में 2.2 प्रतिशत बेहतर रही। विशेष रूप से धान की बुवाई में 2.1% की वृद्धि देखी गई, जो पांच साल के औसत की तुलना में 41 मिलियन हेक्टेयर तक पहुंच गई।

रिपोर्ट के अनुसार, आरबीआई ने मुद्रास्फीति के दबावों को प्रबंधित करने के लिए सख्त तरलता बनाए रखना जारी रखा है। सरकारी अधिशेष नकदी शेष औसतन 2.8 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि टिकाऊ/कोर तरलता अधिशेष 18 सितंबर तक बढ़कर 3.19 लाख करोड़ रुपये हो गया। यह, पिछली मौद्रिक नीति घोषणा के बाद से औसतन 3.9 लाख करोड़ रुपये रहा। इसके कारणों पर रिपोर्ट में कहा गया है कि यदि मुद्रास्फीति आरबीआई के बैंड में बनी रही, तो अगले साल फरवरी तक ब्याज दरों में कटौती की घोषणा संभव है।

# ईओडब्ल्यू ने अशनीर ग्रोवर के परिवार के सदस्य को किया गिरफ्तार, पैसों की हेराफेरी का है मामला



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने फिनटेक कंपनी भारतपे के सह-संस्थापक अशनीर ग्रोवर के एक परिवार के सदस्य को धन की कथित हेराफेरी के सिलसिले में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार, ग्रोवर के रिश्तेदार दीपक गुप्ता को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया गया। एक अधिकारी ने बताया कि गुप्ता का नाम उस प्राथमिकी में है जो ग्रोवर, उनकी पत्नी माधुरी जैन और उनके परिवार के सदस्य के खिलाफ मई 2023 में 81 करोड़ रुपये के धोखाधड़ी मामले में दर्ज की गई थी। उन्होंने बताया कि गुप्ता से पूछताछ की जा रही है।

अधिकारियों ने बताया कि गुप्ता की गिरफ्तारी इस मामले में अब तक की दूसरी गिरफ्तारी है। इस साल अगस्त में, ईओडब्ल्यू ने अमित कुमार बंसल को गिरफ्तार किया था, जो कथित तौर पर उन गैर-मौजूद फर्मों के सदस्यों में से एक थे, जिन्हें 2019 और 2021 के बीच भारतपे के तत्कालीन निदेशकों से 72 करोड़ रुपये का भुगतान प्राप्त हुआ था। भारतपे ने ग्रोवर और उनके परिवार पर फर्जी मानव संसाधन सलाहकारों को अवैध भुगतान करने, आरोपियों से जुड़े पास-थ्रू विक्रेताओं के माध्यम से बढ़ा-चढ़ाकर और अनुचित भुगतान करने, इनपुट-टैक्स क्रेडिट में फर्जी लेनदेन करने और माल व सेवा कर (जीएसटी) अधिकारियों को जुमानें का भुगतान करने का आरोप लगाया था। इसके अलावे, ट्रैवल एजेंसियों को अवैध भुगतान करके, जाली चालान और सबूतों को नष्ट करके कंपनी को लगभग 81.3 करोड़ रुपये का नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया गया है।

# टी.आर.जेलियांग ने प्रस्तावों को सख्ती से पालन करने का आदेश



**नागालैंड।** उप प्रधान मंत्री और योजना एवं परिवर्तन मंत्री टी.आर. गुरुवार को कोहिमा में सचिवालय सम्मेलन हॉल में सभी एएचओडी और एचओडी के साथ विकास गतिविधियों की समीक्षा के लिए एक समीक्षा बैठक को संबोधित करते हुए, जेलियन ने सभी विभागों को योजना और नियोजन निदेशालय द्वारा जारी विकास कार्य कैलेंडर 2024-25 में निर्दिष्ट कार्यक्रमों का सख्ती से पालन करने का आदेश दिया।. विभाग। पालन ? ?करने का आदेश दिया। , डीआईपीआर की रिपोर्ट के अनुसार, इसने मंत्रालयों को विभिन्न वित्तीय संस्थानों से समन्वित ऋण सहित सरकारी कार्यक्रम के तहत वित्तपोषित सभी विकास गतिविधियों के लिए तुरंत अपने प्रस्ताव प्रस्तुत करने की याद दिलाई। उन्होंने कहा कि अनुमोदन के अधीन या अनुमोदन के अधीन" आधार पर बिल्डिंग परमिट जारी करने की प्रथा पर अब विचार नहीं किया जाएगा। जेलियन ने अगले वित्तीय वर्ष में शुरू किए जाने वाले विभागीय कार्यक्रमों को समय पर प्रस्तुत करने पर भी जोर दिया ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि योजना विभाग के पास प्रस्तावों की समीक्षा करने और प्रत्येक कार्यक्रम के परिणामों को अधिकतम करने के लिए क्षेत्रीय व्यय करने के लिए पर्याप्त समय हो। कृषि और संबंधित क्षेत्रों में कार्यक्रमों और योजनाओं के संबंध में, उप प्रधान मंत्री ने कार्यकारी विभागों से दिसंबर-जनवरी में अपने कार्यक्रमों को मंजूरी देने का आह्वान किया ताकि अप्रैल में काम शुरू हो सके, जो कृषि के लिए सही समय है।

# अप्रैल-अगस्त में भारत का रेडीमेड परिधान निर्यात 6.4 बिलियन डॉलर से अधिक पहुंचा

**नई दिल्लीः** वैश्विक चुनौतियों के बीच रुझान को पलटते हुए, देश से रेडीमेड गारमेंट (आरएमजी) निर्यात में अगस्त में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में 11.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई। अप्रैल-अगस्त की अवधि के लिए संचयी आरएमजी निर्यात 6,395 मिलियन डॉलर (लगभग 6.4 बिलियन डॉलर) रहा।

परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) के अनुसार, वैश्विक प्रतिकूलताओं और लाल सागर संकट के जारी रहने तथा लॉजिस्टिक लागत और वैश्विक मुद्रास्फीति जैसी अन्य चुनौतियों के बावजूद परिधान निर्यात ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी। एईपीसी के अध्यक्ष सुधीर सेखरी ने कहा कि पिछले पांच महीनों (अप्रैल से अगस्त 2024-25) में औसतन 7.12 प्रतिशत की वृद्धि के साथ, आरएमजी निर्यात ने गिरते व्यापारिउद्योग के लचीलेपन को देखना बहुत उत्साहजनक है।

उन्होंने कहा कि उत्पाद की गुणवत्ता के साथ-साथ पर्यावरण और सामाजिक अनुपालन पर ध्यान केंद्रित करने के साथ उद्योग उच्च विकास पथ पर छलांग लगाने और परिधान निर्यात का एक प्रमुख वैश्विक खिलाड़ी बनने के लिए तैयार है। हाल के महीनों में, आरएमजी निर्यात ने एक अत्यंत सकारात्मक प्रवृत्ति प्रदर्शित की है। आरएमजी निर्यात में हालिया उछाल वैश्विक ब्रांडों द्वारा भारत निर्मित उत्पादों पर बढ़ते भरोसे का प्रमाण है।

# तेल निर्यात में कमी से भारत का व्यापार घाटा बढ़ रहा है- क्रिसिल



**नई दिल्ली।** क्रिसिल की एक रिपोर्ट के अनुसार, कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट के कारण भारत के तेल निर्यात पर असर पड़ा है, जिसके कारण अगस्त में देश के कुल निर्यात में कमी आई है तेल भारत की प्रमुख निर्यात वस्तुओं में से एक है, देश विभिन्न देशों को पेट्रोलियम उत्पादों का निर्यात करता है, जिसमें नीदरलैंड शीर्ष गंतव्य है, इसके बाद सिंगापुर, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका हैं, वाणिज्य मंत्रालय के व्यापार डेटा के अनुसार।"कच्चे तेल की कीमत में गिरावट - भारत की शीर्ष निर्यात वस्तुओं में से एक - तेल निर्यात को प्रभावित कर रही है," क्रिसिल ने कहा। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि निर्यात की तुलना में आयात अधिक तेजी से बढ़ रहा है, जिससे व्यापार घाटा बढ़ रहा है। क्रिसिल ने यह भी उल्लेख किया कि वित्तीय वर्ष की शुरूआत सकारात्मक रही, जिसमें पहली तिमाही के दौरान व्यापारिक निर्यात में स्थिर वृद्धि देखी गई। हालांकि, जुलाई और अगस्त तक, निर्यात वृद्धि धीमी हो गई थी, और कुल निर्यात में कमी आई थी।

कई मुद्दों ने इस गिरावट में योगदान दिया है, जिनमें से एक प्रमुख कारक कंटेनरों की कमी है, जिसने प्रमुख व्यापार मार्गों को बाधित किया है। इन चुनौतियों के अलावा, अमेरिका ने चीनी वस्तुओं पर टैरिफ बढ़ाने की योजना की घोषणा की है, जिससे वैश्विक व्यापार प्रवाह और अधिक प्रभावित होगा। रिपोर्ट में कहा गया है, "वित्त वर्ष की शुरूआत अच्छी रही, पहली तिमाही में व्यापारिक निर्यात में लगातार वृद्धि दर्ज की गई। हालांकि, जुलाई और अगस्त में निर्यात में कमी आई। व्यापार मार्ग में व्यवधान के बीच कंटेनर की कमी और चीनी निर्यात पर अमेरिका द्वारा टैरिफ बढ़ाने जैसे मुद्दे भी अहम हैं।" रिपोर्ट में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि चीनी वस्तुओं पर अमेरिकी टैरिफ से जुड़ी स्थिति एक प्रमुख चिंता का विषय है, क्योंकि इसका व्यापक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। चीन की अर्थव्यवस्था में मंदी के कारण भारत सहित एशियाई बाजार में चीनी निर्यात में भी वृद्धि हो सकती है। उदाहरण के लिए, रिपोर्ट में हाल के महीनों में चीन और वियतनाम से स्टील के आयात में उल्लेखनीय वृद्धि का उल्लेख किया गया है, जिससे भारत का व्यापारिक व्यापार घाटा और बढ़ सकता है। इन चुनौतियों के बावजूद,सकारात्मक कारक हैं जो बढ़ते व्यापार घाटे की भरपाई करने में मदद कर सकते हैं।

# हफ्ते की क्लोजिंग बंपर बढ़त के साथ, सेंसेक्स 1359 अंक चढ़ा

**नई दिल्ली।** नीतिगत ब्याज दरों में 50 आधार अंकों की कटौती करने का फैसला भारतीय शेयर बाजार के लिए बहार लेकर आया। हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन प्रमुख बेंचमार्क इंडेक्स बीएसई सेंसेक्स और निफ्टी अच्छी बढ़त के साथ बंद हुए। शुक्रवार को सेंसेक्स पहली बार 84500 के स्तर के पार पहुंचा। वहीं दूसरी ओर, निफ्टी भी छलांग मारकर 25,790 के करीब पहुंच गया। बाजार में यह बढ़त अग्रणी बैंकिंग शेयरों में तेजी और अमेरिकी व एशियाई बाजारों में तेजी के रुख के कारण आई।

30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स शुक्रवार को 1,359.51 अंक या 1.63 प्रतिशत उछलकर 84,544.31 अंक के सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 1,509.66 अंक या 1.81 प्रतिशत बढ़कर 84,694.46 अंक के उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। एनएसई निफ्टी 375.15 अंक या 1.48 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 25,790.95 पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह 433.45 अंक या 1.70 प्रतिशत बढ़कर 25,849.25 के सर्वकालिक उच्चतम स्तर तक पहुंचा।

सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा ने 5 प्रतिशत से अधिक की छलांग लगाई। जेएसडब्ल्यू स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, लार्सन एंड टूब्रो, भारती एयरटेल, नेस्ले, अडानी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, एचडीएफसी बैंक, टेक महिंद्रा, मारुति, कोटक महिंद्रा बैंक और टाटा स्टील अन्य बड़ी बढ़त वाले शेयर रहे। भारतीय स्टेट बैंक, इंडसइंड बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और बजाज फाइनेंस पिछड़ गए।



जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, "फेड की 50 आधार अंकों की दर कटौती और अत्यधिक उदार मौद्रिक नीति के बाद भारतीय बाजार भी तेजी में शामिल हो गया है। वैश्विक अर्थव्यवस्था के मजबूत बने रहने के कारण इससे अर्थव्यवस्था और अल्पावधि से मध्यम अवधि में विदेशी निवेश में सकारात्मकता आने की उम्मीद है।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग लाभ में रहे। यूरोप के शेयर बाजारों में गिरावट देखी गई। गुरुवार को अमेरिकी बाजार उल्लेखनीय रूप से तेजी के साथ बंद हुए। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा, "कल डाउ और एसएंडपी 500 ने एक और रिकॉर्ड ऊंचाई हासिल की, जो अमेरिका के नेतृत्व में चल रही वैश्विक तेजी की ताकत का संकेत है।

एक्सचेंज के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 2,547.53 करोड़ रुपये मूल्य की इक्विटी बेची। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.23 प्रतिशत गिरकर 74.71 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।

# भारत ने बंगलादेश के खिलाफ बनाई मजबूत पकड़

**चेन्नई, एजेंसी।** भारत ने गेंदबाजों के शानदार प्रदर्शन की बदौलत शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बंगलादेश को पहली पारी में 149 के स्कोर पर ढ़ेर करने के बाद अपनी दूसरी पारी में तीन विकेट पर 81 के स्कोर के साथ बढ़त 308 रन कर मैच पर मजबूत पकड़ बना ली है।

इससे पहले दिन में जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी ने बंगलादेश की टीम को 149 के स्कोर पर ढ़ेर कर दिया था। दूसरी पारी में बल्लेबाजी करने उतरी भारतीय टीम को पहला झटका रोहित शर्मा (पांच) के रूप में लगा। उन्हें तस्कीन अहमद ने आउट किया। इसके बाद सातवें ओवर में नाहिद राणा ने यशस्वी जायसवाल (10) को आउट कर दिया। 67 के स्कोर पर भारत को तीसरा झटका विराट कोहली के रूप में लगा। मेहदी हसन मिराज ने विराट को (17) पर पगबाधा आउट किया। विराट और शुभमन के बीच 39 रन की साझेदारी हुई। आज दिन का खेल समाप्त होने तक भारत ने तीन विकेट पर 81 रन बना लिये है और उसकी बढ़त 308 रनों की हो गई है। शुभमन गिल (नाबाद 33) और ऋषभ पंत (नाबाद 12) क्रीज पर है।

बंगलादेश की ओर से तसकीन अहमद, नाहिद राणा और मेहदी हसन मिराज ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। भोजनकाल के बाद बंगलादेश ने तीन विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरू किया। 12वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने कप्तान नजमुल शान्तो (20) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद बुमराह ने मुशफिकुर रहीम (8) को आउट किया। शाकिब अल हसन और लिटन कुमार दास ने कुछ देर बंगलादेश की पारी को संभालने का प्रयास किया। शाकिब अल हसन (32) और लिटन कुमार दास (22) रवीन्द्र जडेजा का शिकार बने। हसन महमूद (9) और तसकीन अहमद (11) को बुमराह ने आउट किया। 48वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने नाहिद राणा (11) को आउट कर बंगलादेश की पारी को 149 के स्कोर पर समेट दिया। भारत ने बंगलादेश को फॉलो ऑन न देते हुए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया है।




भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवीन्द्र जडेजा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया।

सुबह के सत्र में बंगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और हसन महमूद ने भारतीय पारी को 376 स्कोर पर समेट दिया था। और पहले सत्र में भोजनकाल तक बंगलादेश ने 26 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवांकर दिये थे।

आज भारत ने कल के छह विकेट पर 339 रन से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम को स्कोर 347 रन ही पहुंचा था कि तस्कीन अहमद ने रवींद्र जडेजा को विकेट के पीछे लिटन के हाथों कैच आउट कराकर सुबह के सत्र का पहला विकेट झटका। जडेजा (86) अपना शतक पूरा नहीं कर सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आकाश दीप (17) को भी तस्कीन ने शांतो के हाथों कैच आउट कर दिया। 91वें ओवर में तस्कीन ने रविचंद्रन अश्विन (113) को आउट कर भारत की बड़े स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। 10वें विकेट के रूप में बुमराह (7) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें हसन महमूद ने आउट किया। भारतीय पारी 91.2 ओवर में कल के स्कोर में 37 रन जोड़कर 376 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश की ओर से हसन महमूद ने पांच विकेट लिये। तस्कीन अहमद को तीन विकेट मिले। मेहदी हसन मिराज और शाकिब अल हसन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## भारतीय गेंदबाजों ने बंगलादेश को 149 पर किया ढ़ेर

चेन्नई। जसप्रीत बुमराह, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवींद्र जडेजा की चौकड़ी ने शुक्रवार को पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन बंगलादेश की टीम को 149 के स्कोर पर ढ़ेर कर भारत को पहली पारी के आधार पर 227 रनों की बढ़त दिला दी है। बंगलादेश ने भोजनकाल के बाद तीन विकेट पर 26 रन से आगे खेलना शुरू किया। 12वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने कप्तान नजमुल शान्तो (20) को आउटकर भारत को चौथी सफलता दिलाई। इसके बाद बुमराह ने मुशफिकुर रहीम (8) को आउट किया। शाकिब अल हसन और लिटन कुमार दास ने कुछ देर बंगलादेश की पारी को संभालने का प्रयास किया। शाकिब अल हसन (32) और लिटन कुमार दास (22) रवीन्द्र जडेजा का शिकार बने। हसन महमूद (9) और तसकीन अहमद (11) को बुमराह ने आउट किया। 48वें ओवर में मोहम्मद सिराज ने नाहिद राणा (11) को आउट कर बंगलादेश की पारी को 149 के स्कोर पर समेट दिया। भारत ने बंगलादेश को फॉलो ऑन न देते हुए। दूसरी पारी में बल्लेबाजी का फैसला किया है। भारत की ओर जसप्रीत बुमराह ने चार विकेट लिये। मोहम्मद सिराज, आकाश दीप और रवीन्द्र जडेजा ने दो-दो बल्लेबाजों को आउट किया। इससे पहले बंगलादेश के तेज गेंदबाज तस्कीन अहमद और हसन महमूद ने सुबह के सत्र में भारतीय पारी को 376 स्कोर पर समेट दिया था। और पहले सत्र में भोजनकाल तक बंगलादेश ने 26 के स्कोर पर अपने तीन विकेट गवांकर दिये थे। आज भारत ने कल के छह विकेट पर 339 रन से आगे खेलना शुरू किया। अभी टीम को स्कोर 347 रन ही पहुंचा था कि तस्कीन अहमद ने रवींद्र जडेजा को विकेट के पीछे लिटन के हाथों कैच आउट कराकर सुबह के सत्र का पहला विकेट झटका। जडेजा (86) अपना शतक पूरा नहीं कर सके। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये आकाश दीप (17) को भी तस्कीन ने शांतो के हाथों कैच आउट कर दिया। 91वें ओवर में तस्कीन ने रविचंद्रन अश्विन (113) को आउट कर भारत की बड़े स्कोर बनाने की उम्मीद को झटका दिया। 10वें विकेट के रूप में बुमराह (7) रन बनाकर आउट हुये। उन्हें हसन महमूद ने आउट किया। भारतीय पारी 91.2 ओवर में कल के स्कोर में 37 रन जोड़कर 376 के स्कोर पर सिमट गई। बंगलादेश की ओर से हसन महमूद ने पांच विकेट लिये। तस्कीन अहमद को तीन विकेट मिले।

## राजस्थान रॉयल्स ने विक्रम राठौर को बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** आईपीएल टीम राजस्थान रॉयल्स ने भारत के पूर्व बल्लेबाजी कोच विक्रम राठौर को टीम का नया बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया है। इस कदम से राठौर, जो भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज और चयनकर्ता हैं, फ्रेंचाइजी में राहुल द्रविड़ के साथ फिर से जुड़ गए हैं, इससे पहले जून में पुरुषों के टी20 विश्व कप में जीत के साथ राष्ट्रीय टीम में उनका कार्यकाल समाप्त हो गया था।

राठौर ने फ्रेंचाइजी द्वारा जारी एक बयान में कहा, रॉयल्स परिवार का हिस्सा बनना सौभाग्य की बात है। राहुल के साथ फिर से काम करने का अवसर, और अब युवा क्रिकेटरों के एक प्रतिभाशाली समूह के साथ, बेहद रोमांचक है। मैं टीम के विजन में योगदान देने और रॉयल्स और भारत के लिए शीर्ष श्रेणी के खिलाड़ियों को विकसित करने के हमारे लक्ष्य की दिशा में काम करने के लिए उत्सुक हूं, जो चैंपियनशिप जीतने में मदद कर सकते हैं।

राठौर ने 2019 से 2024 तक टीम के बल्लेबाजी कोच बनने से पहले भारत के लिए छह टेस्ट और सात वनडे मैच खेले। उनके कार्यकाल में ऋषभ पंत, शुभमन गिल, श्रेयस अय्यर, यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल जैसे बल्लेबाजों ने राष्ट्रीय टीम में सभी प्रारूपों में प्रमुखता हासिल की।

आरआर के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने कहा, ह्लकई वर्षों तक विक्रम के साथ मिलकर काम करने के बाद, मैं पूरे विश्वास के साथ कह सकता हूं कि उनकी तकनीकी विशेषज्ञता, शांत व्यवहार और भारतीय परिस्थितियों की गहरी समझ उन्हें रॉयल्स के लिए एकदम उपयुक्त बनाती है।

द्रविड़ ने कहा, साथ मिलकर, हमने एक मजबूत तालमेल बनाया है, भारत को महत्वपूर्ण सफलताएं दिलाई हैं, और मैं उनके साथ फिर से जुड़कर रोमांचित हूं।

## हेड के सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी की बदौलत ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड पर आसान जीत दर्ज की

**नॉटिंघम, एजेंसी।** बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज ट्रैविस हेड ने करियर की सर्वश्रेष्ठ 154 रनों की नाबाद पारी खेली और ऑस्ट्रेलिया को ट्रेंट ब्रिज में वनडे सीरीज के पहले मैच में इंग्लैंड पर सात विकेट से आसान जीत दिलाई। एडम जम्पा के 100वें वनडे मैच में मिली जीत, जिसमें उन्होंने तीन विकेट लिए, ने ऑस्ट्रेलिया को पांच मैचों की सीरीज में 1-0 की बढ़त भी दिलाई।



इंग्लैंड द्वारा जीत के लिए 316 रनों के लक्ष्य का पीछा करने के लिए कहा गया, ऑस्ट्रेलिया ने छह ओवर शेष रहते लक्ष्य हासिल कर लिया, जिसमें हेड ने 129 गेंदों पर नाबाद 154 रन बनाए - उनका छठा वनडे शतक - जिसमें 20 चौके और पांच छक्के शामिल थे झ्र जो इंग्लैंड में किसी ऑस्ट्रेलियाई पुरुष खिलाड़ी द्वारा बनाया गया सर्वोच्च व्यक्तिगत स्कोर बन गया।

मार्नस लाबुशेन ने 61 गेंदों पर सात चौकों और दो छक्कों की मदद से नाबाद 77 रन बनाए और नॉटिंघम में चौथे विकेट के लिए हेड के साथ मात्र 107 गेंदों पर 148 रनों की साझेदारी की। ऑस्ट्रेलिया की जीत मैदान पर और मैदान के बाहर कई बाधाओं के बीच आईं। मिशेल स्टार्क, जोश हेजलवुड और ग्लेन मैक्सवेल बीमारी के कारण उपलब्ध नहीं थे, जबकि डेब्यू करने वाले बेन ड्वारशुइस ने केवल चार ओवर गेंदबाजी करने के बाद मैदान में पेक्टोरल मांसपेशियों में खिंचाव महसूस किया और 1-18 का आंकड़ा हासिल किया।

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज बेन डकेट ने अपने शानदार स्ट्रोक्स के जरिए बल्ले से शानदार प्रदर्शन किया, लेकिन मार्नस लाबुशेन ने उन्हें 95 (91) रन पर कैच एंड बोल्ड कर दिया। लाबुशेन ने छह ओवर में 3/39 विकेट लिए , जो उनका सर्वश्रेष्ठ वनडे प्रदर्शन है, क्योंकि उन्होंने पारी के अंत में स्टैंड-इन इंग्लिश कप्तान हैरी ब्रूक (31 गेंदों पर 39 रन) और जोफ्रा आर्चर (4) को आउट किया। विल जैक्स के 62 (56) और डेब्यू करने वाले जैकब बेथेल के 35 (34) ने ऑस्ट्रेलिया को एक कठिन लक्ष्य निर्धारित करने में भूमिका निभाई।

लक्ष्य का पीछा करते हुए, हेड ने स्टीव स्मिथ के साथ 76 और कैमरून ग्रीन के साथ 73 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी की, इसके बाद लाबुशेन के साथ उनकी मैच जिताऊ साझेदारी ने ऑस्ट्रेलिया को आसान जीत दिलाई।

**संक्षिप्त स्कोरः** इंग्लैंड 49.4 ओवर में 315 रन पर ऑल आउट (बेन डकेट 95, विल जैक्स 62; मार्नस लाबुशेन 3-39, एडम जम्पा 3-49) ऑस्ट्रेलिया 44 ओवर में 317/3 (ट्रैविस हेड 154 नाबाद, मार्नस लाबुशेन 77 नाबाद; जैकब बेथेल 1-20) से सात विकेट से हार गया।

## उस समय बल्लेबाजी कैसे करनी है, इस पर विचार कर रहा था : जायसवाल

**चेन्नई, एजेंसी।** रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच नाबाद 195 रनों की साझेदारी ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट के पहले दिन भारत को 144/6 से 339/6 तक पहुंचाया, इससे पहले, यशस्वी जायसवाल के 56 रनों ने मेजबान टीम को शुरूआती झटकों से उबारने में अहम भूमिका निभाई।

चेपक की पिच शुरू में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल होने के कारण, बाएं हाथ के सलामी बल्लेबाज जायसवाल ने कहा कि वह उस समय बल्लेबाजी कैसे करनी है, इस पर विचार कर रहे थे। जायसवाल ने दूसरे दिन के खेल से पहले प्रसारकों के साथ



बातचीत में कहा, मैं यह नहीं कहूंगा कि यह इतना मुश्किल था। मैं बस यह सोच रहा था कि उस समय विकेट पर कैसे बल्लेबाजी करनी है। मैं विकेट पर बल्लेबाजी का आनंद लेने की कोशिश कर रहा था। जिस तरह से मैं गेंद को छोड़ रहा था, वह मेरे लिए काफी अच्छा था, और मैं वास्तव में इसका आनंद ले रहा था,

पहले दिन, आमतौर पर आक्रामक रहने वाले जायसवाल ने अपनी बल्लेबाजी का एक और पहलू दिखाया - खेल को पूरी तरह से जीना। मैं बस यह सोच रहा था कि अगर मुझे मौका मिले तो मैं कहां स्कोर कर सकता हूं और मैं बस इसके लिए जा रहा था। यह सब मेरी मानसिकता पर निर्भर करता है, मैं कैसे खेलना चाहता हूं और मेरी टीम को क्या चाहिए। मैं हमेशा सोचता हूं कि मेरी टीम के लिए क्या अधिक महत्वपूर्ण है। मैं उस लक्ष्य के बारे में सोचता हूं और जो मैं कर सकता हूं उसे निष्पादित करने का प्रयास करता हूं।

## डेविस कप: इटली का सामना फाइनल आठ के पहले मैच में अर्जेंटीना से

**लंदन, एजेंसी।** मौजूदा डेविस कप चैंपियन इटली नवंबर में मलागा में फाइनल 8 नॉकआउट चरण के पहले मैच में अर्जेंटीना से भिड़ने के लिए तैयार है, जबकि संयुक्त राज्य अमेरिका ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एक धमाकेदार मुकाबले के लिए तैयार है। शीर्ष आठ देशों ने ग्रुप फाइनल से क्वालीफाई किया है और वे 19 से 24 नवंबर तक स्पेन के तटीय शहर मलागा में पलासियो डी डेपोर्टेस जोस मारिया मार्टिन कापेर्ना में मुकाबला करेंगे।

विश्व नंबर एक जैनिक सिनर के बिना अपने तीनों ग्रुप फाइनल मुकाबलों में विजयी रही इतालवी टीम नॉकआउट चरणों के लिए



अपनी टीम को मजबूत करने की कोशिश करेगी। सिनर, जो ग्रुप चरण से चूक गए थे, अर्जेंटीना के खिलाफ इटली के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वापसी कर सकते हैं, जो पहले से ही प्रतिभा से भरी टीम में जोश भर देंगे।

अर्जेंटीना ने ग्रेट ब्रिटेन और कनाडा जैसे दिग्गजों वाले कठिन ग्रुप को पार करके अंतिम आठ में अपना स्थान सुरक्षित किया। दक्षिण अमेरिकी राष्ट्र के पास गत चैंपियन को चुनौती देने के लिए तैयार होने के लिए बहुत सारे विकल्प होंगे, जिसमें दो एकल मैच और एक युगल निर्णायक मैच होगा जो प्रत्येक मुकाबले का परिणाम निर्धारित करेगा। इस बीच, डेविस कप इतिहास में 32 खिताबों के साथ सबसे सफल टीम, संयुक्त राज्य अमेरिका, 28 खिताबों के साथ दूसरे सबसे सफल देश ऑस्ट्रेलिया से भिड़ने के लिए तैयार है। ग्रुप फाइनल के दौरान दोनों टीमों के प्रमुख खिलाड़ी गायब थे, लेकिन मलागा में दांव एक मजबूत अमेरिकी लाइनअप को एक दुर्जेय ऑस्ट्रेलियाई पक्ष के साथ आमने-सामने देख सकता है।

## चेन्नई टेस्ट : बांग्लादेश के खिलाफ भारत की पहली पारी में बने ये दिलचस्प रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच जैसा की एक रोचक टेस्ट सीरीज होने की उम्मीद थी, शुरूआत भी वैसी ही हुई है। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम पर भारतीय टीम ने पहले टेस्ट की शुरूआत पहली पारी में 376 रन बनाकर की है। एक समय भारत का स्कोर 3 विकेट के नुकसान पर 34 रन था। बांग्लादेश ने भारत के 6 विकेट भी 144 रनों पर गिरा दिए थे। लेकिन इसके बाद रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा के बीच शानदार साझेदारी ने न केवल भारत को उभारा बल्कि 376 के सम्मानजनक स्कोर तक भी पहुंचाया।

यह भारत के क्रिकेट इतिहास में केवल दूसरी बार हुआ है जब 150 से कम स्कोर पर 6 विकेट गिरे हों और टीम के पुच्छले बल्लेबाजों ने 232 रन जोड़ दिए हों। 1971 में भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ ब्रिजटाउन में 70 रन के स्कोर पर 6 विकेट गिरने के बाद 347 रन बनाए थे।




इसमें निचले क्रम के बल्लेबाजों ने 277 रनों का योगदान दिया था।

इस मैच में बांग्लादेश के दाएं हाथ के तेज गेंदबाज हसन महमूद ने 83 रन देकर 5 विकेट लिए। वह भारत के खिलाफ टेस्ट मैचों में ऐसा करने वाले सिर्फ पांचवें बांग्लादेश गेंदबाज हैं। इससे पहले बांग्लादेश के नैमुर रहमान (6/132), शाकिब अल हसन (5/62), मेहदी हसन मिराज (5/63) और शहादत हुसैन (5/71) ऐसा कर चुके हैं। खास बात यह है कि इन सभी गेंदबाजों ने यह प्रदर्शन बांग्लादेश में ही किया था। इससे पहले, भारत में एक बांग्लादेशी गेंदबाज द्वारा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन अबू जायेद का 2019 में इंदौर में (4/108) था।

यह हसन का सिर्फ चौथा टेस्ट मैच है और वह दो बार एक पारी में पांच विकेट ले चुके हैं। बांग्लादेश के लिए शहादत हुसैन ने सर्वाधिक चार बार ऐसा किया है, लेकिन इसके लिए उनको 38 टेस्ट मैच खेलने पड़े थे। खास बात यह भी है हसन महमूद साल 2000 के बाद से भारत में पहले ही टेस्ट दिन पर चार विकेट लेने वाले मात्र दूसरे पेसर हैं। इससे पहले डेल स्टेन ने साल 2008 में अहमदाबाद में पहले ही दिन 23 रन देकर 5 विकेट लिए थे।

रविचंद्रन अश्विन और रवींद्र जडेजा की जोड़ी ने इस पारी में 199 रनों की साझेदारी की जो भारत के लिए बांग्लादेश के खिलाफ की गई पांचवीं सबसे बड़ी साझेदारी है। लेकिन यह भारत की बांग्लादेश के खिलाफ टेस्ट मैचों में 7वें या उससे निचले विकेट के लिए अब तक की सबसे बड़ी साझेदारी है। इसने 2004 में ढाका में सचिन तेंदुलकर और जहीर खान के बीच 10वें विकेट के लिए हुई 133 रनों की साझेदारी को पीछे छोड़ दिया है। भारत और बांग्लादेश के बीच टेस्ट मैचों में सर्वाधिक रन साझेदारी में बनाने की बात करें तो शिखर धवन और मुरली विजय ने मिलकर 283 रन बनाए। ये मैच 2015 में हुआ था।

चेन्नई रविचंद्रन अश्विन का होम ग्राउंड है और वह यहां एक बार फिर भारत के टॉप परफॉर्मर साबित हुए हैं। अश्विन ने इस बार शानदार शतक लगाकर टीम को संकट से बचाया। चेन्नई में अश्विन अब तक दो टेस्ट शतक लगाने के अलावा पांच बार एक पारी में 5 या उससे ज्यादा विकेट लेने का कारनामा कर चुके हैं।

टेस्ट में एक ही मैदान पर कई बार 5 विकेट और कई बार 100 रन बनाने वाले खिलाड़ियों में अश्विन ने बड़े दिग्गजों को पीछे छोड़ दिया है। उनके अलावा, टॉप ऑलराउंडरों में गारफील्ड सोबर्स ने हेडिंग्ले (दो शतक, दो बार 5 विकेट), कपिल देव ने चेन्नई (दो शतक, दो बार 5 विकेट) और क्रिस केर्न्स ने ऑकलैंड (दो शतक, दो बार 5 विकेट) में शानदार प्रदर्शन किए हैं।

## एक नजर

### लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियन बना सरे

**लंदन, एजेंसी।** सरे अपने करीबी प्रतिद्वंदी समरसेट की हार के बाद इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप क्रिकेट में लगातार तीसरा खिताब जीतने में सफल रहा। यह 1968 के बाद पहला अवसर है जब किसी टीम ने लगातार तीसरी बार काउंटी चैंपियनशिप जीती। समरसेट की टीम लंकाशर से 168 रन से हार गई थी जिससे सरे ने चैंपियनशिप के एक दौर पहले ही खिताब अपने नाम कर दिया। वह 23वीं बार काउंटी चैंपियन बना है जो यार्कशर के रिकॉर्ड 33 खिताब से 10 कम है। इससे पहले यार्कशर लगातार तीन काउंटी चैंपियनशिप जीतने वाली आखिरी टीम थी। उसने 1966 से लेकर 1968 तक यह कारनामा किया था। लंदन के ओवल में अपने घरेलू मैच खेलने वाले सरे ने गुरुवार को डरहम को 10 विकेट से हराया था। सरे की टीम में इंग्लैंड के टेस्ट खिलाड़ी ओली पोप, गस एटकिंसन, जेमी स्मिथ और डैन लॉरेंस तथा वेस्टइंडीज के केमर रोच शामिल हैं।

### मालविका बंसोड़ क्वार्टर फाइनल में अकाने यामागुची से हारी

**चांगझोउ, एजेंसी।** भारत की उभरती बैडमिंटन स्टार मालविका बंसोड़ का बीडब्ल्यूएफ चाइना ओपन में शानदार प्रदर्शन शुक्रवार को खत्म हो गया, क्योंकि वह क्वार्टर फाइनल में दुनिया की 8वें नंबर की खिलाड़ी जापान की अकाने यामागुची से हार गईं। यामागुची ने बंसोड़ को केवल 35 मिनट में 21-10, 21-16 से हराकर सीधे गेम में जीत हासिल की। हार के बावजूद, 22 वर्षीय बंसोड़ ने प्रतिष्ठित सुपर 1000 टूनामेंट में शानदार प्रदर्शन किया। विश्व में 43वें स्थान पर काबिज, वह दिग्गज पीवी सिंधु और साइना नेहवाल के नक्शेकदम पर चलते हुए सुपर 1000 क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली केवल तीसरी भारतीय महिला बन गईं। बंसोड़ ने स्कॉटलैंड की क्रिस्टी गिलमोर पर तीन गेमों के रोमांचक मुकाबले में 21-17, 19-21, 21-16 से जीत दर्ज कर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की कर ली। इससे पहले टूनामेंट में उन्होंने पेरिस ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता इंडोनेशिया की ग्रेगोरिया मारिस्का टुनजुंग को हराया था।

### भारत को 2047 तक खेलों में शीर्ष पांच देशों में लाने का लक्ष्य: मांडविया

**हैदराबाद, एजेंसी।** केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने शुक्रवार को कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत के विजन' के अंतर्गत देश का लक्ष्य खेलों की दुनिया के शीर्ष पांच देशों में शामिल होना है। उन्होंने कान्हा शांति वनम में 'राइजिंग विद काइंडनेस' पर अंतरराष्ट्रीय युवा संगोष्ठी के उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना है। उन्होंने कहा,देश के विकास के लिए अगले 25 वर्षों के 'विजन' के लिए हमने खेलों के लिए भी एक 'विजन' बनाया है कि भारत का लक्ष्य 2036 ओलंपिक की मेजबानी करना है। खेल मंत्री ने कहा कि जब भारत 2047 तक विकसित देश बन जाएगा तो हमारा लक्ष्य खेल में देश को दुनिया के शीर्ष पांच में शामिल करना है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि उन्होंने खेलो इंडिया समेत एक 'इकोसिस्टम' बनाया है, स्टेडियम बनाए हैं, टॉप्स जैसी योजनाएं और कीर्ति (खेलो इंडिया राइजिंग टैलेंट आइडेंटिफिकेशन) जैसी परियोजनाएं बनाई हैं जिसमें प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की स्कूल स्तर पर ही पहचान की जाती है और उन्हें ट्रेनिंग दी जाती है और साथ ही केंद्र सरकार उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खेलने के लिए उनके खर्च वहन कर रही है। मांडविया ने कहा कि इस साल का बजट शत प्रतिशत युवाओं पर केंद्रित है जिसमें दो लाख करोड़ रुपये का वित्तीय परिव्यय है।

### धनुष ने जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

**लियोन (स्पेन), एजेंसी।** भारतीय भारोत्तोलक लोगानाथन धनुष ने शुक्रवार को यहां आईडब्ल्यूएफ जूनियर विश्व भारोत्तोलन चैम्पियनशिप के 55 किग्रा वजन वर्ग में कांस्य पदक जीता। यह जूनियर भारोत्तोलन विश्व चैम्पियनशिप में किसी भारतीय पुरुष एथलीट का पहला पदक है। इस 17 वर्षीय भारोत्तोलक ने कुल 231 किग्रा का वजन उठाया और स्नैच स्पर्धा में 107 किग्रा का वजन उठाकर कांस्य पदक जीता। धनुष ने ग्रुप बी में हिस्सा लिया। ज्यादा वजन उठाने वाले भारोत्तोलकों को ग्रुप ए में रखा जाता है। इसके बाद ग्रुप बी और अन्य ग्रुप होते हैं। वह क्लीन एवं जर्क वर्ग में 124 किग्रा के सर्वश्रेष्ठ प्रयास से 13वें स्थान पर रहे। ग्रुप ए सत्र के खत्म होने तक धनुष बैठे रहे। उन्होंने आईडब्ल्यूएफ से कहा, जैसे जैसे स्पर्धा आगे बढ़ रही थी, मैं और नर्वस हो गया था। लेकिन मैंने पदक जीतने के बारे में कभी नहीं सोचा था। वियतनाम के के डुओंग ने 253 किग्रा से स्वर्ण जबकि जापान के तोमारी कोटारो ने 247 किग्रा से रजत पदक जीता। महिलाओं की स्पर्धा में पायल 45 किग्रा वजन वर्ग में कुल 150 किग्रा के वजन से छठे स्थान पर रही। इस टूनामेंट में नौ भारतीय भारोत्तोलक हिस्सा ले रहे हैं।

### कोपा लिबटाडीरेस: पेनारोल ने फ्लामेंगो को हराकर सेमीफाइनल की ओर कदम बढ़ाया

**रियो डी जेनेरियो, एजेंसी।** उरुग्वे के पेनारोल ने गुरुवार को ब्राजील के दिग्गज क्लब फ्लामेंगो पर 1-0 की जीत के साथ कोपा लिबटाडोरेस के सेमीफाइनल में जगह बनाने की ओर एक कदम बढ़ा दिया। विंगर जेवियर कैबरेरा ने 13वें मिनट में मैक्समिलियानो सिल्वेरा के वन-टच पास को 12-यार्ड वॉली से गोल में बदलकर अपनी टीम को बढ़त दिलाई, जो बाएं पोस्ट से नेट में रिबाउंड हुई।

फ्लामेंगो ने गेंद पर कब्जा जमाया और अपने विरोधियों की तुलना में तीन गुना से ज्यादा पास पूरे किए, लेकिन उन्हें बेकार फिनिशिंग की कीमत चुकानी पड़ी। रियो डी जेनेरियो की टीम ने गोल पर 20 शॉट लगाए, जिनमें से छह को गोलकीपर वाशिंगटन एगुएरे ने बचा लिया।

पेनारोल के मैनेजर डिएगो एगुइरे ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, हमने एक ऐसी टीम के साथ शानदार माहौल बनाया है जो बहुत मेहनत करती है और जीतने की इच्छा रखती है। मैं अपने खिलाड़ियों से इससे अधिक की उम्मीद नहीं कर सकता क्योंकि वे अपना सब कुछ देते हैं। यह परिणाम उनकी कड़ी मेहनत का नतीजा है। क्वार्टरफाइनल मैच का निर्णायक दूसरा चरण अगले गुरुवार को मोंटेवीडियो के एस्टाडियो कैंपियन डेल सिग्लो में खेला जाएगा।

### चहल के लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट से नॉर्थम्पटनशर की शानदार जीत

**नॉर्थम्पटन (इंग्लैंड), एजेंसी।** भारतीय लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल ने लगातार दूसरे मैच में पांच विकेट चटकाए जिससे नॉर्थम्पटनशर ने इंग्लिश काउंटी चैंपियनशिप में लीसेस्टरशर पर नौ विकेट से जीत दर्ज की। पहली पारी में 82 रन पर चार विकेट लेने वाले चहल ने दूसरी पारी में 134 रन पर पांच विकेट लिये। प्रथम श्रेणी क्रिकेट में उन्होंने नौवीं बार पांच विकेट लिये।नॉर्थम्पटनशर ने गुरुवार को यहां काउंटी मैच में लीसेस्टरशर की दूसरी पारी को 316 रन पर समेट दिया।

नॉर्थम्पटनशर को इसके बाद जीत के लिए 137 रन की जरूरत थी और टीम ने 30.3 ओवर में एक विकेट के नुकसान पर इसे हासिल कर लिया। कप्तान ल्यूक प्रॉक्टर (नाबाद 68) और जॉर्ज बार्टलेट (नाबाद 54) को लक्ष्य का पीछा करने में कोई परेशानी नहीं हुई। चहल ने इस दौरान लीसेस्टरशर के कप्तान लुईस हिल (14), लियाम ट्रेवास्किस (2), स्कॉट करी (120) जैसे अहम बल्लेबाजों को पवेलियन की राह दिखायी।

# ऐश्वर्या राय को मिला बेस्ट एक्ट्रेस का अवॉर्ड



## बेटी आराध्या बनीं मां का सपोर्ट सिस्टम



दुबई में SIIMA 2024 का आयोजन किया गया है। पोन्नियिन सेलवन् II में अपनी शानदार भूमिका के लिए ऐश्वर्या राय ने SIIMA 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का क्रिटिक्स अवॉर्ड अपने नाम किया। अभिनेत्री ने मणिरत्नम की फिल्म में नंदिनी के रूप में अपने अपने अभिनय से लाखों दिलों को जीता था और अब उसी के लिए उन्हें ये सम्मान मिला है। इस इवेंट में ऐश्वर्या राय के साथ उनकी बेटी आराध्या बचन भी नजर आईं। उनका अंदाज भी कमाल का दिखा। अवार्ड मिलने के बाद ही ऐश्वर्या राय ने एक विनिंग स्पीच भी दी जो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रही है। ये स्पीच लोगों के दिलों को छू रही है। सामने आई कई झलकियों में आराध्या अपनी मां की तस्वीरें क्लिक करती नजर आईं। वो अपनी मम्मी के विनिंग मोमेंट को और स्पेशल बनाती



दिखीं। आराध्या, ऐश्वर्या को अवॉर्ड मिलने पर काफी एक्साइटेड थी। उन्होंने मम्मी के अवॉर्ड लेने से लेकर स्पीच देने के मोमेंट को फोन में रिकॉर्ड किया। इसके अलावा दोनों माँ-बेटी अभिनेता चियान विक्रम से भी मिलती नजर आईं। ऐश्वर्या और विक्रम को पोन्नियिन सेलवन I और II में एक साथ देखा गया था। अबू धाबी के यास आइलैंड में हो रहे इवेंट में माँ और बेटी की जोड़ी शिमरी आउटफिट में नजर आई। ऐश्वर्या ने ब्लैक और गोल्ड गाउन कैरी किया था, वहीं आराध्या सिल्वर और ब्लैक शिमरी आउटफिट में दिखीं। ऐश्वर्या ने कार्यक्रम स्थल के बाहर इकट्ठा हुए अपने प्रशंसकों के साथ सेल्फी भी ली।ऐश्वर्या को मंच पर फिल्म निर्माता कबीर खान ने पुरस्कार दिया। इसके बाद एक्ट्रेस ने कहा, मुझे पुरस्कार से सम्मानित करने के लिए SIIMA का बहुत-बहुत धन्यवाद। यह मेरे लिए बहुत मायने रखता है क्योंकि यह फिल्म मेरे दिल के बहुत करीब थी, पोन्नियिन सेलवन जिसे मेरे गुरु मणिरत्नम ने निर्देशित किया था।





# अदिति और सिद्धार्थ ने साउथ इंडियन ट्रेडिशन में रचाई शादी

**बॉलीवुज की जानी मानी एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और एक्टर सिद्धार्थ ने साउथ इंडियन ट्रेडिशन को फॉलो कर एक-दूजे के हो गए हैं। शादी के इस पवित्र बंधन में बंधने के लिए जोड़े ने कोई तामझाम नहीं किया है। सिंपल और खूबसूरत अंदाज में एक्टर ने मंदिर में शादी की है।**

साउथ एक्टर सिद्धार्थ और अदिति राव हैदरी ने बेहद सिपल तरीके से शादी कर ली है। अभिनेत्री ने इंस्टाग्राम पोस्ट कर अपने फैंस को खुशखबरी दी है। पिछले कई सालों से एक दूसरे को डेट कर रहे जोड़े ने मंदिर में शादी रचाई है और इसकी खूबसूरत फोटोज भी उन्होंने सोशल मीडिया पर शेयर की है। साउथ इंडियन स्टाइल साड़ी में दुल्हनिया अदिति बेहद जच रही हैं। वहीं, सिद्धार्थ ने भी साउथ लुक कैरी किया है। दोनों ने बेहद ही सिंपल तरीके से शादी की रस्में की है। शादी की तस्वीरें देखने के लिए पढ़ें ये पूरा लेख। अदिति राव की ब्राइड एंट्री की तस्वीरें भी सामने आ गई हैं। अभिनेत्री ने बेहद सिंपल और खूबसूरत अंदाज में एंट्री ली है। सफेद फूलों की चांदनी में शर्माती हुई एक्ट्रेस को देख फैंस जमकर तारीफें कर रहे हैं। बॉलीवुज की जानी मानी एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी और एक्टर सिद्धार्थ ने साउथ इंडियन ट्रेडिशन को फॉलो कर एक-दूजे के हो गए हैं। शादी के इस पवित्र बंधन में बंधने के लिए जोड़े ने कोई तामझाम नहीं किया है। सिंपल और खूबसूरत अंदाज में एक्टर ने मंदिर में शादी की है। शादी की अपने इंस्टाग्राम पोस्टो के जरिए अदिति ने तस्वीरें साझा की है।

### सिद्धार्थ और अदिति की लव स्टोरी

सिद्धार्थ और अदिति ने एक साथ 2021 की तमिल-तेलुगु फिल्म महासमुद्रम में काम किया था तभी दोनों के बीच नजदीकियां बढ़ीं। सिद्धार्थ ने बॉलीवुड की फेमस फिल्मों जैसे रंग दे बसंती और चश्मेबद्दूर में काम किया है। वहीं, अदिति राव हैदरी साउथ के अलावा हिंदी फिल्मों की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने पद्मावत, बॉस, मर्डर-3 और रॉकस्टार जैसी फिल्मों में काम किया है।

# मदालसा ने अनुपमा को कहा अलविदा



मशहूर टीवी शो अनुपमा इन दिनों अपने कलाकारों के कारण जबरदस्त चर्चा में बना हुआ है। सुधांशु पांडे के शो छोड़ने के बाद राजन शाही का ये शो काफी विवादों में रहा है। इसी बीच अनुपमा के मेकर्स को तगड़ा झटका लगा है। सुधांशु पांडे के बाद काव्या का किरदार निभाने वाली मदालसा शर्मा ने चार साल बाद इस सीरियल को अलविदा कह दिया है। अभिनेत्री ने कहा कि जब वह 2020 में शो में शामिल हुईं तो उन्हें लीड किरदार अनुपमा (रूपाली गांगुली द्वारा अभिनीत) और वनराज (सुधांशु पांडे) के साथ काम करने का मौका मिला था। टीवी एक्ट्रेस मदालसा शर्मा का कहना है कि शो में उनके किरदार के लिए अब कुछ खास बचा नहीं है। मदालसा ने साझा किया कि उनका किरदार काव्या, अनुपमा के जीवन में उथल-पुथल मचाने के लिए बना था, जिसने कहानी में सभी की लाइफ बदल दीं। उन्होंने कहा, काव्या को एक स्वतंत्र और मजबूत महिला के रूप में दिखाया गया था, जिसने एक शादीशुदा आदमी से प्यार करने और उसके साथ रहने की हिम्मत दिखाई थी। मेरे किरदार में जबरदस्त विकास हुआ, लेकिन पिछले एक साल में मुझे लगा कि कहानी वनराज, काव्या और अनुपमा से आगे बढ़ गई है। मदालसा शर्मा ने अनुपमा शो को छोड़ने की वजह का भी खुलासा किया है।अनुपमा शो को छोड़ने की वजह का खुलासा करते हुए मदालसा शर्मा ने बताया कि उनके किरदार में यादा मसाला या चमक नहीं बची थी, लेकिन अगर काव्या ने पहले जैसा ग्रे किरदार निभाना जारी रखा होता तो वह शो का हिस्सा बनी रहतीं। मदालसा ने आगे कहा, पिछले कुछ महीनों से, क्रिएटिव टीम मेरे किरदार के साथ कुछ अलग करने की कोशिश कर रही थी, लेकिन कुछ भी काम नहीं आया। इसलिए, (निर्माता) राजन शाही सर और मैंने आपसी सहमति से फैसला किया कि मेरे लिए आगे बढ़ना ही सबसे अछा है। मिथुन चक्रवर्ती के बेटे मिमोह की पत्नी मदालसा ने कहा कि उनकी मां, पति और ससुर का मानना था कि अगर वह अन्य काम करना चाहती हैं और आगे बढ़ना चाहती हैं तो उन्हें आगे बढ़ जाना चाहिए। उन्होंने कहा, जब मेरे किरदार को सराहा और पसंद किया जा रहा था तब मैं शो छोड़ना चाहती थी।

# दुल्हन बनकर रैंप पर उतरीं हिना



टीवी की खूबसूरत एक्ट्रेस हिना खान इन दिनों मुश्किल दिनों का सामना कर रही हैं। हिना खान कैंसर से जंग लड़ रही हैं, लेकिन वह इस मुश्किल समय को हंसते हंसते निकाल रही हैं। हिना लगातार सोशल मीडिया पर अपना हेल्थ अपडेट दे रही हैं। इतना ही नहीं, वह कीमोथेरेपी के दौरान शरीर में हो रही परेशानी का भी खुलासा सोशल मीडिया के जरिए करती नजर आ रही हैं। इन सबके बीच, हिना खान लगातार काम भी कर रही हैं। हाल ही में हिना ने अपना ब्राइडल लुक शेयर करके फैंस को खुश कर दिया है। आइए आपको फोटोज दिखाते हैं। हिना खान हाल ही में एक फैशन वीक में शामिल हुईं। इस दौरान हिना खान लाल जोड़े में दुल्हन बनकर रैंप पर उतरीं। एक्ट्रेस लाल लहंगे में काफी सुंदर लगीं।हिना खान ने लाल जोड़े में रैंप पर उतरकर बिजलियां गिरा दीं। इस फोटो में देखा जा सकता है कि हिना को रैंप पर स्वागत करने के लिए कितने सारे लोग खड़े हैं। हिना खान इस तस्वीर में रैंप पर एंट्री लेती हुई नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस ने लाल रंग का भारी भरकम लहंगा पहना है, जिसमें वह काफी अदाओं के साथ चल रही हैं। हिना खान इन फोटोज में अपना सब दुख भूलकर सिर्फ काम पर ध्यान दे रही हैं। इस फोटो में हिना सामने बैठे सभी गेस्ट के लिए अपना प्यार जाहिर कर रही हैं।

